राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-11
लखनऊ, गुरुवार 24 अगस्त, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मदरसों के पुराने घोटालों की शुरू हुई जांच 02

अमृत वाटिकाओं की हो नियमित देखभाल : केशव 03

# चंद्रयान-3 की लैंडिंग से भारत ने रचा इतिहास

## चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बना भारत, पूरे देश में जश्न का माहौल

▸ चंद्रमा की सतह पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने वाला दुनिया का चौथा देश भी बना

एजेंसी

**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल (एलएम) के चंद्रमा की सतह पर उतरते ही भारत ने पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह के अज्ञात दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बनकर इतिहास रच दिया है। हम आपको बता दें कि देशभर में चल रहे प्रार्थनाओं के दौर और दुनिया भर की नजरें भारत की ओर लगी होने के बीच लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के निकट सॉफ्ट लैंडिंग की। इसी के साथ भारत अमेरिका, चीन और पूर्व सोवियत संघ के बाद चंद्रमा की सतह पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने वाला दुनिया का चौथा देश भी बन गया है। हम आपको बता दें कि चंद्र सतह पर अमेरिका, पूर्व सोवियत संघ और चीन 'सॉफ्ट लैंडिंग' कर चुके हैं लेकिन उनकी 'सॉफ्ट लैंडिंग' चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर नहीं हुई थी। हम आपको यह भी बता दें कि चंद्रयान-3 चंद्रयान-2 के बाद का मिशन है और इसका उद्देश्य चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित एवं सॉफ्ट-लैंडिंग को दिखाना, चंद्रमा पर विचरण करना और यथास्थान वैज्ञानिक प्रयोग करना है।

हम आपको याद दिला दें कि भारत ने 14 जुलाई को 'लॉन्च व्हीकल मार्क-3' (एलवीएम3) रॉकेट के जरिए 600 करोड़ रुपए की लागत वाले अपने तीसरे चंद्र मिशन- 'चंद्रयान-3' का प्रक्षेपण किया था। इस अभियान के तहत यान ने 41 दिनों की अपनी यात्रा में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' कर अभियान को सफल किया। हम आपको यह भी बता दें कि जहां एक ओर भारत का अभियान सफल रहा वहीं चंद्रयान-3 की निर्धारित 'सॉफ्ट लैंडिंग' से कुछ ही दिन पहले चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने की दौड़ में रूस उस वक्त पीछे छूट गया था, जब उसका रोबोट लैंडर चंद्रमा की सतह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। रूसी लैंडर लूना-25 अनियंत्रित कक्षा में जाने के बाद चंद्रमा पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

हम आपको यह भी बता दें कि सॉफ्ट-लैंडिंग की महत्वपूर्ण प्रक्रिया को इसरो अधिकारियों सहित कई लोगों ने "17 मिनट का खौफ" करार दिया था। लैंडिंग की पूरी प्रक्रिया स्वायत्त थी, जिसके तहत लैंडर को अपने इंजन को सही समय और उचित ऊंचाई पर चालू करना होता है, उसे सही मात्रा में ईंधन का उपयोग करना होता है और अंतत: नीचे उतरने से पहले यह पता लगाना होता है कि किसी प्रकार की बाधा या पहाड़ी क्षेत्र या गड्ढा नहीं हो। बहरहाल, चंद्रयान-3 की कामयाबी के बाद इसरो के मुख्यालय सहित देशभर में जश्न का माहौल दिखाई दे रहा है। लोग तरह-तरह से देश की इस बड़ी कामयाबी का जश्न मना रहे हैं।

हम आपको यह भी बता दें कि चंद्रयान-3 ने 14 जुलाई को प्रक्षेपण के बाद पांच अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया था। प्रणोदन और लैंडर मॉड्यूल को अलग करने की कवायद से पहले इसे छह, नौ, 14 और 16 अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में नीचे लाने की कवायद की गई, ताकि यह चंद्रमा की सतह के नजदीक आ सके। अब 23 अगस्त को चांद पर इसकी 'सॉफ्ट लैंडिंग' करायी गयी। अब चंद्रयान-3 की लैंडिंग के बाद इसरो की चंद्रमा पर एक रोवर तैनात करने और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव का अध्ययन करने की योजना है।



### भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 2025 तक 13 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद



देखा जाये तो चंद्रयान-3 अभियान का सफल होना राष्ट्र के लिए गौरव की बात तो है ही साथ ही अब देश को कई आर्थिक लाभ मिलने का रास्ता भी साफ हो गया है। चंद्रमा पर सफल लैंडिंग ने भारत की तकनीकी क्षमता को पूरी दुनिया के सामने बयां कर दिया है इसलिए चंद्रयान-3 की सफलता का भारत की अर्थव्यवस्था पर काफी सकारात्मक असर पड़ सकता है। दरअसल, उपग्रह से मिलने वाली तस्वीरों और नौवहन के वैश्विक आंकड़ों की बढ़ती मांग संबंधी रिपोर्टें दर्शाती हैं कि दुनिया पहले ही अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था की तेजी से वृद्धि के दौर से गुजर रही है। माना जा रहा है कि भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 2025 तक 13 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

### भारत अब चांद पर है : इसरो चीफ



चंद्रमा के दक्षिणी भाग पर सफलता से सॉफ्ट लैंडिग करने के बाद इसरो के चीफ ने भी खुशी जताई। एस सोमनाथ ने संबोधन में कहा कि भारत अब चांद पर है। सोमनाथ ने सभी लोगों को इस मिशन को सपोर्ट देने के लिए शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि हमने विफतलाओं से काफी कुछ सीखा। हम चंद्रयान-3 के लिए आने वाले 14 दिनों को देखेंगे।

### चंद्रयान की सफलता भारत के लिए गर्व का क्षण



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि चंद्रयान-3 की 'सॉफ्ट लैंडिंग' एक महत्वपूर्ण अवसर, एक ऐसी घटना जो जीवनकाल में एक बार होती है।

### सफल चंद्रमिशन प्रतिबद्धता का प्रतीक



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ में चंद्रयान-3 की सफलता के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह भारतीय प्रतिभा और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### अंतिम पलों के साक्षी बने पीएम मोदी, दी बधाई



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को भारत के चन्द्रयान-3 के चांद के दक्षिणी छोर पर सफलतापूर्वक उतरने के अभियान के अंतिम पलों के साक्षी बने। दक्षिण अफ्रीका में मौजूद प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सफल अभियान के लिए इसरो और देश के वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दीं।

### यह उपलब्धि भारतीय प्रतिभा की शक्ति का प्रमाण



केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं इसरो को हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। इस मिशन को सफल बनाने के लिए हमारे वैज्ञानिकों का धन्यवाद। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारतीय प्रतिभा की शक्ति का प्रमाण है।

### 140 करोड़ लोगों के साथ चांद पर उतरा चंद्रयान-3



चांद पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी खुशी जाहिर की। उन्होंने ट्वीट कर लिखा- यह सफलता समूची पृथ्वी, संपूर्ण मानवता और नए आत्मनिर्भर भारत की सामर्थ्य को समर्पित है।

### चांद मुबारक। अभी और आगे जाएगा भारत



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इसरो को बधाई देते हुए कहा- चांद मुबारक। अभी और आगे जाएगा भारत।

### वैज्ञानिकों की मेहनत का परिणाम है यह सफलता



राहुल गांधी ने कहा, आज की अग्रणी उपलब्धि के लिए टीम इसरो को बधाई। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग हमारे वैज्ञानिक समुदाय की दशकों की जबरदस्त प्रतिभा और कड़ी मेहनत का परिणाम है। 1962 के बाद से, भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सचिन मतदाताओं को करेंगे जागरूक

**नयी दिल्ली।** मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने मतदाताओं को जागरूक और शिक्षित बनाने के लिये बुधवार को चुनाव आयोग के नेशनल आइकन के रूप में एक नयी पारी की शुरुआत की। चुनाव आयोग ने दिग्गज क्रिकेटर और भारत रत्न तेंदुलकर के साथ तीन साल के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त अनुप चंद्र एवं अरुण गोयल उपस्थित रहे। तेंदुलकर ने कार्यक्रम में कहा कि भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र में युवा आबादी राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि जो दिल खेलों में इंडिया-इंडिया के शोर के साथ भारतीय टीम के लिये धड़कते हैं, वे हमारे बहुमूल्य लोकतंत्र को आगे ले जाने के लिये भी इसी तरह धड़केंगे। उन्होंने कहा कि स्टेडियमों में भीड़ उमड़ने से लेकर मतदान केंद्रों पर भीड़ उमड़ने तक, राष्ट्रीय टीम के साथ खड़े होने से लेकर वोट डालने के लिये समय निकालने तक, हम जोश और उत्साह बनाये रखेंगे।

### तेजस ने किया एस्ट्रा मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस ने बुधवार को गोवा तट से विजुअल रेंज से परे हवा से हवा में मार करने वाली स्वदेशी एस्ट्रा मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। यह परीक्षण तेजस लिमिटेड सीरीज प्रोडक्शन-7 विमान का इस्तेमाल कर किया गया। 20,000 फीट की ऊंचाई पर विमान से मिसाइल प्रक्षेपण सफलतापूर्वक किया गया। हल्के लड़ाकू विमान तेजस एलएसपी-7 ने 23 अगस्त को गोवा के तट पर हवा से हवा में मार करने वाली बियॉन्ड विजुअल रेंज मिसाइल 'अस्त्र' का परीक्षण किया।

जोहान्सबर्ग में चल रहे 15वें ब्रिक्स सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा

# बापू ने रखी एकता की मजबूत नींव

▸ प्रधानमंत्री ने किया ब्रिक्स के विस्तार का पूर्ण समर्थन

एजेंसी

**जोहान्सबर्ग।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित ब्रिक्स देशों के 15वें शिखर सम्मेलन में महात्मा गांधी को याद किया। शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि बापू ने एकता व सद्भाव की मजबूत नींव रखी। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के संगठन ब्रिक्स का 15वां शिखर सम्मेलन दक्षिण अफ्रीका में चल रहा है।

सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ब्रिक्स को भविष्य की तैयारी के लिए हमें अपने संबंधित समाजों को भी भविष्य के लिए तैयार करना होगा। प्रौद्योगिकी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले दो दशकों में ब्रिक्स ने एक लंबी और शानदार यात्रा तय की है। इस यात्रा में हमने कई उपलब्धियां हासिल कीं। इस शहर का भारतीयों और भारतीय इतिहास से गहरा और पुराना रिश्ता है। यहां से कुछ दूरी पर टॉल्स्टॉय फार्म स्थित है, जिसका महात्मा गांधी ने 110 वर्ष पूर्व निर्माण करवाया था। महात्मा गांधी ने भारत, यूरेशिया और अफ्रीका के महान विचारों को जोड़ कर हमारी एकता और सद्भाव की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि भारत ब्रिक्स के विस्तार का पूरा समर्थन करता है। हम इस पर आम सहमति के साथ आगे बढ़ने का स्वागत करते हैं।



### पीएम मोदी ने जमीन से उठाकर जेब में रखा तिरंगा

शिखर सम्मेलन की स्मृतियों को सहेजने के लिए ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने एक साथ फोटो खिंचाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जमीन पर भारतीय तिरंगे को देखा और यह सुनिश्चित किया कि वे उस पर कदम न रखें। उन्होंने इसे उठाया और अपनी जेब में रख लिया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी का अनुसरण करते हुए दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति रामफोसा ने भी ऐसा ही किया।

# मिजोरम में रेलवे ओवर ब्रिज ढहने से 19 लोगों की मौत

एजेंसी

▸ मृतक परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को 50 हजार की मदद

**आइजोल।** मिजोरम की राजधानी आइजोल के पास सैरांग में बुधवार को एक निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज गिरने से कम से कम 17 श्रमिकों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री जोरमथांगा ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर यह जानकारी दी। श्री ज़ोरमथांगा ने एक्स पर कहा, आइजोल के पास सैरांग में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज आज ढह गया जिसमें कम से कम 17 श्रमिकों की मौत हो गई। बचाव कार्य जारी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतक के निकट संबंधी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इस त्रासदी से बहुत दुखी हैं। उन्होंने सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट किया, मिजोरम की दुर्घटना से दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। बचाव अभियान जारी है और प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस हादसे में मारे गए लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# मोदी सरकार के आने के बाद दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत

एजेंसी

▸ केंद्रीय मंत्री ने युवा प्रतिनिधि सम्मेलन को किया संबोधित

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) नीत पूर्ववर्ती केन्द्र सरकार के शासनकाल में भारत की अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही थी लेकिन केन्द्र में प्रधानमंत्री मोदी नीत सरकार बनने के बाद भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। केन्द्रीय मंत्री यहां बिड़ला सभागार में भाजपा के युवा प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



केन्द्रीय खेल मंत्री ने युवाओं से आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी को वोट देने को कहा ताकि यहां डबल इंजन सरकार बने और त्वरित विकास हो। उन्होंने कहा, "नौ साल पहले जब केन्द्र में मनमोहन सिंह नीत की सरकार थी तब अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही थी।

भारत दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। मोदी नीत सरकार के आने के बाद चारों तरफ विकास हुआ, सरकार ने ईमानदारी से काम किया, देश को कोरोना संकट से बाहर निकाला और देश को दसवीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया।" केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस राज में बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार से राजस्थान की छवि खराब हुई है। उन्होंने गहलोत शासन को गह-लूट शासन भी कहा।

'लड़की हूं लड़ सकती हूं' की बात करने वाली कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, महिलाओं के खिलाफ अपराध होने पर राजस्थान नहीं आती हैं। उन्होंने कानून व्यवस्था, महिला अपराध, किसान कर्जमाफी तथा भ्रष्टाचार को लेकर राज्य की कांग्रेस नीत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासन में राजस्थान में भ्रष्टाचार चरम पर है, महिलाओं, दलितों के खिलाफ अपराध और सांप्रदायिक घटनाएं बढ़ी हैं और हर तीन में से एक युवा बेरोजगार है। ठाकुर ने पार्टी के युवा प्रतिनिधियों से घर-घर जाकर पार्टी के लिए वोट मांगने को कहा ताकि इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य में 'डबल इंजन' की सरकार बन सके।

# पूर्वोत्तर के विशेष प्रावधानों में बदलाव का इरादा नहीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के समक्ष बुधवार को केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि पूर्वोत्तर राज्यों पर लागू विशेष प्रावधानों में किसी भी तरह का बदलाव का उसका कोई इरादा नहीं है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पांच सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्थिति स्पष्ट की। जम्मू-कश्मीर के अस्थायी प्रावधान पर चर्चा में इसका कोई भी संदर्भ 'संभावित शरारत' हो सकता है। उन्होंने पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के प्रभाव पर चर्चा का फिर विरोध किया। श्री मेहता के बयान के बाद पीठ ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं में एक हस्तक्षेपकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे कांग्रेस सांसद और अधिवक्ता मनीष तिवारी से कहा, आपको धारा 370 पर कुछ नहीं कहना है, तो हम आपकी दलीलें क्यों सुने?



### सीएम बघेल के राजनीतिक सलाहकार व दो ओएसडी के परिसरों पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा, मुख्यमंत्री के दो ओएसडी और कारोबारी के यहां छापे की कार्रवाई की है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हालांकि सूत्रों के माध्यम से अभी तक यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि ईडी ने किस मामले में यह कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री बघेल ने ईडी की इस कार्रवाई को अपने जन्मदिन का तोहफा बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को धन्यवाद दिया। प्रांतीय राजधानी रायपुर के देवेन्द्र नगर में स्थित ऑफिसर्स कॉलोनी में विनोद वर्मा के आवास पर और दुर्ग जिले के पुरानी भिलाई इलाके में स्थित ओएसडी आशीष वर्मा और मनीष बंछोर के मकानों पर अर्धसैनिक बल के कुछ जवानों को देखा गया।

सौगात | सीएम योगी ने खिलाड़ी कोटे से चयनित 233 आरक्षियों को बांटे नियुक्ति-पत्र, कहा-

# मिशन रोजगार से युवाओं के सपने हो रहे हैं साकार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने मिशन रोजगार योजना के तहत खिलाड़ी कोटे से चयनित 233 आरक्षियों को सीएम योगी ने नियुक्ति-पत्र बांटा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश खिलाड़ियों को सम्मान दे रही है। खिलाड़ी अपने लिए नहीं बल्कि देश के लिए खेलता है।

उन्होंने कहा कि आज मुझे नियुक्त पत्र बांटते हुए बड़ी खुशी हो रही है कि 233 खिलाड़ी उत्तर प्रदेश पुलिस में अपनी सेवा देंगे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पहले नौकरियों में भ्रष्टाचार होता था लेकिन हमारी सरकार ने निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से नियुक्तियां कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार केवल उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों के खिलाड़ी भी उत्तर प्रदेश पुलिस में अपनी सेवा देने जा रहे है ये हमारे लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आज खिलाड़ियों का सम्मान हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि पहला अवसर नहीं है इससे पहले भी हमने टोक्यो ओलम्पिक व पैरा ओलम्पिक के पदक विजेताओं व खिलाड़ियों चाहे वो किसी भी प्रदेश के रहे हो हमने यहां बुलाकर सम्मानित किया,व नगद पुरस्कार भी दिये। आज पुलिस बल मे 500 से अधिक खिलाड़ियों के भर्ती के क्रम मे 233 खिलाड़ियों का नियुक्ति किया जा रहा है।



### खेल युवा कल्याण के लिए यूपी सरकार कर रही काम

आज खेल युवा कल्याण के लिए कार्य हो रहे है, हर ग्राम सभा के युवक महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट दिये जा रहे है, अब तक 65 हजार स्पोर्ट्स किट दिये जा चुके है, इस बार हम 25 हजार स्पोर्ट्स किट का लक्ष्य बनाये है, आज हर ब्लॉक मे मिनी स्टेडियम बनाने की प्रक्रिया चल रही है। वर्तमान मे दो नए अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम बनाने की प्रक्रिया शुरु हो गयी है, वाराणसी मे बीसीसीआई के साथ ये कार्य हो रहा है। राज्य सरकार अंतर्राष्ट्रीय एकल प्रतियोगिताओ मे स्वर्ण पदक पर 6 करोड़,रजत पर 4 करोड़, कास्य् पदक पर दो करोड़ देती है,टीम गेम पर स्वर्ण पर तीन करोड़,रजत पर दो करोड़, कास्य पर एक करोड़ राज्य सरकार अपने स्तर पर देती है। एशियन गेम्स मे स्वर्ण मे तीन करोड़, रजत मे डेढ़ करोड़,कास्य मे 75 लाख देती है,कॉमनवेल्थ गेम्स मे स्वर्ण पर डेढ़ करोड़,रजत पर 75 लाख, कास्य पदक पर 50 लाख की राशि राज्य सरकार देती है।

# योगी एक्शनः मदरसों के पुराने घोटालों की शुरू होगी जांच

## यूपी में ऐसे 50 से ज्यादा मदरसे हैं जिन पर स्कॉलरशिप घोटाले के आरोप आ रहे हैं सामने

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

योगी सरकार में अल्पसंख्यक विभाग को नए तरीके से सजाया संवारा जा रहा है। मदरसा में कुरान लैपटॉप दोनों ही तरह की शिक्षा दी जा रही है।

मदरसा को लेकर के पहले की सरकारों के घोटाले अध्यापकों की मनमानी तरीके से भर्ती को लेकर के सरकार ने जांच बैठा दी है। अल्प संख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद का कहना है सरकार भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेगी। सरकार मदरसा दुरुस्त कर बेहतर करने का प्रयास कर रही है। योगी सरकार के 6 साल के कार्यकाल में अब तक मदरसा को लेकर के खास काम किया गया। सबसे पहले मदरसे के सर्वे में नेपाल से सटे जिलों में बढ़ रहे मदरसे उनके पास आ रहे हैं फंड आतंक के कनेक्शन इनको तोड़ने का काम किया लगातार निगाह रखी जा रही है। मदरसा को लेकर के सर्वे किया गया 8000 ऐसे मदरसे मिले जिनके फंडिंग पर सवाल खड़े हो गए हैं। गैर मान्यता प्राप्त मदरसा की संख्या 15000 के आसपास रही जिनको मौका दिया गया है कि वह मान्यता ले ले। मदरसे को लेकर योगी सरकार प्रयास कर रही है कि वह मुख्यधारा में आ जाए पर अल्पसंख्यक विभाग के कुछ ऐसे पुराने दाग वर्तमान में अधिकारियों के लापरवाही शॉर्टकट का ही नतीजा है की मदरसे में पढ़ने वाले बच्चों को जो स्कॉलरशिप मिलती है।

इसका एक बड़ा घोटाला हुआ केंद्र की सरकार ने उसे पर सीबीआई जांच बैठा दी यूपी में ऐसे 50 से ज्यादा मदरसे हैं जिन पर स्कॉलरशिप घोटाले के आरोप सामने आ रहे हैं। मदरसा को लेकर के योगी सरकार की कोशिश है दीनी तालीम के साथ आधुनिक तालीम मदरसा में पढ़ रहे बच्चों को आगे बढ़ाएं पर सरकार द्वारा अनुदानित मदरसे अब फर्जी, भर्ती घोटाले के शिकार हो रहे हैं। प्रबंधकों के मिलीभगत, अधिकारियों की लापरवाही सांठगांठ से मदरसों में फर्जी अध्यापकों की भर्ती की गई तराई क्षेत्र के जिले जैसे श्रावस्ती, बहराइच ,बलरामपुर ,महाराजगंज ऐसे जिलों के मदरसों में बड़ी संख्या में फर्जी अध्यापकों की नियुक्ति कर दी गई। मदरसों का दाग कोई आज का नहीं पहले की सरकारों की देन है, जिस पर लगाम लगना बाकी है।

## ढूंढने से नहीं मिल पाती आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां

**लखनऊ।** कोरोना काल की जंग के बाद अब लोग शरीर की प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने पर जोर दे रहे हैं। इसके लिए जड़ी-बूटियों पर उनका भरोसा बढ़ गया है।

यह आयुर्वेदिक औषधि नहीं, बल्कि दैनिक दिनचर्या में तेजी से शामिल हो गई है। इसका ही असर है कि ढूंढने से भी पूरे प्रदेश मे आसानी से नही मिल पाती आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों इसलिए लखनऊ के आयुर्वेदिक कारोबारी मनीष कुमार गुप्ता ने अपनी कम्पनी निवाह को लुलु हाइपरमार्केट स्टोर में देने का फैसला किया लुलु हाइपरमार्केट मॉल प्रदेश का एक मात्र बड़ा स्टोर है। आयुर्वेदिक कारोबारी मनीष कुमार गुप्ता यह फैसला इसलिए लिया कि पूरे प्रदेश में लोगों को आसानी से यहाँ आयुर्वेदिक जड़ी बूटियां उनको मिल सके आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के कई रेंज लुलु हाइपरमार्केट मॉल से आसानी से मिल सकेंगी ।

# यूपीपीसीएल की टीमें डिस्कॉम के अध्ययन के लिए रवाना

- इन राज्यों में किए जा रहे अच्छे कार्यों का अध्ययन कर अपनी संस्तुति यूपीपीसीएल को सौंपेंगी टीमें

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**




बीते 6 वर्षों में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था में व्यापक सुधार देखने को मिला है। इस सुधार की प्रक्रिया को और बेहतर बनाने के लिए योगी सरकार ने देश के अग्रणी वितरण निगमों में बेहतर कार्यों का अध्ययन कर उसे प्रदेश में लागू करने का निर्णय किया है। इसके लिए सरकार ने विद्युत विभाग की तीन टीमों को अलग-अलग राज्यों में भेजा है।

यह टीमें 23 से 25 अगस्त तक गुजरात, मध्य प्रदेश तथा हरियाणा डिस्कॉम में किए जा रहे अच्छे कार्यों का अध्ययन कर अपनी संस्तुति उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) को सौपेंगी। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को बेहतर करने के प्रयास में निरंतर जुटे हुए हैं। उनकी मंशा प्रदेश को विद्युत व्यवस्था के क्षेत्र में देश का नंबर एक राज्य बनाने की है। डिस्कॉम की रेटिंग में अग्रणी हैं ये तीनों राज्य उत्तर प्रदेश पावर कारापोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने बताया कि यूपीपीसीएल की वितरण कंपनियों द्वारा मीटरिंग, बिलिंग, कलेक्शन एवं वितरण के कार्यों में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में पावर फाइनेंस कारपोरेशन द्वारा की जा रही डिस्कॉम की रेटिंग में देश के अग्रणी राज्यों गुजरात, मध्य प्रदेश तथा हरियाणा के डिस्काम्स में मीटरिंग, बिलिंग, कलेक्शन एवं वितरण इत्यादि से संबंधित कार्यों का अध्ययन करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की तीन टीमों का गठन किया गया है। प्रबंध निदेशक (केस्को) सैमुअल पाल के नेतृत्व में 09 सदस्यीय टीम गुजरात गई है। इसी तरह मध्यांचल डिस्काम के निदेशक वाणिज्य योगेश कुमार के नेतृत्व में आठ सदस्यीय टीम मध्य प्रदेश गई है। वहीं पूर्वांचल डिस्काम के निदेशक वाणिज्य राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम हरियाणा जाएगी। बेस्ट प्रैक्टिसेज का अध्ययन करेंगी टीमें यह तीनों टीमें डिस्काम के अंतर्गत मीटरिंग, बिलिंग कलेक्शन एवं वितरण तंत्र के विषय में अपनाई जा रही बेस्ट प्रैक्टिसेस का बारीकी से अध्ययन करेंगी। इसमें उपभोक्ताओं की बिलिंग की संपूर्ण व्यवस्था, मीटरिंग, राजस्व संग्रहण किन-किन माध्यमों से और किस प्रकार किया जा रहा है।

# 27 को लखनऊ आएंगे बीएल संतोष, देंगे कार्यकर्ताओं जो टिप्स

- लोकसभा चुनाव के लिए सोशल मीडिया पर ताकत बढ़ाएगी भाजपा, लगेगी कार्यशाला

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

भाजपा मिशन फ्तह 2024 खातिर सोशल मीडिया पर फोकस कर रही है।

सोशल मीडिया के जरिये मतदाताओं तक मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाने के साथ ही इंडिया पर भी हमला बोलेंगे भाजपाई। बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष 27 अगस्त को लखनऊ आ रहे हैं। वे कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव को लेकर जरूरी टिप्स देंगे ताकि मतदाताओं के मन में बीजेपी के साथ जुड़ाव मजबूत हो। पार्टी के आईटी और सोशल मीडिया टीम के कार्यकर्ताओं को विभिन्न प्लेटफार्म के जरिये चुनाव प्रचार के टिप्स देने 27 अगस्त को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कार्यशाला होगी।

पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया का महत्व बताने के साथ ही उसके सकारात्मक उपयोग के गुर सिखाएंगे। सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार करने, विपक्ष पर हमलावर रहने, पार्टी के कार्यक्रमों को जनता के बीच पहुंचाने का भी प्रशिक्षण देंगे।

सोशल मीडिया के जरिये अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने पर भी जोर दिया जाएगा। चुनाव में प्रचार और बैठकों के लिए डिजिटल प्लेटफार्म के उपयोग पर भी जोर दिया जाएगा।

# गठबंधनों से बसपा को हुआ है नुकसानः मायावती

- बसपा समाज को जोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास करती है
- यूपी में चार बार सत्ताशीर्ष पर पहुंच चुकी बसपा के इस राज्य में कुल नौ सांसद हैं

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) में से किसी का भी साथ नहीं देने के साफ संकेत देते हुए बुधवार को कहा कि दोनों ही बहुजन समाज को तोड़ने में व्यस्त रहते हैं, लिहाजा उनसे दूरी बनाये रखना ही बेहतर है। मायावती ने बसपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक में गठबंधन को लेकर पार्टी के इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि गठबंधनों से बसपा को फायदे के बजाय नुकसान ही हुआ है। उन्होंने कहा कि राजग और विपक्षी गठबंधन अगले लोकसभा चुनाव में जीत के दावे कर रहा है मगर सत्ता में आने के बाद इन दोनों के ज्यादातर वायदे खोखले ही साबित हुए हैं। उन्होंने कहा, दोनों की नीतियों व कार्यशैली से देश के गरीबों, मजदूरों, दलितों, पिछड़ों और धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के लोगों का हित और कल्याण कम हुआ बल्कि उन्हें आपस में विभाजित कर उनका अहित ज्यादा हुआ है।

बसपा समाज को जोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास करती है जबकि वे लोग उन्हें तोड़कर कमजोर करने की संकीर्ण राजनीति में ही ज्यादातर व्यस्त रहते हैं, इसीलिए इनसे दूरी ही बेहतर है मायावती ने कहा, वैसे भी अम्बेडकरवादी विचारधारा वाली बसपा का मजबूत गठबंधन खासकर उत्तर प्रदेश में दूसरी किसी भी पार्टी के साथ कैसे संभव है? गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में चार बार सत्ताशीर्ष पर पहुंच चुकी बसपा के इस राज्य में कुल नौ सांसद हैं।

दलितों में जनाधार वाली प्रमुख पार्टी मानी जाने वाली बसपा ने वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर लड़ा था। उस वक्त उसे 10 सीटों पर सफलता मिली थी, मगर हाल ही में अफजाल अंसारी को एक मामले में मिली सजा के बाद उनकी सदस्यता समाप्त हो गयी थी।

बसपा प्रमुख ने बैठक में मौजूद पदाधिकारियों से पिछली बैठक में दिये गये दिशानिर्देशों पर अमल की प्रगति रिपोर्ट ली और समीक्षा के बाद उल्लिखित कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश देते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के लिये पार्टी उम्मीदवार के चयन में खास सावधानी बरतने की भी हिदायत दी।

# चंद्रयान तीन की सफल लैंडिंग के लिए हुआ पूजन

## राजेंद्रनगर के महाकाल मंदिर में किया जा रहा है अभिषेक

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

मिशन चंद्रयान-3 की सफलता के लिए चहुंओर प्रार्थना की जा रही है। मंदिरों में सुबह से ही पूजन और हवन किए जा रहे हैं।

महाकाल मंदिर राजेंद्रनगर में मंगलवार से ही अभिषेक किया जा रहा है। बुधवार सुबह भी पूजन किया गया। उधर, लेटे हनुमान जी मंदिर में भी हवन-पूजन किया गया है। मंदिर प्रबंधन के लोग पंडितों के साथ ही चंद्रयान 3 के सफलतापूर्वक स्थापित होने की कामना कर रहे हैं। महाकाल मंदिर राजेंद्र नगर के व्यवस्थापक अतुल मिश्रा ने बताया कि पं. महादेव शास्त्री, पं. गौरव मिश्रा, पं. केशव तिवारी, पं. मोहित शुक्ला, पं. अटल तिवारी, पं. राहुल प्रकाश अवस्थी और पं. विपिन ने विधि-विधान से पूजन किया। बाबा भोलेनाथ का अभिषेक कर चंद्रयान-3 की कामयाबी की प्रार्थना की। उन्होंने बताया कि दोपहर और शाम के पहर में भी महाकाल से प्रार्थना की जाएगी। वहीं, हनुमान सेतु मंदिर में गुरुकुल के विद्यार्थियों ने चंद्रयान-3 की सफलता के लिए हनुमान जी महाराज से प्रार्थना की। साथ ही भगवान आशुतोष का विधिवत अभिषेक भी किया।

मंदिर के पं. चंद्रकांत द्विवेदी ने बताया कि चंद्रयान-3 को लेकर गुरुकुल के विद्यार्थियों में बहुत ही उत्सुकता है।

वे इसके सफल लैंडिंग के लिए दिल से ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं। मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन का भी सिलसिला जारी रहा।

## काकोरी जैन मंदिर में भव्य सम्मेद शिखर की हुई रचना

**लखनऊ।** भगवान पार्श्वनाथ धाम काकोरी में आचार्य विशद सागर जी महाराज के सानिध्य में सम्मेद शिखर की रचना की गई। इस अवसर पर सम्मेद शिखर विधान का आयोजन किया गया। विधान में भगवान को 125 अर्घ चढ़ाए गए। प्रथम लड्डू चढ़ाने का मौका सावित्री जैन को मिला। इस अवसर पर मुनिश्री विशाल सागर ने अपने मंगल प्रवचन में भगवान पारसनाथ की महिमा का गुणगान किया एवं मोक्ष सप्तमी पर विस्तार से प्रकाश डाला। आचार्य विशद सागर महाराज ने क्षेत्र की सराहना करते हुए कहा यह क्षेत्र दिन पर दिन प्रगति करेगा एवं हम जैसे संतों का आगमन निरंतर होता रहेगा। संत के आगमन से सही क्षेत्र की प्रगति होती है। कार्यक्रम संयोजक विशाल जैन ने बताया कि प्रथम अभिषेक प्रवीण कुमार, जतिन कुमार, शांति धारा प्रवीण कुमार, जितेंद्र कुमार, शांति धारा अभय शरण जैन ने की।

# खबरें एक नजर में

## जदयू का लखनऊ महानगर सम्मेलन आज

**लखनऊ।** जनता दल यूनाइटेड लखनऊ महानगर का सम्मेलन कल 24 अगस्त को प्रातः 11 बजे से लखनऊ स्थित दारूलसफा के ए ब्लॉक कामनहाल में आयोजित होगा। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पार्टी के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि पार्टी के प्रदेश संयोजक सत्येन्द्र पटेल होंगे। प्रमुख वक्ता के रूप में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि सचान, प्रदेश महासचिव संगठन नाहीद अकील, प्रदेश महासचिव हरिशंकर पटेल,प्रदेश महासचिव डीएम सिंह गहरवार पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ केके त्रिपाठी, मुख्य प्रवक्ता दिवाकर सिंह उपस्थित रहेंगे।

## गोमतीनगर जैन मंदिर में मना मोक्ष कल्याणक

**लखनऊ।** गोमतीनगर जैन मंदिर में 23 वें तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। आज ही के दिन भगवान को निर्वाण प्राप्त हुआ था। भगवान के अभिषेक एवं पूजन के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। जिसमें महिला मंडल की अनीता, दीपाली, दीपिका, चंदना, जूली, अर्चना, सपना, अंजली आदि ने सुंदर सूंदर निर्वाण लाडू बनाकर भगवान को अर्पित किये। मुख्य शांति धारा डा सारांश एवं लोकेश जैन द्वारा की गई और मुख्य लाडू अनीता सुकांत निकांत वैशाली पिंकी परिवार द्वारा चढ़ाया गया। इस मौके पर गोमतीनगर मंदिर के अध्यक्ष प्रदीप जैन, मंत्री आलोक, संदीप जैन, निकान्त, अमित, राकेश, अरविंद, जयकुमार, पंडित पीयूष आदि शामिल रहे।

## घोसी उपचुनावः भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची जारी

**लखनऊ।** विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, देश रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, भारी उद्योग मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित 40 स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार करेंगे। भारतीय जनता पार्टी ने उप चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, राधा मोहन दास अग्रवाल को स्टार प्रचारक बनाया गया है। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, बेबी रानी मौर्य, नंदगोपाल गुप्ता नंदी, अनिल राजभर, अरविंद कुमार शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर, धर्मवीर प्रजापति, रवींद्र जायसवाल, गिरीश यादव, असीम अरुण, दानिश आजाद अंसारी, राकेश राठौर गुरू, केंद्रीय राज्यमंत्री पंकज चौधरी, कौशल किशोर, सांसद दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ, प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य, अनूप गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय को भी सूची में शामिल है।

## हजरत कासिम शहीद बाबा का सालाना उर्स 29 अगस्त को

**लखनऊ।** हजरत शहीद कासिम बाबा सेवा समिति दिलकुशा गार्डन, विलायती बाग कैन्ट, लखनऊ में सेवा समिति के कार्यालय में आपात कार्यकारिणी की बैठक में दरगाह के सज्जादा नशीन जुबैर अहमद खान की अध्यक्षता में हुई। उक्त बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्य द्वारा प्रति वर्ष की भांति सालाना उर्स मुबारक दरगाह हजरत कासिम शहीद रहमतुल्लाह अलैक का 29, 30 व 31 अगस्त 2023 से मनाये जाने के सम्बन्ध में दरगाह कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि सालाना उर्स मुबारक तीन दिनों तक मनाया जायेगा, जिसमें विगत वर्षो के अलावा अन्य और भी विभिन्न कार्यक्रम किये जायेगें जायरीनों के लिए दरगाह कमेटी द्वारा हेल्प लाईन मोबाईल नम्बर-9335242288 जारी किया गया है, उर्स मुबारक सम्बंधित जानकारी कॉल व वाहट्एप से ले सकते हैं। उर्स सम्बन्धी सभी तैयारियों को अतिशीघ्र पूरा करवाने के लिए उपस्थित पदाधिकारियों, सदस्यों का आह्वान किया तथा कहा कि उर्स मुबारक के अवसर पर दिनांक 29.08.2023 को मिलाद-शरीफ मगरिब की नमाज के बाद होगा।

कार्यक्रम



केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में हुआ जी-20 में भारत की अध्यक्षता का उत्सव श्रृंखला में आकाशवाणी द्वारा जन जन के राम विषयक यूथ कॉन्क्लेव और सांस्कृतिक कार्यक्रम
समृद्धि न्यूज

# अजय राय लखनऊ में कांग्रेसियों में भरेंगे जोश

## उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को अपनी सियासी जमीन वापसी की दरकार

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा चुनाव में अब बहुत दिन बाकी नही है। ऐसे में कांग्रेस ने नया प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को बनाया है। नए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कल 24 अगस्त को लखनऊ पहुंचेंगे। नए अध्यक्ष के स्वागत समारोह को यादगार बनाने खातिर कांग्रेसी तैयार है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरने के साथ पार्टी की प्रदेश में खोई सियासी जमीन वापसी की जिम्मेदारी अजय राय को मिली है। राय यूपी के लिये कोई नया नाम नही हैं। पांच बार विधायक रहे हैं और 2014 और 2019 बनारस से मोदी के मुकाबिल मैदान में थे। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 की भी तैयारी शुरू कर दी है। नए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को उत्तर प्रदेश में पार्टी का दायरा बढ़ाकर दिखाना है। अध्यक्ष बनाए जाने के बाद अजय राय ने कहा था कि श्राहुल गांधी एक बार फिर अमेठी से चुनाव मैदान मेंउतरेंगे। प्रियंका गांधी वाराणसी से चुनाव लड़ना चाहेंगी तो वह प्रियंका को जिताने के लिए जीजान से जुटेंगे। अजय राय के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर पार्टी में उत्साह है। सवाल है कि गठबंधन होने के बाद समाजवादी पार्टी प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के लिए कितनी सीटें छोड़ती है, लेकिन एक बात तो तय मानी जा रही है कि आगामी चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन पिछले चुनाव के मुकाबले बेहतर होगा। अजय राय तब चर्चा में आए थे, जब उनके बड़े भाई अवधेश राय की हत्या के आरोपी माफिया और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। अजय राय और मुख्तार की अदावत जगजाहिर है। उनके खिलाफ वाराणसी के विभिन्न थाना क्षेत्रों के साथ ही लखनऊ और भदोही जिलों में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, वह राष्ट्रीय सुरक्षा कानून में जेल भी जा चुके है। कांग्रेस ने नफा-नुकसान पर मंथन करने के बाद ही अजय राय के नाम पर मुहर लगाई होगी। पूर्वांचल में अजय राय पहचान के मोहताज नहीं हैं। एक बार निर्दलीय रूप से विधानसभा का चुनाव भी जीत चुके हैं।माना जा रहा है कि वह पार्टी के लिए निडर होकर काम कर पाएंगे और युवाओं को पार्टी से जोड़ने में कामयाब रहेंगे। वाराणसी, बलिया, गाजीपुर और मऊ जिलों में भूमिहारों की अच्छी-खासी तादाद है। कांग्रेस को लगता है कि अजय राय इस क्षेत्र में पार्टी को बढ़त दिला पाने में कामयाब होंगे।

अजय राय 1996 में पहली बार भाजपा के टिकट पर वाराणसी की कोलअसला विधानसभा सीट से चुने गए थे। इसके बाद 2007 तक वह तीन बार भाजपा विधायक बने इसके बाद उन्होंने भाजपा छोड़ सपा के टिकट पर मुरली मनोहर जोशी के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़े किंतु हारे। उपचुनाव में वह एक बार फिर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में कोलअसला सीट से जीतकर विधानसभा पहुंचे थे।

# इण्टरनेशनल सोशल स्टडीज ओलम्पियाड में सीएमएस छात्र ने जीता गोल्ड मेडल

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के मेधावी छात्र हिमांग गुप्ता ने इण्टरनेशनल सोशल स्टडीज ओलम्पियाड में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता सिल्वर जोन फाउण्डेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने ज्ञान-विज्ञान का प्रदर्शन किया, जिसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस मेधावी छात्र ने समसामयिक विषयों, देश-दुनिया की नवीनतम जानकारियां, तार्किक क्षमता एवं मेधात्व का शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अर्जित किया। ओलम्पियाड के आयोजकों ने हिमांग की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने इस मेधावी छात्र को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है, जिसके कारण सी.एम.एस. के मेधावी छात्र विभिन्न राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक पुरस्कार अर्जित कर प्रदेश व देश का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं।

# बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री ने 11 मृतक आश्रितों को प्रदान किये नियुक्ति पत्र

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने आज अपने सरकारी आवास पर बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के 11 मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। उन्होंने नियुक्ति पाने वाले कार्मिकों के उज्ज्वल भविष्य कीकामना करते हुए कहा कि सभी कर्मी पूरे मनोयोग से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदानकरते हुए प्रसन्नता हो रही है, लेकिन दुःख भी है कि इनके अभिभावकों की आसमयिक मृत्यु हुई है, जिसकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है।

श्रीमती मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार मृतक आश्रितों के प्रति बेहदसंवेदनशील है। इसीलिए उन्हें शीघ्र अतिशीघ्र नियुक्ति पत्र देने का कार्य किया जा रहा है। आज बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में 11 मृतक आश्रितों को कनिष्ठ सहायक पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये हैं। देवेश पाण्डेय को वाराणसी, आकाश वर्मा को बागपत, संजय कुमार गौतम को महोबा, हरिश कुमार को कन्नौज, मोहित कुमार को मेरठ, कुलभूषण पाण्डेय को हापुड़, आकाश दीप को बुलंदशहर, विनय शंकर पाण्डेय को कानपुर देहात, अरविंद कुमार गौतम को कुशीनगर, रोहित गुप्ता को हाथरस तथा कमलेश कुमारी को पीलीभीत में कनिष्ठ सहायक के पद हेतु नियुक्ति पत्र दिये गये हैं।

इस अवसर पर निदेशक बाल विकास एवं पुष्टाहार सरनीत कौर ब्रोका एवं संयुक्त निदेशक गरिमा स्वरूप उपस्थित रहीं।

## एलयू में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा सात दिवसीय व्याख्यान आयोजित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू मे शारिरिक शिक्षा विभाग द्वारा सात दिवसीय शारिरिक शिक्षा बौद्धिक व्याख्यान श्रृंखला के दूसरे दिन के अंतर्गत मुख्य वक्ता के रूप में डॉ संजय श्रीवास्तव, हेड ऑफ डिपार्टमेंट, जसपाल राणा इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी ,देहरादून द्वारा शारीरिक शिक्षा विभाग के बीपीएड एवं एमपीएड के छात्रों के मध्य विशेष व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान में डॉ संजय द्वारा छात्रों को स्पोर्ट्स इंजरी एंड कोपिंग मैकेनिज्म विषय पर विस्तार से अपनी प्रस्तुति द्वारा छात्रों को खेल के दौरान लगने वाली चोटों एवं प्राथमिक उपचार एवं सहनशीलता के प्रचलित एवं नवीन तरीकों के बारे में बताया गया। व्याख्यान के दौरान शारीरिक शिक्षा की तकनीकियों एवं निपुणता संबंधी प्रयोगात्मक जानकारी भी दी गई।

# राज्यपाल ने नैक मूल्यांकित महाविद्यालयों का किया उत्साहवर्द्धन

## राजभवन से प्राप्त कर सकते हैं आगामी दिशा-निर्देश और समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव :आनंदीबेन

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन के गांधी सभागार में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध नैक मूल्यांकित महाविद्यालयों का उत्साहवर्द्धन और सम्मान किया। इस अवसर पर उनसे संवाद करते हुए राज्यपाल जी ने महाविद्यालयों में निरंतर गुणवत्ता सुधार कर नैक के उच्चतम ग्रेड को प्राप्त करनेए राष्ट्रीय स्तर पर एनआईआरएफ रैंकिंग तथा अंतर्राष्ट्रीय और एशिया स्तर पर क्यूएस्ण् वर्ल्ड रैंकिंग के लिए अग्रसर होने हेतु प्रोत्साहित किया।



समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने उच्च स्तरीय साधनों से सम्पन्न निजी महाविद्यालयों के प्रबन्धकों से कहा कि वे अपने समीपस्थ कम सुविधा वाले सरकारी कॉलेजों के विद्यार्थियों को शैक्षणिक साधनों की सुविधा के लिए अपने साथ जोड़ें। उन्होंने कहा कि सरकार अपने सीमित संसाधनों में कॉलेजों का प्रबंधन करती है। सरकारी कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी समुचित शैक्षणिक साधन प्राप्त कर सकें इसके लिए जनभागीदारी से ही कार्य करना होगा। सीमित आय वर्ग के विद्यार्थी भी अच्छे शैक्षणिक साधनों का लाभ प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का विकास कर सकेंए इसके लिए राज्यपाल जी ने निजी महाविद्यालयों को समीपस्थ ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों, कॉलेजों को गोद लेकर उनके समुचित विकास पर भी कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि निजी महाविद्यालयों के शिक्षक अपनी ऑन लाइन कक्षाओं में सरकारी कॉलेजों के विद्यार्थियों को भी जोड़ें। महाविद्यालय की लैब में किसानों के लिए उपयोगी परीक्षण को प्राथमिकता दें।

अपनी द्रोण सुविधा का उपयोग समीपस्थ खेतों में फर्टीलाइजर छिड़काव, खेत में कीट अथवा किसी अन्य बीमारी से प्रभावित एरिया चिह्निकरण के लिए भी करें। राज्यपाल ने केजी टू पीजी शिक्षा पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि राजभवन से बहुत बड़े स्तर पर प्रदेश के समस्त जनपदों में आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुसज्जित करने की मुहिम चलायी गयी जिससे इन केन्द्रों पर आने वाले छोटे बच्चे भी जीवन में शिक्षा की ओर उन्मुख होकर अपना जीवन सुधार सकें। राज्यपाल जी ने निजी महाविद्यालयों को भी इस कार्य में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में राज्यपाल जी ने कहा कि राजभवन उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के लिए सदैव अग्रसर रहा है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय अपनी किसी भी समस्या के लिए परामर्श सुझाव तथा आगामी दिशा-निर्देश के लिए राजभवन सम्पर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे ने सभी नैक मूल्यांकित महाविद्यालयों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और गुणवत्ता वृद्धि करके अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग के लिए प्रोत्साहित किया। कुलपति प्रो जेपी पाण्डेय ने कहा कि राज्यपाल जी के दिशा निर्देश में ही प्रदेश की उच्च शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण सुधार हुए। कार्यक्रम में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सात महाविद्यालयों के प्रबंधक और उनकी नैक टीम के सदस्य प्रतिभाग कर रहे थे। प्रत्येक महाविद्यालय से प्रतिभाग कर रहे निदेशक ने अपनी नैक तैयारीए महाविद्यालय की विशेषता तथा प्राप्त नैक श्रेणी के सम्बन्ध में राज्यपाल जी को अवगत कराया।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को स्कालरशिप देगा डाक विभाग

**लखनऊ ।** डाक विभाग ने दीनदयाल स्पर्श योजना शुरू की है जिसके अंतर्गत कक्षा छह से नौ तक के विद्यार्थियों को डाक टिकटो के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने तथा इससे सम्बंधित शोध इत्यादि में होने वाले खर्चों में सहायता के उद्देश्य से एक वर्ष के लिए 500 रूपये माहवार छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी।यह छात्रवृत्ति प्रत्येक कक्षा के10 मेधावी छात्रों को प्रदान की जाती है। यह डाक विभाग द्वारा आयोजित क्विज परीक्षा व फिलेटली प्रोजेक्ट में प्राप्त अंको के आधार पर आवंटित की जाती है।चीफ पोस्टमास्टर जनरल बी सेल्वा कुमार के अनुसार योजना में दो चरणों की प्रक्रिया अपनाई जायेगी। प्रथम चरण में यूपी के सभी पीएमजी कार्यालयों तथा गाजियाबाद मण्डल द्वारा 15 अक्टूबर को क्विज परीक्षा होगी।दूसरे चरण में प्रत्येक परिक्षेत्र से प्रत्येक कक्षा हेतु क्विज परीक्षा में 10 सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्रों को फिलेटली प्रोजेक्ट तैयार करने हेतु आमन्त्रित किया जायेगा।द्वितीय चरण के दौरान कराये गये कार्यो के मूल्यांकन के आधार पर छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थियों का चयन होगा।

# डॉ. शकुंतला मिश्रा विवि के कुलपति को अवमानना का नोटिस जारी

**आदेश न मानने पर लखनऊ हाई कोर्ट नाराज**

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने डॉक्टर शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राणा कृष्ण पाल सिंह एवं कुल सचिव रोहित सिंह के खिलाफ अवमानना की नोटिस जारी की है। बीते 8 मई 2023 को हाई कोर्ट ने विश्वविद्यालय के पांच वरिष्ठ शिक्षक एवं विधि अधिकारी की सेवाओं को तुरंत बहाल किए जाने का आदेश दिया था। अपने 61 पेज के आदेश में हाई कोर्ट ने विश्वविद्यालय के 6 जुलाई 2022 के आदेश को नियम विरुद्ध और मनमाना बताते हुए जांच के औचित्य एवं शिक्षकों पर लगाए गए आरोप को निराधार बताया था। हाई कोर्ट ने विश्वविद्यालय से शिक्षकों को उनके पद और अन्य दायित्वों और सभी पूर्व सेवा शर्तों के साथ तुरन्त ज्वाइन करने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता के वकील गौरव मेहरोत्रा, उत्सव मिश्रा एवं अभिनीत जायसवाल ने उच्च न्यायालय को अवगत कराया कि तीन महीने व्यतीत होने के बाद भी विश्वविद्यालय ने इस पर कोई निर्णय नहीं लिया और हाई कोर्ट में एक विशेष अपील दायर कर दी। हाई कोर्ट ने पाया कि विशेष विशेष अपील में भी कोई अन्यथा आदेश पारित नहीं हुआ है। इस दशा में कुलपति पर विश्वविद्यालय की अवमानना का केस बनता है। हाई कोर्ट लखनऊ ने रजिस्ट्री को एक सप्ताह के अंदर विश्वविद्यालय को विधिवत नोटिस देने और तथा विश्वविद्यालय से स्पष्ट करने को कहा है कि अब तक आदेश का अनुपालन क्यों नहीं किया गया।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने चन्द्रयान-3 के लैण्ड करने पर दी बधाई

**कार्यक्रम का स्कूलों मे किया गया लाइव प्रसारण**

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने चन्द्रमा पर चन्द्रयान-3 के लैण्ड करने पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अंतरिक्ष की नयी ऊंचाईयों को छू रहा है। चन्द्रमा पर चन्द्रयान-3 के लैण्ड करना हिन्दुस्तान के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चन्द्रमा पर चन्द्रयान-3 के लैण्ड करने के कार्यक्रम को प्रदेश के स्कूलों मे लाइव प्रसारण किया गया, जिससे पूरे प्रदेश में चन्द्रमा पर चन्द्रयान-3 के लैण्ड करने की खुशी का जश्न मनाया गया। उन्होंने चन्द्रयान-3 से जुड़े वैज्ञानिकों को उनकी मेहनत और लगन की सराहना की और कहा कि इसी तरह देश का नाम ऊंचा करने का काम करते रहे। मंत्री कपिल देव अग्रवाल बुधवार को चन्द्रमा पर चन्द्रयान-3 के लैण्ड करने के कार्यक्रम के अन्तर्गत सिटी मोंटेसरी स्कूल गोमती नगर पहुंचे थे।

## चन्द्रयान की सफल लैंडिंग के लिये स्पीकर ने दी वैज्ञानिकों को बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए इसरो के सभी वैज्ञानिकों और प्रोजेक्ट से जुड़े पूरी टीम के साथ इस गौरवशाली पल के लिए सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अध्यक्ष विधानसभा सतीश महाना ने चंद्रयान 3 मिशन की सफलता पर देश के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने एक और सफलता का बड़ा कदम बढ़ाया है। भारत ने जो कर दिखाया उसकी विश्व में किसी को उम्मीद नहीं थी। आज भारत के लिए बहुत बड़े गर्व का दिन है।

# विशाल मेगा मार्ट में लगी आग, तीन फ्लोर तक पहुंची

## हादसा विकास नगर चौराहे के पास जगरानी हॉस्पिटल के सामने मार्ट में हुआ

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

लखनऊ में विशाल मेगा मार्ट में बुधवार दोपहर आग लग गई। देखते ही देखते शो-रूम की पहली मंजिल से तीसरी मंजिल तक आग फैल गई। साथ ही उसके पास ही स्थित फूड स्टॉल को भी चपेट में ले लिया। चीख-पुकार और आग की लपटें देख लोगों ने पुलिस और दमकल की गाड़ियों को सूचना दी।

दमकल की छह गाड़ियों ने 45 मिनट में आग पर काबू पाया। धुआं भरने से दमकल कार्य में दिक्कत आने पर कांच तोड़कर पानी डाला गया। बताया जा रहा है कि मार्ट के बाहर खड़ी एक कार में अचानक आग से हुए धमाके से मार्ट के बोर्ड में आग लगने के बाद पूरे शो-रूम में आग फैल गई।

हादसा विकास नगर चौराहे के पास जगरानी हॉस्पिटल के सामने मार्ट में हुआ है। मार्ट कर्मचारी आकाश पटेल और आराधना के मुताबिक, करीब दो बजे मीटिंग चल रही थी। तभी गार्ड ने शो-रूम में आग लगने की सूचना दी।

आग की सूचना मिलते ही सभी लोग बाहर निकल आए। देखते ही देखते पूरे शो-रूम को आग ने चपेट में लिया। आग से शो-रूम की तीनों फ्लोर पर रखा सामान जल गया। दमकल की चार गाड़ियां लगातार पानी डालकर बुझाने की कोशिश की। विशाल मेगा मार्ट में आग लगने से आसपास की दुकानों से लोग निकल आए और आग बुझाने के लिए मिट्टी और फायर फायटिंग इक्युपमेंट का इस्तेमाल किया।

आग भयानक होने से फैलती गई, लेकिन समय से दमकल की गाडियां आने से आग की लपटों को काबू पा लिया गया। जिससे पास ही स्थित पेट्रोल पंप तक आग नहीं पहुंच पाई। यदि आग वहां तक पहुंच जाती तो बड़ा हादसा हो जाता।

# विधायक बन फर्जी ठगी करने वाला साथी समेत गिरफ्तार

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

लखनऊ पुलिस ने विधायक बनकर किसानों की जमीन की खरीद-फरोख्त कर करोड़ों की ठगी करने वाले युवक को साथी समेत गिरफ्तार किया है।

उसका साथी फर्जी क्राइम ब्रांच अधिकारी (डीआईजी) बनकर लोगों को किसी भी जमीन पर कब्जा दिलाने का दावा करता था। इनकी इनोवा पर लाल-नीली बत्ती और फार्च्यूनर पर भाजपा विधायक का झंडा देखकर लोग इनके जाल में आसानी से फंस जाते थे।

इन लोगों ने करीब दर्जन भर किसानों से एडवांस के नाम पर मामूली रकम देकर करोड़ों की जमीन हड़प ली थी। वहीं सौदा तय न होने पर लोगों को पैसा लौटाने के नाम पर चिल्ड्रन बैंक के पैसे वीडियो कॉल पर दिखा कर कई महीनों तक घुमाते रहते थे। एडीसीपी पूर्वी अली अब्बास ने बताया कि पुलिस टीम ने साइबर सेल की मदद से 2019 से वांछित चल रहे धोखाधड़ी के आरोपी लाल-नीली बत्ती लगी इनोवा समेत शैलेन्द्र कुमार और रविन्द्र कुमार पाठक को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया। इनकी गाड़ी से पुलिस की पी- कैप, बैरेट कैप और डीजी रैंक के अधिकारी के परिचयपत्र के साथ अन्य पुलिस सम्बन्धी प्रपत्र व सामग्री बरामद हुई। पूछताछ में इन लोगों ने कबूल किया कि दोनों रियल स्टेट का काम करते है और बुजुर्ग किसानों को अपने जाल मे फंसाने के लिये चिल्ड्रेन बैंक वाली 2000 की नोट दिखाकर सौदा तय करते।

## खबरें एक नजर में

### सौरभ सिंह बने हिन्दू महासभा के प्रदेश मंत्री

**लखनऊ।** अखिल भारत हिन्दू महासभा, उत्तर प्रदेश ने बदायूं के सौरभ कुमार सिंह को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है, इसके साथ ही उन्हें पश्चिमांचल उत्तर प्रदेश का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने पार्टी के दो महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को सौरभ कुमार सिंह सौंपते हुये उन्हें शुभकामनायें देते हुये भरोसा जताया कि नवनियुक्त प्रदेश मंत्री सौरभ कुमार सिंह पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाते हुये संगठन को और मजबूत करने का काम करेंगे। वहीं दूसरी ओर हिन्दू महासभा में मिली महत्वपूर्ण नई जिम्मेदारी पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि हिन्दू महासभा के प्रदेश नेतृत्व ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर जो भरोसा जताया है, उस पर पूरी तरह न सिर्फ खरा उतरने का पूरा प्रयास होगा बल्कि हिन्दू महासभा की नीतियों का पालन करते हुये संगठन को और मजबूत करने का प्रयास करूंगा।

### जलशक्ति मंत्री आज करेंगे लघु सिंचाई भवन का शिलान्यास

**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह कल 24 अगस्त को पूर्वान्ह 11 बजे ग्राम हरिहरपुर मेदान्ता हास्पिटल के सामने शहीद पथ लखनऊ में लघु सिंचाई भवन का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर राज्य मंत्री जलशक्ति रामकेश निषाद, राज्यमंत्री जलशक्ति दिनेश खटिक, प्रमुख सचिव नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव, डा बलकार सिंह सचिव नमामि गंगे तथा जलापूर्ति विभाग एवं राजेश कुमार पाण्डेय विशेष सचिव नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उपस्थित रहेंगे।

### खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड कार्यालय में होगा समाधान दिवस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान के निर्देश पर आगामी 28 अगस्त को यहां खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड कार्यालय में ''समाधान दिवस'' का आयोजन किया जायेगा।खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरूण प्रकाश की अध्यक्षता में होने वाले समाधान दिवस पर 01 अप्रैल 2018 से 31 जुलाई 2023 के मध्य सेवानिवृत्त हुए कार्मिकों के पेंशन एवं देयकों संबंधित लम्बित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित होगा। अरूण प्रकाश ने बताया कि सेवानिवृत्त कार्मिक जिनके देयक लम्बित है,उन्हें समाधान दिवस पर उपस्थित होने की सूचना भेज दी गयी है।

### 24 सम्पर्क मार्गों के लिए 11 करोड़ 95 लाख स्वीकृत

**लखनऊ ।** राज्य सरकार द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय योजनान्तर्गत विभिन्नजनपदों के सम्पर्क मार्गो के 24 चालू कार्यो हेतु 11 करोड़ 95 लाख03 हजार रूपए की धनराशि अवमुक्त की गयी है। इन 24 चालू कार्यो में बहराइच व हरदोई के 05-05,जौनपुर के 04, गोण्डा के 03, प्रतापगढ के 02तथा रायबरेली, सोनभद्र, अमेठी, लखनऊ व खीरी के 01-01 कार्य शामिल हैं। आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

### बीआरवी के निर्माण हेतु एक करोड़ 41 लाख स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महराजगंज में कैंम्पियरगंज शाखा के वितरण प्रणाली के विभिन्न स्थलों पर बीआरवी के निर्माण कार्य की परियोजनाहेतु 01 करोड़ 41 लाख 16 हजार रुपए धनराशि प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृतिप्रदान कर दी गई। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर कर दिया गया।

### उपमुख्यमंत्री ने चन्द्रयान-3 पर देशवासियों को दी बधाई

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इसरो के तीसरे चन्द्र मिशन, चन्द्रयान-3 की चन्द्रमा पर सफल साफ्ट लैंडिंग पर समस्त देश व प्रदेशवासियों और इसरो के वैज्ञानिकों को हार्दिक बधाई दी है। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि यह हम सबके के लिए अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का अवसर है। देशवासियों ने चन्द्रयान-3 के सफल लैंडिंग को राष्ट्रीय पर्व की भांति गर्व व उत्साह के साथ मनाया।भारत ने नया इतिहास रच दिया।जो दुनिया नहीं कर सकी ,वह भारत ने कर दिखाया। यह नये भारत का सूर्योदय है।

# अमृत वाटिकाओं व शिलाफलकम् की नियमित की जाए देखभालः केशव

## अमृत वाटिकाओं में लगाये गये पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मेरी माटी- मेरा देश व हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायतों अमृत सरोवरो पर स्थापित की गयी अमृत वाटिका व शिलाफलकम् को अविस्मरणीय व चिरस्थायी बनाये जाने के लिए उनकी देखभाल व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाये। अमृत वाटिकाओं में लगायें गये पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड लगवाये जाये तथा यथा आवश्यक बाउन्ड्रीवाल बनवायी जांय। अमृत वाटिकाओं व शिलाफलकम् को इस तरह से देखरेख की जाय व संवारा जाय कि आजादी के शताब्दी काल में उनका भव्य, दिव्य, आकर्षक स्वरूप दिखे और ऐतिहासिक धरोहर जैसी नजर आयें।उन्होंने कहा कि पौधों की सिंचाई आदि की व्यवस्था पहले से ही कर ली जाए। श्री मौर्य मंगलवार को अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित बैठक में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। अमृत सरोवरो के निर्माण में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम पायदान पर है,और 24245 अमृत सरोवरों का चिन्हांकन कर लिया गया है, 15919 अमृत सरोवरों पर कार्य प्रारंभ करते हुये 13383 सरोवरो का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। उप मुख्यमंत्री ने अमृत सरोवरो के निर्माण में और अधिक तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा है कि जो अमृत सरोवर तैयार हैं, उनकी देखभाल व मेंटीनेंस नियमित रूप से की जाती रहे, बारिस में यदि कहीं सरोवरों में मिट्टी का कटान हो गया है, तो बारिस के बाद सही करा लिया जाए।

## अपर महानिदेशक एनसीसी ने मुख्यालय का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** एनसीसी अपर महानिदेशक मेजर जनरल विक्रम कुमार ने आज लखनऊ एनसीसी ग्रुपमुख्यालय का निरीक्षण किया। एनसीसी कैडेटों ने गार्ड ऑफ आनर द्वारा मेजरजनरल विक्रम कुमार को सलामी दी।

ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा, ग्रुप कमांडरद्वारा सभी दस कमान अधिकारियों तथा ग्रुप मुख्यालय के अधीन कार्यरतसैन्य अफसरों से परिचय कराया गया। ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा ने एनसीसी अपरमहानिदेशक को राजधानी लखनऊ और आसपास के जिलों में जो लखनऊ ग्रुप के अधीनयूनिट है उनके एनसीसी विस्तार तथा एनसीसी कैडेटों द्वारा राष्ट्रीय औरप्रदेश के विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा कैम्पों में उत्कृष्ट परिणामों तथाभविष्य में होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया। मेजर जनरल विक्रम कुमार द्वारा बहुमुखी आयामों में एनसीसी कैडेटों के चहुमुखी विकास द्वारा बेहतरीन कार्यों की प्रशंसा की गयी।

**कार्यक्रम**



गोमती नगर सिरोज रेस्टोरेंट में मनाया गया साकार फाउंडेशन महिलाओं द्वारा तीजोत्सव — समृद्धि न्यूज

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का किया जाए पालनः जयवीर

## पर्यटन विकास निगम के होटलों की आमदनी बढ़ाने के लिए आगन्तुकों को मिले सुविधायें

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि राज्य पर्यटन विकास निगम लि के अंतर्गत आने वाले होटलों तथा पर्यटक आवास गृहों में उच्च स्तर की साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी में लिनन की बेडसीट, तौलिया तथा मैट्रेस आदि ताज होटल की तरह ग्राहकों को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाये जाये।



गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन निगम के कार्यों तथा परियोजना का समीक्षा की

उन्होंने कहा कि पर्यटन निगम के होटलों की आमदनी बढ़ाई जाए। पर्यटन मंत्री आज यहां गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में पर्यटन विकास निगम द्वारा क्रियान्वित परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। जिन होटलों अथवा पर्यटक आवास गृहो में 60 प्रतिशत से कम आकुपेन्सी की स्थिति बनी हुई है। पीपीपी मॉडल पर दे दिया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटकों तथा आगन्तुकों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराई जाए। होटलो में मौजूदा स्थित में व्यापक सुधार के बाद ही यात्रियों का आगमन होगी। इससे होटल संचालन में सुविधा के साथ ही राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होगा। जयवीर सिंह ने पर्यटन निगम द्वारा संचालित योजनाओं में समयबद्धता, गुणवत्ता तथा पारदर्शिता का पालन अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों की थर्ड पार्टी जॉच कराई जाए। घटिया निर्माण तथा अधोमानक सामग्री का उपयोग पाये जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने प्रयागराज, अयोध्या तथा वाराणसी में संचालित निर्माण कार्यों को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस पर जोर दिया कि कार्य पूरा होने की तिथि एक बार निर्धारित हो जाने पर उसमें किसी प्रकार का परिवर्तन न किया जाए और तय समय सीमा के अंदर ही निर्माण कार्य पूरा कराया जाए। प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि पर्यटन विकास निगम के यात्रीगृहों एवं होटल आदि में शौचालय साफ-सुथरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगन्तुकों को स्तरीय सुविधायें मिलने से पर्यटकगृहों की बुकिंग बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यूपी में एक लाख की आबादी पर आगन्तुकों के लिए 35 कमरे उपलब्ध होते हैं। होटल में ठहरने वालों की कमी नहीं है। बशर्ते उनको बेहतर सुविधायें प्राप्त हों। प्रबंधनिदेशक पर्यटन विकास निगम ए के पाण्डेय ने मंत्री को बताया कि पर्यटन निगम की राज्य सेक्टर की 102 परियोजनायें संचालित की जा रही हैं। इसमें 06 पूरी हो चुकी हैं। 90 परियोजनाओं पर कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी प्रकार जिला सेक्टर की परियोजनायें 13 हैं। इसमें से 03 पूरी कर ली गयी है। 10 पर कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि संस्कृति विभाग के अंतर्गत 03 परियोजनाओं में से 02 पर कार्य चल रहा है और स्मार्ट सिटी के अंतर्गत 02 परियोजनाओं में से 01 पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में मंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाए। समीक्षा बैठक में पर्यटन सलाहकार जेपी सिंह, जीएम अश्वनी मिश्रा, उपनिदेशक दिनेश एवं कल्याण सिंह तथा पर्यटन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# जग जीवन मिश्र को संत तुलसी व राम नरेश को अवधी गौरव सम्मान

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

श्री रामलीला समिति ऐशबाग तुलसी शोध संस्थान के तत्वावधान में आज दोपहर तुलसी सभागार में तुलसी जयन्ती (अवधी दिवस) पर आयोजित समारोह में डॉ जग जीवन मिश्र को संत तुलसी व डॉ राम नरेश को अवधी गौरव सम्मान-2023 मिला। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ दिनेश शर्मा पूर्व उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि पवन सिंह चौहान सदस्य विधान परिषद, पं. आदित्य द्विवेदी और हरीश चन्द्र अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कवि डॉ जग जीवन मिश्र (सीतापुर) को संत तुलसी सम्मान-2023 एवं साहित्यकार डॉ. राम नरेश (उन्नाव) को अवधी गौरव सम्मान-2023 से सम्मानित किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा (पूर्व उपमुख्यमंत्री) ने कहा कि अवधी संस्कार की भाषा है। विशिष्ट अतिथि पवन सिंह (सदस्य विधान परिषद) ने बाबा तुलसी के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होनें आगे कहा कि जो मिठास अवधी भाषा में है, वह अन्यन्त्र दुर्लभ है। मयंक रंजन ने अवधी को मातृभाषा बताया। समारोह में डॉ दिनेश अवस्थी की अध्यक्षता एवं डॉ अशोक अज्ञानी के संचालन में आयोजित अवधी कवि सम्मेलन में डॉ. रामनरेश ने अवध महत्ता को आलोकित करते हुए सुनाया -हिन्दी की सह भाषाओं में अवधी सर्वाधिक उदान्त भाषा है, जिसने भारतीय संस्कृति को श्रेष्ठतम रूप में संवारा है। जगजीवन मिश्र ने एक मुक्तक में कहा-दास जो राम के जिनगी भर हुई गये, उनके अपने से दूसरे के घर हुई गये, प्रेरणा अब दिहिन रत्न रत्नावली , रचिके मानस का तुलसीअमर हुइ गये।

कवि राम किशोर तिवारी ने सुनाया-वेद पुरानन का मथिकै, तुलसी यहु राम कथामृत दइगे, घोर अंधेरा भगाय के अन्दर सुन्दर दीपशिखा धइगे। डॉ. मधु गौड़ ने समसामयिक सरोकारों को अपनी रचनाओं में कुछ इस तरह उकेरा-रिस्तन मा मल्ल युद्ध अब तो ठनि गवा अरे, पायेन नहीं दहेजु तो मुहु बनि गवा अरे, कलिही उतारी बहुरिया बड़ी शान से मुला, कोतवाली वाला जस्सु आजु मनि गवा अरे।

# 24 घण्टे के अन्दर हत्याकाण्ड का खुलासा, दो गिरफ्तार

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



सोमवार को थाना धानेपुर क्षेत्र के अन्तर्गत गन्ने के खेत में एक लड़के का शव प्राप्त हुआ था। सूचना पर उच्चाधिकारियों द्वारा फील्ड यूनिट व फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल ने घटना के जल्द से जल्द अनावरण व आरोपी अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष धानेपुर को निर्देशित किया गया था।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना धानेपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक 23.08.2023 को घटना का अनावरण कर घटना कारित करने वाले 02 आरोपी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि मृतक सतीश का मेरी बेटी के साथ प्रेमप्रसंग था तथा दिनांक 20/21.08.2023 की रात्रि सतीश व अपनी बेटी को अपने घर में एक साथ देख लिया था।

इसी बात से क्षुब्ध होकर मैने अपने बेटे के साथ मिलकर अपनी बेटी व सतीश को जान से मार दिया था। सतीश का शव हमलोगो द्वारा गन्ने के खेत में फेंक दिया गया था तथा अपनी बेटी को अयोध्या के शमशान घाट में दफना दिया था।

पुलिस टीम द्वारा जनपद अयोध्या से मृतका आरती का शव बरामद कर लिया गया है। अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना धानेपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा उत्साहवर्द्धन हेतु घटना के शीघ्र अनावरण करने वाली टीम को पुरूस्कृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त :** 01. कृपाराम पुत्र स्व0 शिवराम नि0 मेहनौन थाना धानेपुर जनपद गोण्डा।

02. राघवराम पुत्र कृपाराम नि0 मेहनौन थाना धानेपुर जनपद गोण्डा।

### पुलिस कर्मियों के साथ अभद्रता करने के चार आरोपी गिरफ्तार



आज दिनांक 23.08.2023 को पी0आर0वी0 0886 कालर अजय सिंह की सूचना पर ग्राम चौरी परिहार गए थे। पी0आर0वी0 कर्मचारियों द्वारा जब कालर की बात सुनी जा रही थी उसी समय कॉलर पी0आर0वी0 कर्मियों को गाली-गुप्ता देने लगा था। पी0आर0वी0 की सूचना पर थाना खरगूपुर के उ0नि0 चन्द्रसेन वर्मा मय पुलिस बल के ग्राम चौरी परिहार पहुँचे तो अजय सिंह अपने परिजनों के साथ लाठी-डण्डा से लैस होकर पुलिस पार्टी के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया था। जिसके सम्बन्ध में थाना खरगूपुर में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। खरगूपुर पुलिस द्वारा घटना कारित करने वाले 04 आरोपी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार आरोपी :** 01. अभय सिंह उर्फ रिंकू पुत्र नरसिंह बहादुर सिंह नि0 ग्राम चौरी परिहार थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा। 02. समरथ सिंह पुत्र स्व0 छेदी सिंह नि0 ग्राम चौरी परिहार थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा। 03. श्रीमती गीता देवी पत्नी अजय सिंह नि0 ग्राम चौरी परिहार थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा। 04. श्रीमती सावित्री देवी पत्नी अरून सिंह नि0 ग्राम चौरी परिहार थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

# जिलाधिकारी के प्रयासों का प्रतिफल, एक साल बाद जिंदा हो सकी शोभावती

- सरकारी दस्तावेजों में मृत दिखाकर रोक दी गयी थी वृद्धावस्था पेंशन
- वृद्धावस्था पेंशन संबंधी कार्यवाही शुरू, अन्य लाभार्थियों के साथ महिला के खाते में होगा भुगतान




गोंडा, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा के प्रयासों का प्रतिफल है कि एक साल बाद शोभावती एक बार फिर जिंदा हो गई। यह सुनने में अटपटा जरूर लगेगा लेकिन सच है।

असल में, करीब डेढ़ साल पहले 75 वर्ष शोभावती को सरकारी दस्तावेजों में मृत दिखाकर उनकी वृद्धावस्था पेंशन रोक दी गई थी। तब से शोभावती लगातार खुद को जिंदा साबित करने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहीं थीं। मामला संज्ञान में आने के बाद जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने तत्काल कार्यवाही के आदेश जारी किए। नतीजा, शोभावती को जीवित मानते हुए वृद्धावस्था पेंशन का लाभ उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

मामला मनकापुर विकासखण्ड के उपाध्यायपुर ग्रंट का है। यहां की निवासिनी 75 वर्षीय शोभावती के पति जगदंबा प्रसाद का देहांत हो चुका है। करीब डेढ़ साल पहले अधिकारियों ने शोभावती को भी कागज में मृत घोषित कर दिया था। जिसके बाद उनको वृद्धावस्था पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा था। शोभावती के लिए पेंशन ही एक सहारा था। जिसके बंद होने से वह लाचारी व बेबसी भरी जिंदगी काटने के लिए मजबूर हो गईं। ऐसे में खुद को जिंदा साबित करने के लिए यह बुजुर्ग महिला बीते करीब एक साल से विकासखण्ड से लेकर जिला मुख्यालय तक के चक्कर लगा रही थी।

बीते दिनों यह प्रकरण जिलाधिकारी नेहा शर्मा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा इस प्रकरण में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए।

### शीघ्र ही खाते में प्रेषित की जाएगी पेंशन

जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि महिला को बीती 22 अगस्त 2022 में पेंशन जारी की गई थी। उसके बाद ब्लॉक स्तर पर किए गए सत्यापन में महिला के मृत होने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके आधार पर पेंशन रोक दी गई। प्रकरण पहले भी सामने आया है। विभागीय स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित की गई है। महिला की शिकायत पर दस्तावेजों में संशोधन करके वृद्धावस्था पेंशन के लिए प्रकरण प्रेषित कर दिया गया है। शीघ्र ही महिला की पेंशन अन्य लाभार्थियों के साथ ही लखनऊ से उसके खाते में प्रेषित की जाएगी।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान चलाकर एकत्र किये कई नमूने

गोंडा, समृद्धि न्यूज।




जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशानुसार प्रवर्तन कार्यवाही के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वद्व अजीत कुमार मिश्र द्वारा गठित विशेष अभियान के अंतर्गत मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में बेलसर रोड तिवारी बाजार एवं आवास विकास चौराहा, जजेज कॉलोनी, अंबेडकर चौराहा, मुन्न खां चौराहा पर टीम द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पाद एवं अन्य खाद्य पदार्थों की जांच की गई।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान टीम द्वारा चार दूध, एक पेड़ा का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया एवं एक दूध का सर्विलांस नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया।

इस मौके पर जांच टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी जयप्रकाश, विनोद वर्मा, युगुल किशोर, संतोष कुमार, मनीष मल्ल आदि उपस्थित रहे।

इसके साथ ही उन्होंने बताया है कि भैंस का दूध मड़ईया चौराहा गोंडा, मिश्रित दूध आवास विकास, भैंस का दूध आवास विकास, मिश्रित दूध आवास विकास, पेड़ा अंबेडकर चौराहा, गाय का दूध (सर्विलांस) जजेज कॉलोनी गोंडा से नमूना लिया गया।

# प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित

- उच्च आदर्शों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया
- विद्यार्थियों को उच्च शैक्षिक लक्ष्य बना कर शिक्षा ग्रहण करने की दी सीख

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



आज श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के मुख्य परिसर में बी. ए .एवं बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं का दीक्षारंभ ( इंडक्शन) कार्यक्रम प्राचार्य प्रो रवींद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में प्रारंभ हुआ। प्रो पाण्डे ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा के उच्च आदर्शों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 की अच्छाइयों एवं बारीकियों पर प्रकाश डाला। प्राचार्य जी ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में हर प्रकार से संभव सहायता एवं पठन पाठन की सुविधा दिलाने की बात की। प्रोफेसर शिव शरण शुक्ल ने विद्यार्थियों को उच्च शैक्षिक लक्ष्य बना कर शिक्षा ग्रहण करने की सीख दी। मुख्य नियंता प्रो. आर बी एस बघेल ने छात्र छात्राओं को अनुशासन की सीख दी,और जीवन में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय परिसर में उपस्थित होने का पाठ पढ़ाया , प्रो दीना नाथ तिवारी ,प्रो अतुल कुमार सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया।

असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्ट पूजा यादव डॉक्टर मनीषा पाल डॉक्टर हरीश शुक्ला, डॉक्टर परवेज, डॉक्टर विवेक सिंह एवं डॉक्टर अमित शुक्ला ने भी महाविधालय की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। वाणिज्य संकाय के प्रो एवं विभागाध्यक्ष डॉक्टर बी पी सिंह प्रो विजय अग्रवाल, प्रो राजीव अग्रवाल डॉक्टर डी के सिंह डॉक्टर अरुण प्रताप सिंह ने दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को महाविद्यालय एवं संकाय द्म बारे में जानकारी दी और अनुशासित रह कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

प्रोफेसर मंशाराम वर्मा, विभागाध्यक्ष संस्कृत ने विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा को पुनः स्थापित कर वैज्ञानिक ,आध्यात्मिक एवं भौतिक विकास समन्वित रूप से करने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का गुर सिखाया। मीडिया प्रभारी प्रो शिव शरण शुक्ल ने सभी विद्वान वक्ताओं को धन्यवाद दिया।

## खबरें एक नजर में

### सचिव ने किया वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा के सचिव नितिन श्रीवास्तव अपर जिला जज एफटीसी ने गोण्डा के वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधीक्षिका केस वर्कर निधि त्रिपाठी ने बताया कि कुल 6 पीड़िताऐं वन स्टाप सेन्टर गोण्डा में संरक्षित हैं। सचिव द्वारा वन स्टाप सेन्टर में उपस्थित पीड़िताओं से मुलाकात की गई तथा उनके खान-पान एवं रहन-सहन के बारे में उनसे जानकारी ली गयी। सचिव द्वारा समस्या के विषय में पूछे जाने पर प्रभारी अधीक्षिका केस वर्कर ने बताया कि वन स्टाप सेन्टर में आने के लिये सामने से कोई रास्ता नही है, मर्चुरी एवं ट्रांसफार्मर से होते हुये आना पड़ता है। रात में पीड़ितायें उसी रास्ते से आती हैं, जिससे आने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस पर सचिव द्वारा जिलाधिकारी से वार्ता कर समाधान करवाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता दीपशिखा शुक्ला, स्टाफ नर्स कृष्णावती पाण्डेय, कम्प्यूटर आपरेटर रिचा तिवारी, मल्टी पर्पज अर्चना उपाध्याय, वन स्टाप सेन्टर की महिला आरक्षी गीता यादव, कंचन सिंह, रीना वर्मा व रश्मि वर्मा उपस्थित रही।

### वैन से होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** नौ सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए गुरुवार को जिला जज द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा। यह वाहन चारों तहसीलों में जाकर राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करेगी। अपर जिला जज ने बताया कि नौ सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमे बैंक वसूली, किरायेदारी वाद, मोबाइल फोन व केबल संबंधित प्रकरण, आयकर, बैंक व अन्य वित्तीय संस्थाओं से संबंधित प्रकरण, दीवानी वाद, उत्तराधिकार वाद, पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, चेक बाउंस के मामले, आर्बिट्रेशन वाद, चालानी एवं अन्य शमनीय प्रकृत के फौजदारी मामलों का निस्तारण कराया जा सकता है। उन्होंने लोगों से राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों का निस्तारण कराने की अपील की है।

### रात्रि जागरण भजनों पर झूमे श्रद्धाल

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को दुखहरण नाथ मंदिर पर पवित्र सावन माह के अवसर पर बाबा भोलेनाथ का रात्रि जागरण का आयोजन दुखहरण नाथ मंदिर के सेवकों द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें भजनों की शुरुआत भजन गायक गितेश प्रकाश ने गणेश वंदना से किया। उसके बाद लखनऊ के भजन गायक अंशू गोस्वामी पागल बाबा ने गाया, मंदिर बन गया प्यारा - प्यारा बाबा तुमको आना है... ऊं नमः शिवाय शम्भू ऊं नमः शिवाय.. आदि भजनों की प्रस्तुति दी। फिर भजन गायिका ज्योति गोस्वामी श्याम पगली के भजनों पर बाबा के भक्त झूम उठे। भजन गायिका भोलेनाथ के साथ साथ बाबा खाटू श्याम जी की भी भजनों की हाजिरी लगाई। राजा छलिया ग्रुप द्वारा झांकी द्वारा दिखाई गई। मंच का संचालन राघव पंडित ने किया। म्यूजिक विनय म्यूजिकल ग्रुप रहा। जागरण की समाप्ति आरती से हुई। बुधवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर के महन्त राघवेन्द्र मोहन,उमेश शुक्ला, संदीप मेहरोत्रा, संतोष सोनी,रवि सोनी, अमित सोनी, के डी मिश्रा, निशु शुक्ला, डॉ अनिल कुमार, वरदान मेहरोत्रा, रोबिन, शनि जायसवाल, मनीष तिवारी, राजू ओझा, पवन मिश्रा, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों से नाबालिका ने लगाई फांसी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत गोंडा बहराइच हाईवे पर स्थित मकान में रहने वाली एक पन्द्रह वर्षीय नाबालिक बालिका सोनम मिश्रा ने साड़ी के फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना विशेश्वरगंज के ग्राम कंछर निवासी नानबाबू मिश्रा की एक पन्द्रह वर्षीय नाबालिक लड़की सोनम ने बुधवार दोपहर बाद अज्ञात कारणों से छत की रेलिंग से लटककर फांसी लगा ली। थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया कि सूचना पर लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय बहराइच भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने व तहरीर मिलने पर अगली आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# प्राचार्य के सफल एक वर्ष पूर्ण होने पर कराया रुद्राभिषेक

- प्रबंधसमिति ने प्राचार्य को दी शुभकामनाएं

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज रिसिया के प्राचार्य प्रोफेसर दिव्य दर्शन तिवारी का एक वर्ष पूर्ण होने पर महाविद्यालय के संस्थापक पुत्र कृष्ण लाल श्रीवास्तव प्रबंधक डॉ विश्वनाथ श्रीवास्तव अध्यक्ष डॉ सोहन लाल श्रीवास्तव सहित सभी लोगों ने प्राचार्य को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास के लिए रुद्राभिषेक एवं पाठ कराया जिसमें संस्थापक परिवार के समिति सदस्य एवं प्रबंध समिति के सदस्यों की उपस्थिति में साथ ही साथ महाविद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षक एवं शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्राचार्य ने बताया कि इस बीते एक वर्ष पूर्व चल रहे संकायों के अतिरिक्त बीएससी व एमए में गृहविज्ञान की मान्यता लायी गयी जिससे इस क्षेत्र के बच्चो को आसानी से शिक्षा प्राप्त कर सके।

# किसान डिग्री कालेज में मेगा मॉक ड्रिल सम्पन्न

- उच्च आदर्शों को आत्मसात करने के लिए किया प्रेरित

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



प्राकृतिक आपदा (भूकम्प) से बचाव के दृष्टिगत स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एन.डी.आर.एफ.) की 11वीं बटालियन वाराणसी के डिप्टी कमाण्डेन्ट अनिल कुमार पाल के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम द्वारा मेगा मॉक ड्रिल आयोजित भूकम्प तथा भूकम्प के कारण होने वाली अग्नि दुर्घटना में बचाव का पूर्वाभ्यास किया गया। मेगा मॉक ड्रिल के लिए तैयार की गई पटकथा के अनुसार महाविद्यालय का तीसरा माला भूकम्प आने से ध्वस्त हो जाता है। ऐसे में मलबे में फंसे 03 वयस्क व्यक्तियो तथा 01 बच्चे का रस्सी के माध्यम से रेस्क्यू करने का डिमान्ट्रेशन प्रस्तुत किया गया। भवन के तीसरे माले में भूकम्प के कारण फंसे हुए लोगों को रस्सी के माध्यम से सुरक्षित नीचे उतार कर सर्वप्रथम उन्हें प्राथमिक उपचार के उपरान्त घायल लोगों को स्ट्रैचर पर रख कर एम्बुलेन्स पर सवार जिला चिकित्सालय के लिए रवाना कर दिया गया। पटा कथा के अनुसार भूकम्प के कारण भवन में लगी आग के दौरान लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने तथा आग पर काबू पाने का डिमांस्ट्रेशन अग्निशमन विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया। मेगा मॉक ड्रिल के दौरान आपदा मित्रों व एनसीसी कैडेट्स द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर डॉ. पूजा यादव, तहसीलदार कैसरगंज अजय यादव व मिहींपुरवा के अम्बिका चौधरी, प्राचार्य केडीसी डॉ. विनय सक्सेना, पूर्व प्राचार्य मेजर डॉ. एस.पी. सिंह, एनडीआरएफ के इन्सपेक्टर अजय सिंह, आपदा विशेषज्ञ सुनील कुमार कनौजिया सहित राजस्व, स्वास्थ्य, आपूर्ति व अन्य विभागों के अधिकारी, केडीसी का शिक्षण स्टाफ तथा बड़ी संख्या छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मिट्टी की दीवार गिरने से युवक की मौत

- परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से किया इंकार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जनपद के समोखन गांव निवासी एक ग्रामीण की मिट्टी की दीवार गिरने से मलबे में दबकर मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर रहे हैं। ऐसे में स्थिति में असमंजस बन गया है। जिले में दो दिन से बारिश हो रही है। जिसके चलते मिट्टी की कच्ची दीवार में नमी आ गई है।

मटेरा थाना क्षेत्र के समोखन गांव में बारिश के कारण कच्ची दीवार गिरने से संतराम (40) पुत्र मैकूलाल की मौत हो गई। संतराम को मिट्टी में दबा देखकर घर में चीख पुकार मच गई।

आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर मिट्टी हटाने की कोशिश की,जब तक मिट्टी हटाते तब तक संतराम की सांस थम चुकी थी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची मटेरा पुलिस पहुंची है। संतराम एक लड़की तीन लड़के व पत्नी और बूढी मां को छोड़ गया।

क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंच कर क्षति आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंप दी है। वहीं परिवार के लोग शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर रहे हैं।

## जिले में चंद्रयान 3 की लैंडिंग को लेकर दिखा उत्साह

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मंजिलें क्या है रास्ता क्या है, हौसला हो तो फैसला क्या है? चंद्रयान-3 की लैंडिंग को लेकर बहराइच में लोगों में काफी उत्साह है। स्कूलों में लैंडिंग कार्यक्रम को लाइव दिखाने के लिए प्रोजेक्टर की व्यवस्था की गई है। जिससे बच्चों को चंद्रयान 3 की लैंडिंग की लाइव तस्वीर दिखाई जाएगी।चितौरा विकासखंड के कल शिक्षा अधिकारी राजकिशोर ने बताया कि यह कार्यक्रम सभी विद्यालयों में आयोजित किया जा रहे हैं। जबकि विकासखंड के अमीनपुर नगरौर प्राथमिक विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिले में 2803 प्राथमिक विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# लंबे समय से बंद इंटरसिटी का 25 अगस्त से फिर शुरू होगा संचालन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

बहराइच से बनारस जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन लगभग 5 माह से बंद चल रही है। इसका संचालन 25 अगस्त से दोबारा किया जा रहा है। इसके नोटिस स्टेशन पर चस्पा कर दी गई है। इससे जिले के लोगों में खुशी है। बहराइच सांसद अक्षयवर लाल गोंड के प्रयास से बहराइच और वाराणसी के बीच इंटरसिटी ट्रेन का संचालन एक वर्ष पूर्व शुरू हुआ था। लेकिन दो माह ट्रेन चलने के बाद पुनः बंद कर दिया गया था। इसके बाद ट्रेन का संचालन रेलवे के विभिन्न कार्यों को लेकर नहीं हो पाया था। अब दोबारा बहराइच से वाराणसी ट्रेन का संचालन 25 अगस्त से किया जा रहा है। इंटरसिटी ट्रेन संचालन के लिए स्टेशन पर अधीक्षक की ओर से नोटिस चस्पा करा दी गई है। इसको लेकर के जिले के लोगों में खुशी है। 25 अगस्त को इंटरसिटी ट्रेन संख्या 14213 गोंडा होते हुए बहराइच पहुंचेगी। वही 26 अगस्त को इंटरसिटी ट्रेन संख्या 14214 बहराइच से वाराणसी के लिए रवाना होगी। काफी समय बाद दोबारा ट्रेन के संचालन को लेकर जिले के लोगों में खुशी है। सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर आनंद कुमार गोंड ने बताया कि जिले के लोगों अब भगवान शिव की नगरी तक जाने के लिए सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन संचालन से जिले के लोगों को लाभ मिलेगा।

# किसान आयोग के गठन में सभी सदस्य और अध्यक्ष हों किसान : ठाकुर भानु प्रताप

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के देवलखा गांव में भारतीय किसान यूनियन भानू द्वारा राष्ट्रीय किसान महा पंचायत का आयोजन हुआ। महा पंचायत के मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह और विशिष्ट अतिथि प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा रहे।

कैसरगंज तहसील क्षेत्र के देवलखा में स्थित राम लीला मैदान में मंगलवार को राष्ट्रीय किसान महा पंचायत का आयोजन हुआ। महा पंचायत में भाकियू भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों की समस्या पर कोई सरकार ध्यान नहीं दे रही है। जिससे किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी नाथन आयोग की सिफारिश के तहत फसल का दाम लागत में 50 प्रतिशत लाभांश जोड़कर लाया जाए। इसके अलावा किसान आयोग के गठन में अध्यक्ष से लेकर सभी सदस्य किसान होने चाहिए।

सेना के जवानों के शहीद होने पर परिवार को पांच करोड़ और दंगे में शहीद होने वाले सिपाही/अधिकारी के परिवार को दो करोड़ का मुआवजा देने की मांग की। इसके अलावा किसानों का गन्ना बकाया, कृषि कार्य के लिए 24 घंटे बिजली देने समेत 15 सूत्रीय ज्ञापन प्रधानमंत्री को संबोधित एसडीएम कैसरगंज पंकज दीक्षित को सौंपा। महा पंचायत को विशिष्ट अतिथि प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता शिव भूषण सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री गजराज सिंह, जिलाध्यक्ष समेत अन्य ने संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश सचिव पप्पू शर्मा, शीला सिंह, आफताब आलम, राम रूप सिंह, लल्लन प्रसाद, मोहम्मद सईद खान, दधीच कुमार श्रीवास्तव, सियाराम, छेदीराम आर्य, शिव कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

# डीएम ने इण्डियन बैंक के जागरूकता रथ को झण्डी दिखाकर किया रवाना

बहराइच, समृद्धि न्यूज।




- जागरूकता वाहन जनपद में भ्रमण कर सरकारी योजनाओं का करेगा प्रचार-प्रसार

विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के ग्रामों को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर प्रत्येक बृहस्पतिवार को आयोजित होने वाले ''सेवा से संतृप्तिकरण'' अभियान के दृष्टिगत जनपद वासियों में जनजागरूकता लाये जाने के मद्देनजर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने इण्डियन बैंक के उप महा प्रबन्धक रवीन्द्र सिंह के साथ कलेक्ट्रेट परिसर से इण्डियन बैंक के जागरूकता रथ को रवाना किया। जागरूकता रथ 24 अगस्त 2023 को ब्लाक पयागपुर अन्तर्गत न्याय पंचायत खुटेहना में आयोजित होने वाले ''सेवा से संतृप्तिकरण'' शिविर के दृष्टिगत खुटेहना न्याय पंचायत के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों अरकापुर, खोरिया शरीफ, खुटेहना, इटवाहरदास, कोल्हुवा, लहडौरा, सतपेड़िया, रजुवापुर व बेलवापदुम में 02 दिन तक भ्रमण कर सरकार व बैंक द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर ग्रामवासियों को शिविर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करेगा। इसके अलावा जागरूकता रथ जनपद के अन्य स्थानों पर भी भ्रमण कर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा तथा बैकों द्वारा संचालित योजनाओं का भी प्रचार-प्रसार करेगा। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, डीसीएनआरएलएम रामेन्द्र कुशवाहा, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, मुख्य प्रबन्धक अतीश कुमार व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ छात्रों की संख्या बढ़ायें : डीएम

माण्टेसरी उच्च माध्यमिक विद्यालय बहराइच के प्रागंण में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबन्ध कारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। विद्यालय के प्रबन्धक स्व. मैथिली शरण श्रीवास्तव के 08 जुलाई 2023 को हुए आकस्मिक निधन के परिणामस्वरूप पदेन अध्यक्ष डीएम की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबन्ध कारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। पूर्व प्रबन्धक के शेष कार्यकाल हेतु प्रबन्धक के रिक्त पद की पूर्ति हेतु प्रधानाचार्या रीता वर्मा द्वारा प्रबन्ध कारिणी समिति के सदस्य सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य आर.पी.एन. श्रीवास्तव के नाम का प्रस्ताव किया गया जिसका समर्थन प्रीती कौर ने किया जबकि उपस्थित अन्य सदस्यों द्वारा ध्वनि मत से सहर्ष अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में आय-व्यय पर विचार-विमर्श के दौरान डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि आगामी बैठक में आय-व्यय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाय। छात्र-छात्राओं तथा शिक्षण स्टाफ पर चर्चा के दौरान डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ छात्राओं की संख्या बढ़ाये जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाण्डेय सहित विद्यालय कारिणी समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ब्लाइंड मर्डर का किया खुलासा

## प्रेमिका की बेटी पर बुरी नजर डालने के कारण हुई थी अधेड़ की हत्या

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस को मिली बड़ी सफलता 24 घंटे के अंदर ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए दो हत्या आरोपियों को किया गिरफ्तार प्रेमिका की बेटी पर बुरी नजर डालने के कारण हुई थी अधेड़ युवक की हत्या मामला गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत दाउदपुर रामनगर गांव का था जहां बीते 21 अगस्त को मेडीं लाल पुत्र सुकरू उम्र 50 वर्ष का शव गांव से बाहर थोड़ी दूर जंगल में पड़ा मिला था मृतक के बेटे सुनील कुमार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जहां मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद जांच शुरू की जैसे ही पुलिस की जांच आगे बढ़ी तो सामने एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है जिसे जानकर पुलिस के होश उड़ गए पुलिस की जांच में पाया गया कि मृतक मेरी लाल कि पड़ोस में रहने वाली महिला गीत के साथ अवैध संबंध थे जिसकी जानकारी गांव वालों को भी थी मृतक मेरे लाल उसे महिला के घर भी आया जाया करता था लेकिन उसकी नजर प्रेमिका गीता की 19 वर्षीय बेटी रोशनी पर थी मृतक मेडीं लाल आए दिन उसकी बेटी से छेड़खानी किया



करता था इसका विरोध दोनों मां बेटी ने किया था लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया इसी बात से तंग आकर दोनों मां बेटी ने मिलकर मेडीं लाल को रात करीब 12:00 बजे अपने घर के पिछले दरवाजे पर बुलाया और डंडे से पीट कर चुनरी से गला घोट कर उसकी हत्या कर दी हत्या करने के बाद दोनों मां बेटी ने शव को चादर से लपेटकर घर से 100 मीटर दूरी पर फेंक दिया पुलिस ने जब दोनों मां बेटी से कड़ाई से पूछताछ की तो दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए कर लिया और हत्या में प्रयुक्त डंडा, चुनरी व चादर को भी बरामद करा दिया पुलिस ने दोनों मां बेटी को गिरफ्तार करके न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।



### चंद्रयान की लैंडिंग देख खुशी से झूमे छात्र और शिक्षक

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** चन्द्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इन्टर कॉलेज लालगंज में चंद्रयान 3 का लाइव प्रसारण दिखाया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भाग लिया। पहले सभी ने चंद्रयान की सफलता हेतु माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्रार्थना की। चंद्रयान 3 के चंद्रमा पर पहुचते ही सभी खुशी से झूम उठे और भारत माता की जय घोष से संपूर्ण विद्यालय गूँज उठा.!विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश शुक्ला ने इसरो के सभी वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि आज का यह क्षण अविस्मरणीय है आज भारत ने जो इतिहास रचा है हम सभी के लिए खुशी की बात है। इस मौके पर रोहित शर्मा, दिग्विजय सिंह, भावेश, संजय बाजपेई, कमलेश, दिनेश, शुभम, शैलेन्द्र, नीतू, गरिमा, मीनाक्षी इन्दू, नेहा, अनामिका आदि शिक्षक, शिक्षिकाओं सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रही।

## खबरें एक नजर में

### मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में पांच घायल

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** स्थानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नीम टीकर गांव के पास दो मोटरसाइकिल में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर जानकारी के मुताबिक पवन अवस्थी, वा उनकी भाभी मिथिलेश एवं भतीजा गिरधर अवस्थी निवासी देहली थाना शिवगढ़ एक तेरही समारोह में शामिल होने के लिए लखनऊ गए हुए थे वापस आते समय नीम टिकट गांव के पास विपरीत दिशा में चले आ रहे हैं उमाशंकर पुत्र सोनेलाल एवं अरुण पुत्र शंभू निवासी गुरुदेव खेड़ा सरौरा ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस वह स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को बछरावां सीएससी लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार होने के बाद सभी की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

### बारिश से नगर की विद्युत व्यवस्था ध्वस्त

**शुक्लागंज-उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** नगर में मंगलवार और बुधवार को हुई बारिश के चलते जगह-जगह पानी भर जाने से नागरिकों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वही बारिश के कारण नगर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई हैं। बारिश के कारण कई स्थानों पर फाल्टों के चलते विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी है वही लगातार बारिश के कारण नगर टापू नजर आ रहा है। नगर में खाली जगह के साथ-साथ कई मोहल्ले पानी से लबालब भरे दिखाई दिये। साथ ही लोगों के घरों में बारिश का पानी भर गया है। कई सालों बाद नगरवासियों को ऐसी बारिश से सामना करना पड़ रहा है। नगर के इंदिरा नगर, रविदास नगर, गांधीनगर, रशीद कॉलोनी, सीताराम कॉलोनी, चंपापुरवा, करीमुल्ला कॉलोनी, आनंद नगर, सुभाष नगर, प्रेमनगर, रामनगर, अलीनगर, आजाद नगर, नबीनगर, सर्वोदय नगर, रहमत नगर, बिंदानगर, भातूफार्म, गायत्री नगर सहित नगर के विभिन्न इलाकों में बारिश के चलते घुटनों तक पानी भरा नजर आ रहा है। यहां के निवासियों को घर से निकलकर काम पर जाना मुश्किल हो रहा है। लगातार हो रही बारिश के चलते नगर की आरसीसी व इंटरलॉकिंग रोडो पर पानी ही पानी दिखाई दे रहा है।

### बाढ़ क्षेत्रों में स्वास्थ कर्मियों ने बांटी दवाईयां

**शुक्लागंज-उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** नगर में गंगा का जलस्तर खतरे का निशान पार कर गया है। उफनाई गंगा से चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है। लगातार गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। सैकड़ों घर जलमग्न हो गए हैं। राहत के लिए जिला प्रशासन के निर्देश के चलते न्यू प्राथमिक स्वास्थ केंद्र की टीम ने बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों मे फार्मासिस्ट अवनीश और चिकित्सा अधिकारी महेश्वरी व स्वास्थ्यकर्मी अखिलेश ने दवाइयों का वितरण किया। वही जिन क्षेत्रों पानी भरा है वहां पर बिजली काट दी गई है। अंधेरा छाया हुआ है। मंगलवार सुबह 8 बजे गंगा का जलस्तर 113.040 मीटर पर पहुंच गया। वही बुधवार को दोपहर 3 बजे 113.120 मीटर पहुंच गया। उफनाई गंगा के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों मकान जलमग्न हो गए हैं। वहीं तेजी से ग्रामीण क्षेत्रों में भी पानी फैल रहा है। इसके अलावा नेतुआ, आजाद नगर, राजीव नगर बस्ती में भी पानी पहुंचने लगा है। वहीं श्रीनगर, रविदास नगर, मालवीय नगर, चंपापुरवा, गोताखोर, कर्बला, हुसैन नगर, मोहम्मद नगर के हाल बुरे हो गये हैं। यहां के लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं।



### दोस्तों संग नहाने गये किशोर की डूबकर मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सफीपुर तहसील क्षेत्र के सनहा पुलिया समीप नहाने गए किशोर के डूबने की सूचना से प्रशासन में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर गोताखोर बुलाकर लापता किशोर की तलाश शुरू की। कड़ी मशक्कत के बाद किशोर को पानी से बाहर निकाला। एसडीएम ने आनन-फानन सीएचसी में भर्ती कराया। जहां परीक्षण के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसफीपुर तहसील क्षेत्र के हमजापुर, सनहा, इब्राहिमाबाद, माढ़ापुर आदि गांवो में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बुधवार की सुबह सकहन राजपूतान गांव निवासी शुभम 16 पुत्र गंगाराम अपने कुछ दोस्तो के साथ सनहा पुलिया के समीप नहाने गया था। कुछ देर पानी में नहाने के बाद शुभम लापता हो गया। साथ में नहा रहे साथी भी पानी से निकलकर भाग निकले। पानी में किशोर के लापता होने की सूचना क्षेत्र में आकी तरह फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर एसडीएम रामदेव निषाद, कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण सिंह पुलिसबल के साथ मौके पर जा पहुंचे। एसडीएम ने गोताखोरों को बुलाकर खोजबीन शुरू कराई। काफी मशक्कत के बाद लापता शुभम को बाहर निकाला गया। एसडीएम रामदेव निषाद आनन-फानन बेहोशी की हालत में सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मौत की खबर मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। मृतक पांच बहनों में इकलौता भाई था। एसडीएम रामदेव ने बताया कि मृतक के परिजनो को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज-संडीला मार्ग पर बाइक सवार युवक को पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया। हैदराबाद कस्बा के मोहल्ला आर्य नगर निवासी छोटेलाल पुत्र विश्वनाथ बुधवार को किसी काम से मियागंज चौराहा जा रहा था अभी वह मकबूलखेड़ा गांव के पहुंचा था कि पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी सहित मौके से भाग निकला।

# बारिश होने से आम जनमानस सहित किसानों में खुशी की लहर

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गर्मी और सूखे जैसे हालात झेल रही आम जनमानस एवं किसानों को बारिश होने से मिली राहत पिछले कुछ दिनों से गर्मी ने हाहाकार मचा कर रखा हुआ था वही विद्युत विभाग की लगातार कटौती से आम जनमानस हैरान और परेशान था।

लेकिन मंगलवार को पूरा दिन हुई बूंदाबांदी और शाम को हो रही बारिश से किसानों के चेहरों पर मुस्कान ला दी तो वहीं बुधवार को भी शाम को लगातार बारिश जारी रही किसानों ने बताया कि धान की फसल के लिए यह बारिश अमृत के समान है क्योंकि इससे धान की फसल अच्छी हो जाएगी और पैदावार भी बढ़िया होगी वही आम जनमानस को लगातार भीषण गर्मी ने परेशान कर रखा था बारिश की वजह से जहां विद्युत भी बढ़िया आ रही है तो वही लो वोल्टेज की समस्या भी काफी हद तक खत्म हो गई बारिश होने से किसानों सहित आम जनमानस में खुशी की लहर देखी जा रही है।

# आपसी विवाद में पति ने पत्नी पर किया जानलेवा हमला

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र अंतर्गत पति-पत्नी के बीच हुए मामूली विवाद में खेत से लौटी पत्नी पर पति ने जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना पर पहुंचे महिला के मायके पक्ष वालों ने आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ ले गए जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जानकारी के मुताबिक शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़ी मजरे देहली गांव निवासी रामू पुत्र परीदीन का विवाह अमावा मतुर्जापुर थाना नगराम जनपद लखनऊ की रहने वाली प्रीति पुत्री महेश कुमार के साथ हुआ था बीते काफी समय से उसका अपने पति रामू के साथ विवाद चल रहा था बुधवार की सुबह प्रीति अपने खेत गई हुई थी वहां से वापस आते ही फिर दोनों में किसी बात को लेकर मामूली कहा सुनी हो गई इसमें दोनों के बीच कहा सुनी इतनी बढ़ी की रामू ने अपनी पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना पर पहुंचे प्रीति के पिता महेश व भाई ने घायल प्रीति को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पंहुचाया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर घायल महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहीं घायल महिला के पिता महेश कुमार के मुताबिक उसकी पुत्री प्रीती का उसके पति रामू के साथ काफी समय से विवाद चल रहा था बुधवार की सुबह किसी बात को लेकर दोनो के बीच फिर विवाद हुआ तो उसके पति रामू ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई इसकी सूचना जैसे ही हम लोगों को मिली तो हम लोग इसके घर गढ़ी पंहुचे तो देखा कि हमारी पुत्री घायल अवस्था में जमीन पर पड़ी हुई थी जिसे हम लोग तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य शिवगढ़ लेकर आए थे जहां पर इसका प्राथमिक उपचार कर इसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने इसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

वहीं इस मामले में क्षेत्राधिकार महाराजगंज इंद्रपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि घायल महिला की तहरीर के आधार पर शिवगढ़ थाने पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया शिवगढ़ पुलिस द्वारा उसके पति की तलाश की जा रही है।

# रायबरेली की सभी लोकसभा सीटों पर खिलेगा कमल : वीरेंद्र

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने यूपी में मिशन 80 का लक्ष्य रखा है, जिसमें से रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा का कमल खिलाना शीर्ष नेतृत्व की प्रथम प्राथमिकता में से है, यह लक्ष्य बिना कार्यकर्ताओं के सहयोग और उनके परिश्रम के पाना आसान नहीं है, इस लिए हम सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संगठन की सबसे निचली इकाई माने जाने वाले बूथ पर पार्टी की



पकड़ मजबूत करने में एकजुटता के साथ जुटना है, जिसके जरिए 2024 में तीसरी बार केंद्र की सत्ता में और रायबरेली से कमल खिलाने में सफलता मिलेगी। उक्त बातें आज रायबरेली लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने रायबरेली लोकसभा की हरचन्दपुर विधानसभा क्षेत्र के पंचायत भवन सताव में तथा सरेनी विधानसभा क्षेत्र की लालगंज में रामलीला मैदान के पास सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित बैठक में आगामी कार्ययोजना पर विषय बोलते हुये कहा।

उन्होंने कहा कि मिशन कांग्रेस मुक्त रायबरेली को सफल बनाने के लिए हर बूथ को जितना आवश्यक है अगर बूथ जीता, तो चुनाव जीता सिद्धान्त पर हम सभी को काम करना होगा। लोकसभा प्रभारी तिवारी ने कहा कि 2014 से लेकर 2022 तक लगातार सत्ता हासिल की इसका पूरा श्रेय भाजपा के आप सभी देवतुल्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का है।

# व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं : बनवारी लाल कंछल




**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सासंद बनवारी लाल कंछल का एक द्विसीय लालगंज में आगमन हुआ अध्यक्ष ने लालगंज के व्यापार मंडल कार्यालय में पदाधिकारी के साथ बैठक की जिसमें पदाधिकारियो एवं व्यापारियों की सभी समस्याओं को जानते हुए उनके उच्च अधिकारियों एवं संबंधित विभाग के मंत्रियों से त्वरित निस्तारण हेतु मिलेंगे ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में 25 सितंबर को पूरे प्रदेश में ऑनलाइन ट्रेडिंग का पुतला फूंका जाएगा उन्होंने कहा कि खाद्य विभाग के अधिकारी त्योहार के समय जब बिक्री का समय होता है तब व्यापारियों की दुकानों में जाकर सैंपलिंग का कार्य करते हैं अगर अधिकारियों को सैंपलिंग करनी है तो त्यौहार के ठीक 15 20 दिन पहले भरने का काम करें नही तो व्यापार मंडल के पदाधिकारी उन अधिकारियों को दुकान से कदेरने का काम करेंगे।

नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा की लालगंज में व्यापारियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत एवं कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# नेपाल में सम्मानित हुए रायबरेली के अवधी साहित्यकार

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार, नेपालगंज, जिला बांके, लुम्बिनी प्रदेश, नेपाल के वाणिज्यिक सभागार में 526वा तुलसी जन्मोत्सव अथवा जयंती कार्यक्रम का आयोजन अवधी सांस्कृतिक प्रतिष्ठान केन्द्रीय कार्यसमिति नेपाल बांके, के अध्यक्ष विष्णु लाल कुमाल के संयोजन में सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम में मैनपुरी, सीतापुर, अयोध्या, बहराइच, रायबरेली एवं भिवानी हरियाणा आदि



से आये अवधी साहित्यकारों ने महान् संत एवं समाज सर्जक बाबा तुलसीदास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला, कार्यक्रम में तमाम साहित्यकारों के साथ रायबरेली उत्तर प्रदेश के साहित्यकारों इन्द्रेश भदौरिया इंद्रेश को अवधी साहित्य शिरोमणि सम्मान, शिव कुमार सिंह शिव को अवधी समाज गौरव सम्मान, इन्द्रजीत सिंह अर्चक हलियापुर को अवधी गौरव सम्मान एवं शिव बहादुर सिंह दिलवर को अवधी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। नेपाल की पावन धरती पर रायबरेली को पुनः सम्मानित किए जाने पर साहित्यकारों ने मित्र राष्ट्र नेपाल का आभार प्रकट किया।

### श्याम दरबार में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को बाबा खाटू श्याम का दरबार गणेश उत्सव हॉल बांगरमऊ के मोहल्ला खत्रियाना स्थित संतोषी माता मंदिर के गणेश उत्सव हाल में बीते मंगलवार की रात बाबा खाटू श्यामजी का दरबार सजाया गया। श्रोता भक्त रात भर बाबा खाटू श्याम के भजन श्रवण कर झूमते रहे। कानपुर के मशहूर कीर्तन कारों द्वारा बाबा खाटू श्याम का गुणगान किया गया। दिल्ली के कलाकारों द्वारा सुंदर-सुंदर मनमोहक झांकी भी सजाई गई।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बैठक सम्पन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व तरुण सक्सेना, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशा-निर्देशन में 09 सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु समस्त अपर जनपद न्यायाधीश व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, समस्त सिविल जज(व0 श्रेणी), समस्त अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेटगण, समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटगण, समस्त सिविल जज (क0 श्रेणी) के न्यायालयों में लंबित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण की रूपरेखा तय किये जाने हेतु बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आहूत की गयी। अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम सतीश कुमार त्रिपाठी के द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, जिससे अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। बैठक में पिछले लोक अदालत की सफलता को दोहराने व उसे और सफल बनाने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया गया जिसमें सभी ने अपने-अपने सुझाव साझा किये।

# अनियंत्रित पिकअप ने दुकानदार को मारी टक्कर, मौत

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदा बहराइच हाईवे निकट अल्पी खेड़ा गांव के पास मेले से वापस लौट रहे एक दुकानदार के चाट के ठेले में तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें चाट के ठेले के साथ चल रहे दुकानदार समेत उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल पिता पुत्र को आनन-फानन में सीएचसी बछरावां पहुंचाया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया परंतु ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही दुकानदार की मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया वही गंभीर रूप से घायल उसके पुत्र का ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज चल रहा है जानकारी के मुताबिक मंगलवार को नाग पंचमी के अवसर पर रानीखेड़ा गांव में लगने वाले मेले में गूढ़ा गांव निवासी राकेश वर्मा अपने दोनो पुत्रों उत्तम वर्मा व सत्यम वर्मा के साथ अपनी चाट की दुकान लेकर गए थे वहीं से वापस आते समय देर रात लगभग 8:45 बजे बांदा बहराइच हाईवे निकट अल्पी खेड़ा गांव के पास बछरावां की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने पीछे से उनके चाट के ठेले में जोरदार टक्कर मार दी और पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी खंती में पलट गया पिकअप की टक्कर से चाट के ठेले के साथ चल रहे दुकानदार राकेश वर्मा पुत्र बाबादीन उम्र लगभग 55 वर्ष व उनका पुत्र उत्तम वर्मा पुत्र राकेश वर्मा उम्र लगभग 19 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों द्वारा आनन फानन में दोनों घायलों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां ले जाया गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया परंतु ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही राकेश वर्मा की मौत हो गई वही उत्तम को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है वही दुकानदार की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है पत्नी मनोरमा का रो-रोकर बुरा हाल है वहीं इस मामले में थाना अध्यक्ष शिवगढ़ अरविंद सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों की तहरीर के आधार पर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया और पिकप को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के ऐतिहासिक पल के गवाह बने बच्चे

**भारत ने पूरे विश्व में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया : गौतम प्रकाश**

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के ऐतिहासिक पलों के गवाह बने परिषदीय विद्यालयों के बच्चे बेसिक शिक्षा विभाग के महानिदेशक के आदेश पर सभी परिषदीय विद्यालयों में प्रोजेक्टर के माध्यम से चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग का सभी परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं




शिक्षकों ने लाइव प्रसारण देखा गौरतलब हो कि बुधवार की शाम 5-15 बजे से लेकर शाम 6-15 बजे तक चंद्रयान 3 ने चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग कर विश्व में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया इसी कड़ी में विकास क्षेत्र शिवगढ़ के सभी परिषदीय विद्यालयों एवं ब्लाक संसाधन केंद्र परिसर में सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी शिवगढ़ गौतम प्रकाश की उपस्थिति में चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग का सीधा लाइव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा इस ऐतिहासिक पल को देख बीआरसी परिसर में मौजूद सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का सीना गर्व से चौड़ा हो गया वही इस मौके पर मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी शिवगढ़ गौतम प्रकाश ने कहा कि चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग से भारत में पूरे विश्व में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है साथी उन्होंने कहा कि विकास से शिवगढ़ के सभी परिषदीय विद्यालयों के 16 हजार बच्चों ने इस ऐतिहासिक पल का दीदार किया हम सभी के लिए इससे बड़ी गर्व की बात और क्या हो सकती है।

# आगामी त्यौहार के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**शिवगढ़, रायबरेली**

आगामी त्यौहार के के मद्देनजर थाना प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई बैठक में मौजूद सभी लोगों से थाना अध्यक्ष ने शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की गई गौरतलब हो की बुधवार को थाना परिसर शिवगढ़ में थाना अध्यक्ष शिवगढ़ अरविंद सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ आगामी रक्षाबंधन पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमे मौजूद लोगों से अपील करते हुए थाना अध्यक्ष ने कहा की पूर्व की भांति की सभी लोग आपसी भाई चारे के साथ त्यौहार मनाए यदि कोई व्यक्ति त्यौहार पर अराजकता फैलाने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना तुरंत स्थानीय थाने पर दे जिससे उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जा सके इस मौके पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों में प्रधान रतिपाल रावत, अजय कुमार ,प्रधान प्रतिनिधि अरुण रावत, सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि एवं संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे मकान संख्या EWS-532 शेखपुरा कॉलोनी विकास नगर लखनऊ PIN-226022 को उक्त भवन का आवास विकास का अलॉटमेंट लेटर जुलाई 2023 को वास्तव में खो गया है, जिसका F.I.R दिनांक 23/8/2023 (F.I.R No.2023318611) का है।
अरुण प्रकाश सिंह पुत्र स्वर्गीय मेदीलाल सिंह EWS -532 शेखपुरा कॉलोनी

**अदालती सूचना**

राम अचज बनाम राम राजी
वाद संख्या 151/1970 सिविल जज महोदय मुन्शिफ गोण्डा।
पेशी दिनांक 24/8/2023
विक्की पुत्र नन्द किशोर
आँसू पुत्र नन्द किशोर, ग्राम पूरे खाले पुरवा, मौजा बरसड़ा, तहसील तरबगंज - गोण्डा।

# चीन की 'नीयत' और भारत

चीन के साथ पिछले तीन वर्षों से भारत के सम्बन्ध जिस तल्खी के दौर से गुजर रहे हैं उसकी मूल वजह चीन की वह खोट भरी नीयत ही है जिसके चलते वह भारतीय सीमाओं में अतिक्रमण करता रहता है। जून 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में तैनात भारतीय सैनिकों के साथ चीनी फौजियों ने जिस तरह की हाथापाई और संघर्ष किया था उसमें भारत के 20 रणबांकुरे शहीद हो गये थे और उसके बाद से चीनी फौजें भारतीय सीमा क्षेत्र में घुस कर बैठ गई थीं। वैसे तो चीन की तरफ से बार-बार आपसी सम्बन्धों को सामान्य बनाने की बात कही जाती रही है मगर इसकी कथनी में भी फर्क देखने में आता रहता है। भारत की आन्तरिक राजनीति में भी चीन के रवैये को लेकर पिछले कुछ वर्षों से लगातार गर्मी बनी रहती है और विपक्षी दल सरकार की आलोचना करते रहते हैं परन्तु इतना निश्चित है कि जून 2020 से भारत-चीन की सीमाओं पर तनावपूर्ण माहौल लगातार बना हुआ है जिसे दूर करने के लिए अभी तक दोनों सेनाओं के कमांडर स्तर की 19 दौर की वार्ताएं भी हो चुकी हैं मगर नतीजा भारत की अपेक्षानुरूप नहीं निकल पाया है। ऐसे वातावरण के बीच दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग शहर में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी व चीन के राष्ट्रपति शी-जिन-पिंग के बीच आमने-सामने की बातचीत की संभावनाएं 'ब्रिक्स' सम्मेलन के चलते बलवती हुई हैं। श्री मोदी 22 अगस्त को दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर रवाना हुए हैं। वह ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रीका) सम्मेलन में तीन दिन तक भाग लेंगे। इसमें चीन के राष्ट्रपति भी भाग लेने आ रहे हैं जबकि रूस के राष्ट्रपति वीडियो कान्फ्रेंस के जरिये ही इसमें शामिल होंगे। पिछले तीन साल में यह पहला मौका होगा जब श्री मोदी व शी-जिन-पिंग के बीच कायदे से आपसी बातचीत हो सकती है और इसमें दोनों देशों के आपसी सम्बन्धों के बारे में रचनात्मक बातचीत हो सकती है। भारत के रक्षा व कूटनीतिक विशेषज्ञ शुरू से ही सावधान कर रहे है कि चीन लद्दाख से गुजर रही सीमाओं नियन्त्रण रेखा को बदल देना चाहता है जिसकी वजह से लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश से लगी सीमाओं में यह परिवर्तन करने पर आमादा लगता है। चीन के बारे में भारत में यह धारणा बन चुकी है कि जून 2020 के बाद से वह भारत की कम से कम दो हजार वर्ग कि.मी. भूमि को कब्जाये बैठा है। उसके साथ कमांडर स्तर की जो वार्ताएं होती हैं उनमें किश्तों में वह भारतीय जवानों को पुरानी चौकियों पर तैनात होकर सुरक्षा करने को सहमति देता है और पीछे हटने का नाटक करता रहता है मगर भारत के इलाके वाले क्षेत्र में सैनिक निर्माण कार्य भी करता रहता है। पूरा भारत चीन की इस खोटी नजर को भलि-भांति पहचानता है क्योंकि 1962 में अकारण ही इसने भारत की पीठ में छुरा घोंपते हुए विश्वासघात करके हमला कर दिया था और इसकी फौजें असम रा'य के 'तेजपुर' तक आ गईं थीं। बाद में प. नेहरू की अन्तर्राष्ट्रीय छवि को देखते हुए विश्व के अधिसंख्य देशों ने चीन को इस कदर जलील किया कि इसे अपनी फौजें पीछे हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा मगर उस समय चीन भारत का पूरा अक्साई चिन इलाका अपने कब्जे में लेकर बैठ गया। तब से यह क्षेत्र इसके कब्जे में है मगर 196× में पाकिस्तान ने एक और शातिराना हरकत की और पाक अधिकृत कश्मीर का काराकोरम घाटी वाला पांच हजार वर्ग कि.मी. का इलाका इसे सौगात में दे दिया और चीन के साथ नया सीमा समझौता कर लिया। इतना ही नहीं जब 200× में भाजपा नीत एनडीए की वाजपेयी सरकार ने तिब्बत को चीन का हिस्सा स्वीकार किया तो चीन ने सिक्किम को भारतीय संघ का हिस्सा मानने के साथ ही अरुणाचल प्रदेश पर अपना अधिकार जमाना शुरू कर दिया। अतः चीन की विस्तारवादी नीति के प्रति हमें हमेशा ही सजग रहने की जरूरत है। यह ऐसा कम्युनिस्ट देश है जिसका यकीन अब पूंजीवादी विस्तारवाद पर भी हो गया है और यह दुनिया के कम विकसित व गरीब देशों को इसी नीति के चलते नयी साम्रा'यवादी व्यवस्था कायम करना चाहता है। मगर भारत की स्थिति अब 1962 वाली नहीं है।

# भारत बनेगा दुनिया का ग्रोथ इंजन

एडवोकेट किशन भावनानी

**ब्रिक्स के विस्तार की पुरजोर कोशिशें की जा रही है जिसमें चीन अपने समर्थकों पाकिस्तान ईरान इत्यादि देशों को शामिल करना चाहता है, वही भारत भी इस पक्ष में है कि कुछ देशों को जोड़ा जाए, जिसमें 23 देशों के नामांकन प्राप्त हुए हैं वहीं दूसरी ओर विश्व में अमेरिका और नाटो देशों की पहली पसंद भारत होते जा रहा है। बता दें व्हाइट हाउस से जानकारी जारी हो गई है कि 7-10 सितंबर 2023 को अमेरिकन राष्ट्रपति भारत जी-20 की सभा में शामिल होने भारत आ रहे हैं वही चंद्रयान-3 की अंतरिक्ष के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग 23 अगस्त 2023 शाम 6.04 पर करीब करीब सफलता से होना निश्चित है और ब्रिक्स बिजनेस फोरम में जिस तरह 23 अगस्त 2023 को देर रात्रि अपने संबोधन में भारत नें आर्थिक क्षेत्र की हुंकार भरी और भारत को जल्द तीसरी अर्थव्यवस्था में आने और विश्व का ग्रोथ इंजन बनने तेजी से बढ़ने की बात कही है।**

वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को एक विशिष्ट दर्जा प्राप्त हो जाता है। यानें भारत की उपस्थिति से उस मंच पर एक अद्भुत वज़न आ जाता है और सम्मेलन में चार चांद लग जाते हैं। यही कारण है कि हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की पूछ परख होती है। बड़े-बड़े नेताओं की निगाहें भारतीय पीएम को ढूंढती नजर आती है जैसे हमने टीवी चैनलों पर अमेरिका ऑस्ट्रेलिया इत्यादि के राष्ट्र प्रमुखों द्वारा ऑटोग्राफ बॉस इत्यादि संबोधनों से देख चुके हैं। अब दिनांक 22-25 अगस्त 2023 को दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में 15 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन है जिसके लिए माननीय पीएम 22 अगस्त 2023 को सुबह रवाना हुए थे, चूंकि भारत की यह पौराणिक प्रवृत्ति रही है के दिल दिमाग में भारत के विकास की गाथाओं में नए नए अध्याय जोड़ने की सोच हमेशा समाई रहती है इसलिए हम हिंदुस्तानियों को उम्मीद है, जोहानेसबर्ग में भी हम हमें बल मिलेगा जिस के सहयोग से विश्व मानवीय कल्याण के कामों को आगे बढ़ाते हुए भारत को विश्व गुरु बनाएंगे।

ब्रिक्स के विस्तार की पुरजोर कोशिशें की जा रही है जिसमें चीन अपने समर्थकों पाकिस्तान ईरान इत्यादि देशों को शामिल करना चाहता है, वही भारत भी इस पक्ष में है कि कुछ देशों को जोड़ा जाए, जिसमें 23 देशों के नामांकन प्राप्त हुए हैं वहीं दूसरी ओर विश्व में अमेरिका और नाटो देशों की पहली पसंद भारत होते जा रहा है। बता दें व्हाइट हाउस से जानकारी जारी हो गई है कि 7-10 सितंबर 2023 को अमेरिकन राष्ट्रपति भारत जी-20 की सभा में शामिल होने भारत आ रहे हैं वही चंद्रयान-3 की अंतरिक्ष के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग 23 अगस्त 2023 शाम 6.04 पर करीब करीब सफलता से होना निश्चित है और ब्रिक्स बिजनेस फोरम में जिस तरह 23 अगस्त 2023 को देर रात्रि अपने संबोधन में भारत नें आर्थिक क्षेत्र की हुंकार भरी और भारत को जल्द तीसरी अर्थव्यवस्था में आने और विश्व का ग्रोथ इंजन बनने तेजी से बढ़ने की बात कही है। पीएम 23 अगस्त को ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होंगे।यह सम्मेलन 2 सत्र में होगा। 24 अगस्त को पीएम मोदी ब्रिक्स अफ्रीका आउटरीच कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। इस दौरे के दौरान दक्षिण अफ्रीका में पीएम कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। चूंकि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत के रुतबे को हम टीवी चैनल पर लाइव देख रहे हैं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22-25 अगस्त 2023 के बिजनेस फ़ोरम में भारत का आगाज। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम के 22 अगस्त 2023 के देर रात्रि




बिजनेस फ़ोरम में संबोधन की करें तो, ब्रिक्स बिजनेस फोरम लीडर्स डायलॉग को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा, ब्रिक्स देशों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल के बावजूद आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। जल्द ही भारत पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इस बारे में कोई संदेह नहीं कि आने वाले समय में भारत विश्व का ग्रोथ इंजन होगा। यह इसलिए है क्योंकि भारत ने आपदा और मुश्किलों के समय को आर्थिक सुधार के अवसर में परिवर्तित किया है। पीएम ने आगे कहा कि भारत में जीएसटी और इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड लागू होने के बाद निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र अब प्राइवेट सेक्टरों के लिए खोले गए हैं। हमने टेक्नोलॉजी के यूज के साथ वित्तीय समावेशन में एक छलांग लगाया है।

देश में आज स्ट्रीट वेंडर से लेकर शॉपिंग मॉल तक यूपीआई का उपयोग किया जा रहा है। हम भारत को सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन और हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए सक्रिय रूप से कदम उठा रहे हैं। वहीं ब्रिक्स बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कहा, हमें वैश्विक वित्तीय संस्थानों में बुनियादी सुधार की आवश्यकता है ताकि वे विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के सामने आनेवाली चुनौतियोंकेप्रति अधिक चुस्त और उत्तरदायी हो सकें। साथियों बात अगर हम 22अगस्त 2023 को सुबह ब्रिक्स सम्मेलन के लिए जाते समय पीएम के ट्वीट की करें तो, उन्होंने लिखा मैं दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति महामहिम श्री सिरिल रामफोसा के निमंत्रण पर 22 से 24 अगस्त 2023 तक ब्रिक्स शिखरसम्मेलन में भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका गणराज्य का दौरा कर रहा हूं। दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में जोहान्सबर्ग में आयोजित होने वाला यह 15वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन है। ब्रिक्स विभिन्न क्षेत्रों के लिए एक मजबूत सहयोग एजेंडा अपना रहा है। हम इस बात को महत्व देते हैं कि ब्रिक्स विकास की अनिवार्यताओं और बहुपक्षीय प्रणाली में सुधार सहित संपूर्ण ग्लोबल साउथ की चिंता के मुद्दों पर चर्चा और विचार-विमर्श करने का एक मंच बन गया है। यह शिखर सम्मेलन ब्रिक्स को भविष्य के सहयोग वाले क्षेत्रों की पहचान करने और संस्थागत विकास की समीक्षा करने का एक उपयोगी अवसर प्रदान करेगा। जोहान्सबर्ग में अपने प्रवास के दौरान, मैं ब्रिक्स-अफ्रीका आउटरीच और ब्रिक्स प्लस डायलॉग कार्यक्रम में भी भाग लूंगा जो ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की गतिविधियों के हिस्से के रूप में आयोजित किया जाएगा। मैं उन अनेक अतिथि देशों के साथ बातचीत करने की प्रतीक्षा कर रहा हूं, जिन्हें इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।मैं जोहान्सबर्ग में मौजूद कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने के लिए भी उत्सुक हूं।

बता दें 2019 के बाद पहली बार ब्रिक्स देशों ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के नेता एक मंच पर दिखाई देंगे। कोरोना महामारी और उसके बाद के वैश्विक प्रतिबंधों के उभरने के बाद व्यक्तिगत रूप से आयोजित होने वाला पहला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन होगा।।पीएम 24 अगस्त तक जोहानिसबर्ग में रहेंगे। इस दौरान वह चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर सकते हैं। सम्मेलन के बाद अफ्रीका आउटरीच और ब्रिक्स प्लस डायलॉग का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका की ओर से आमंत्रित अन्य देश शामिल होंगे। पीएम जोहानिसबर्ग में मौजूद कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। साथियों बात अगर हम सम्मेलन में भारत चीन मुलाकात की करें तो, विदेश सचिव ने कहा, जोहानिसबर्ग से, पीएम ग्रीस जाएंगे, जहां वह दोनों देशों के बीच समग्र संबंधों को विस्तार देने पर वहां के पीएम के साथ व्यापक बातचीत करेंगे। ब्रिक्स सम्मेलन से इतर भारत व चीन में द्विपक्षीय बैठक की संभावना पर बोले, पीएम का कार्यक्रम अभी भी तैयार किया जा रहा है। दोनों के बीच मुलाकात की संभावनाएं हैं।

विचार

# जीएसटी के जरिए सामाजिक बुराई पर चोट

हाल ही में, जीएसटी काउंसिल ने ऑनलाइन रियल मनी गेम्स पर ली जाने वाली पूरी प्रारंभिक राशि पर जीएसटी लगाने का फैसला किया है। पहले, जीएसटी केवल इन ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्मों द्वारा प्राप्त राशि (उनके कमीशन के रूप में) पर लगाया जाता था, जो कुल राशि का केवल एक छोटा सा हिस्सा था। हालांकि, प्रस्तावित जीएसटी अभी लागू नहीं किया जाएगा क्योंकि जीएसटी अधिनियम में इस प्रावधान को प्रभावी करने के बाद ही इस प्रस्ताव को लागू किया जा सकता है। लेकिन, जहां इस बात पर लगभग आम सहमति है कि इन गेम्स की लत असंख्य युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रही है, वहीं इन गेम्स के प्लेटफॉर्म संचालित करने वाली कंपनियों और वेंचर फंडों द्वारा जीएसटी काउंसिल के इस फैसले के खिलाफ जबरदस्त लॉबिंग चल रही है।

इन प्लेटफॉर्मों और उन्हें फंड देने वाले वेंचर कैपिटल फंड्स का तर्क यह है कि इस फैसले से इन गेम्स को संचालित करने वाले स्टार्टअप प्लेटफॉर्मों को नुकसान होगा और यहां तक कि उन्हें कारोबार से बाहर होने के लिए भी मजबूर होना पड़ सकता है। इससे इन प्लेटफॉर्मों से जुड़े लोगों का 'रोजगार' खत्म हो जाएगा। उनका यह भी कहना है कि इस क्षेत्र में भविष्य के निवेश भी न केवल ऑनलाइन गेम के संदर्भ में प्रभावित होंगे, बल्कि इससे स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित हो सकता है। उनका यह भी तर्क है कि इससे आने वाले विदेशी निवेश में भी बाधा आएगी। लेकिन यह एक खुला सत्य है कि ऑनलाइन गेम्स पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने का निर्णय राजस्व के उद्देश्य से नहीं लिया गया था। इसका मुख्य कारण यह है कि देश के लाखों युवा ऑनलाइन खेलों की लत के कारण दिग्भ्रमित हो रहे हैं और कई बार तो इस लत के कारण लगातार हारते हुए कर्ज के तले इस हद तक फंस जाते हैं कि आपराधिक और अन्य अनैतिक गतिविधियों में लग जाते हैं या यहां तक कि आत्महत्या भी कर लेते हैं। इस सामाजिक बुराई से छुटकारा पाने के लिए सरकार ने कराधान का मार्ग अपनाया है।

किसी बुरी चीज को हतोत्साहित करने के लिए उस पर ऊंची दर से कर लगाना कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी सिगरेट, तम्बाकू आदि पर अधिकतम दर से कर लगाए गए हैं, लेकिन ऐसे निर्णयों पर कभी कोई आपत्ति दर्ज नहीं की गई, क्योंकि समाज ने यह समझ लिया है कि किसी के सेवन को हतोत्साहित करना भी सरकार की जिम्मेदारी है। वित्त मंत्रालय के प्रतिनिधि का कहना है कि अब तक इन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर लगाई गई रकम (यानी दांव) पर केवल 2 से 3 फीसदी ही जीएसटी लगता था। इसके चलते पिछले साल जीएसटी के रूप में सिर्फ 1700 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। लेकिन अब पूरी प्रारंभिक रकम पर 28 फीसदी की दर से जीएसटी लगाने के बाद अब जीएसटी से कुल राजस्व कम से कम दस गुणा तक पहुंचने की उम्मीद है। वैश्वीकरण और नई प्रौद्योगिकी के उद्भव के बाद बहुत सारे नए व्यवसाय आकार ले रहे हैं, जो विदेशों से और देश के भीतर से निवेश आकर्षित कर रहे हैं। ये व्यवसाय सोशल मीडिया ऐप्स और प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स, गेमिंग ऐप्स, कृषि, गतिशीलता, रोजगार संबंधी प्लेटफॉर्म, डिजाइन और अन्य विनिर्माण संबंधी सेवाओं और अन्य से संबंधित प्रौद्योगिकी के उपयोग से संबंधित हैं। इनमें से अधिकांश व्यवसाय हमारे जीवन को आसान बना रहे हैं और व्यवस्था में दक्षता ला रहे हैं।

हालांकि, हम देखते हैं कि कुछ व्यवसाय नए युग की तकनीक का उपयोग करते हुए भी सामाजिक दृष्टि से हानिकारक होते जा रहे हैं। उदाहरण के लिए, हम देखते हैं कि टिकटॉक जैसे कुछ सोशल मीडिया ऐप्स के कारण युवा अश्लीलता, डेटा उल्लंघन और कई अन्य सामाजिक बुराइयों में संलग्न होकर अपना समय बर्बाद करने का काम करते हैं। चीनी निवेश के साथ टिकटॉक बहुत कम समय में 100 बिलियन डॉलर से अधिक की अमरीकी कंपनी बनकर उभर गयी थी जिसका अधिकांश कारोबार भारत में स्थित था। इस पर प्रतिबंध लगने के बाद पूंजीगत मूल्यन 90 प्रतिशत कम हो गया। इसी तरह, ओटीटी प्लेटफॉर्म हालांकि मनोरंजन उद्योग में नए रास्ते खोल रहे हैं, लेकिन अश्लीलता और कई सामाजिक बुराइयों का कारण भी बन रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग ने युवाओं को लगभग एक नशे की लत की ओर धकेल दिया है और उनकी अधिकांश जवानी अनुत्पादक गतिविधियों या यहां तक कि पैसे खोने में खर्च हो रही है, जिससे वे कर्ज के जाल में फंस रहे हैं। पूरी कहानी का दिलचस्प पहलू यह है कि निवेश घरेलू और विदेशी दोनों स्त्रोतों से हो रहा है। इन प्लेटफॉर्म को बनाने वाले या इन्हें चलाने वालों में रोजगार भी पैदा हो रहा है। सोचने का विषय यह है कि क्या यह रोजगार वांछनीय है? आजकल क्रिप्टो करेंसी का व्यापार भी हमारे युवाओं को बड़े पैमाने पर आकर्षित कर रहा है।

जल्द पैसा कमाने के लालच में युवा क्रिप्टो में खूब पैसा निवेश कर रहे हैं। लोगों की मेहनत की कमाई जो राष्ट्र निर्माण में इस्तेमाल की जा सकती थी, क्रिप्टो करैंसियों के ब्लैकहोल में जा रही है। यह समय रुककर सोचने का है कि क्या हमें ऐसे निवेश और ऐसे रोजगार की जरूरत है, जो हमारे युवाओं के हितों के लिए हानिकारक हों। हमारी बढ़ती अर्थव्यवस्था में उद्योग, सेवाओं और यहां तक कि कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार सृजन के मार्ग हमेशा मौजूद हैं। एक राष्ट्र के रूप में भारत ने आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया है, जहां हम उन सभी वस्तुओं का उत्पादन करने की कोशिश कर रहे हैं जिन्हें हम पहले आयात कर रहे थे। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु विभिन्न योजनाएं एवं कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

साहित्य

## छाया! मैं तुममें किस वस्तु...



अज्ञेय

छाया! मैं तुममें किस वस्तु का
अभिलाषी हूँ छाया! मैं तुम में
किस वस्तु का अभिलाषी हूँ?
मुक्त कुन्तलों की एक लट, ग्रीवा
की एक बंकिम मुद्रा और एक
बेधक मुस्कान, और बस?
छाया! तुम्हारी नित्यता, तुम्हारी
चिरन्तन सत्यता क्या है?
आँखों की एक दमक – आँखें
अर्थपूर्ण और रह:शील, अतल
और छलकती हुईं; किन्तु फिर
भी केवल आँखें– और बस?
छाया! मैं क्या पा चुका और
क्या खोज रहा हूँ?
मैं नहीं जानता, मैं केवल यह
जानता हूँ, कि मेरे पास सब
कुछ है और कुछ नहीं; कि तुम
मेरे अस्तित्व की सार हो किन्तु
स्वयं नहीं हो!

झरोखा





# राशिफल

**मेष :-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्य क्षेत्र में कठिनाईयाँ संभव।

**वृष :-** रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर उत्साह का संचार करेंगे, परन्तु आवेश में लिया गया निर्णय हानिकारक हो सकता है। जो बीत गयी उसे भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें।

**मिथुन :-** दूसरों की सफलता से अपने अन्दर हीन भावना ना पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर और स्थान परिवर्तन के भी योग हैं।

**कर्क :-** प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्य क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है। किसी विपरीत लिंगी सम्बन्ध में आकर्षण बढ़ेगा।

**सिंह :-** नाजुक सम्बन्धों मे भावनात्मक ताल-मेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कायां के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव। भावनात्मक अभिब्यक्ति सम्बन्धों मधुरता बढ़ेगी। कुछ नये उत्साह की अनुभूति करेंगे।

**कन्या :-** पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दूसरों की आलोचना का अपने मनोबल पर असर न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता से प्रगति के अवसर मिलेंगे।

**तुला :-** कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयत्न करें। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में परिश्रम तीव्र होगा। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियाँ उत्पन्न होंगी।

**वृश्चिक :-** आसीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वन्चित होगा, अतरू इसे सुधारें। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिन्तित होंगा।

**धनु :-** दूसरों की बात इधर से उधर करना आपको शोभा नही देता। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होग। परिवारिक संबंधों में कटुता पैदा न होने दें।

**मकर :-** अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। रोजगार में सफलता के योग हैं। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव।

**कुंभ :-** कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। राजनैतिक सरगर्मियाँ आपकी व्यस्तता बढ़ाएंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आर्थिक परेशानी पैदा हो सकती हैं।

**मीन :-** कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। अपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। थोड़ धैर्य पूर्वक वक्त का इन्तजार करें।

# लैंगिक भेदभाव खत्म करने में स्त्रियों को मिला भाषाई न्याय अहम

डॉ. आशीष वशिष्ठ

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने न्यायिक निर्णयों में लैंगिक रूढ़िवादिता को खत्म करने के लिए बीते दिनों 43 शब्दों को फिलहाल रेखांकित करते हुए 'हैंडबुक ऑन : कॉम्बेटिंग जेंडर स्टीरियोटाइप्स' 30 पेज की पुस्तिका जारी की। पुस्तिका में नारी गरिमा को हानि पहुंचाने वाले घिसे-पिटे शब्दों और अपशब्दों को हटा दिया गया है। इस पुस्तिका में वही शब्द हैं जो पहले कभी, कोर्ट में हुई बहस या उसके बाद लिखे गए निर्णयों में प्रयोग किये गये थे। यह पहली बार है कि जब किसी मुख्य न्यायाधीश का ध्यान महिलाओं के विरुद्ध प्रयोग किए जाने वाले कठोर और अपमानजनक शब्दों की ओर आकर्षित हुआ है, जो अदालत की भाषा में घुसपैठ कर चुके हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट की जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा यह हैंडबुक तैयार की गई है।

असल में इसी साल मार्च में महिला दिवस के मौके पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा था कि लैंगिक भेदभाव को बढ़ावा देने वाले शब्दों को हटाने पर काम चल रहा है, जल्द एक गाइडलाइन जारी की जाएगी। हैंडबुक के लॉन्च के वक्त मुख्य न्यायाधीश बोले, ''इसका मकसद किसी फैसले पर संदेह करना या आलोचना करना नहीं है बल्कि स्टीरियोटाइपिंग, खासकर औरतों को लेकर इस्तेमाल होने वाले शब्दों को लेकर जागरूकता फैलाना है। हैंडबुक इस बात पर गौर करेगी कि स्टीरियोटाइप क्या है।'' सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उन कठोर या अपमानजनक शब्दों



की जगह उनके सम्मानजनक विकल्प का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। यह पुस्तिका अधिवक्ताओं और न्यायाधीशों दोनों के लिए है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि हमारी अदालतों की भाषा वाकई कबीलाई और मध्यकालीन संस्कारों और सोच से प्रभावित है। अदालतों में भी पितृसत्तात्मक व्यवस्था है, क्योंकि अधिकांश न्यायाधीश, वकील और कर्मचारी पुरुष हैं। महिलाओं की उपस्थिति न्यूनतम है, लेकिन भाषा के स्तर पर वही पुराना लैंगिक वर्चस्व का भाव है। बेशक याचिका हो या पुलिस, जांच एजेंसी का आरोप-पत्र अथवा वकीलों की बहस और न्यायाधीशों के फैसले हों, भाषाई स्तर बेहद आपत्तिजनक और तिरस्कारवादी रहा है। मसलन- वेश्या, बिन ब्याही मां, बदचलन, छोड़ी हुई औरत, रखैल आदि शब्द कमोबेश 21वीं सदी की भाषा के नहीं हो सकते। समाज के विभिन्न वर्गों और कार्यस्थलों पर महिलाओं के लिए इस्तेमाल की जाने वाली भाषा भी कभी-कभी बहुत सम्मानजनक नहीं होती है। ऐसा नहीं है कि ऐसे शब्दों का प्रयोग जानबूझकर किया जाता है। हमारे अचेतन मन में ऐसे शब्दों का प्रयोग यूं ही किया जाता है, लेकिन उनका अर्थ गंभीर और असम्मानजनक होता है। ऐसे शब्दों का प्रयोग हम पीढ़ी-दर-पीढ़ी करते रहते हैं। आमतौर पर महिलाओं के लिए प्रयोग होने वाले शब्दों से वे खुद परिचित नहीं हैं।

समाज की मूल इकाई परिवार है, लेकिन वहां भी सब कुछ ऐसे ही चल रहा है। ऐसे में महिलाओं के लिए प्रयोग होने वाले अपमानजनक शब्दों को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस हैंडबुक का लॉन्च करना सरसरी नजर में मामूली बात लग सकती है, लेकिन अगर इसकी बारीकियों पर नजर डालें तो यह रुढ़िवादी सोच पर गहरी चोट करती है। आम बोलचाल की भाषा में कहें तो अपमान के केंद्र में भी महिलाएं ही होती हैं। इसे बदलने के लिए भी बड़े प्रयासों की जरूरत है। वास्तव में भाषा हमारी चेतना को अभिव्यक्त करती है, लिहाजा मानसिक सोच को भी स्पष्ट करती है। कानून भाषा के जरिए ही जिंदा है। अदालतों में जो शब्द इस्तेमाल किए जाते रहे हैं, उनका हमारी जिंदगी पर बहुत प्रभाव होता है।

कटघरे और अदालत में मौजूद महिला किसी की बेटी, बहन, बहू और पत्नी ही है, लिहाजा अपराध के बिना उसे लांछित क्यों किया जाए? प्रधान न्यायाधीश ने यह सामाजिक, भाषायी बीड़ा उठाया है, यकीनन इसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। अब नई विश्व-व्यवस्था और नए भारत में परिवार का 'कमाऊ' और 'रोटी-प्रदाता' सदस्य पुरुष ही नहीं, बल्कि महिलाएं भी हैं। अलबत्ता वे यौन और घरेलू सेवाएं भी प्रदान करती हैं। प्रकृति ने उन्हें ही 'मातृत्व' का वरदान दिया है, लिहाजा शब्दों और सोच का इस्तेमाल भी सभ्य और समता के स्तर पर किया जाना चाहिए। चूंकि अदालत से सीधा संबंध पुलिस, जांच एजेंसियों का है, लिहाजा प्रधान न्यायाधीश नई शब्दावली के लिए पुलिस विभाग, गृह मंत्रालय और अन्य संबद्ध विभाग से भी आग्रह कर सकते हैं। हमारा मानना है कि देश की समूची व्यवस्था में कमोबेश 'भाषायी परिवर्तन' को जरूर लागू किया जाना चाहिए। तभी हम व्यावहारिक और आदर्श, सामाजिक तौर पर 'लैंगिक समानता' और 'लैंगिक गरिमा' की बात कर सकते हैं।

बहरहाल नई शब्दावली का प्रयोग भी इसी संदर्भ में किया गया है कि भरी अदालत में औरत को कलंकित या लांछित न किया जाए। जो पुस्तिका जारी की गई है, उसे प्रवचन के बजाय व्यवहार में लिया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश का कहना है कि ये शब्द उचित नहीं हैं और अतीत में न्यायाधीशों द्वारा इसका इस्तेमाल किया गया है। हैंडबुक का उद्देश्य आलोचना करना या निर्णयों पर सवाल उठाना नहीं है, बल्कि यह बताना है कि कैसे रूढ़िवादिता का उपयोग अनजाने में किया जा सकता है। हैंडबुक के लॉन्च के बाद अब सुप्रीम कोर्ट के फैसलों और दलीलों में लैंगिक रूढ़िबद्ध शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। छेड़छाड़, वेश्या या वेश्या और गृहिणी जैसे शब्दों की जगह अब सड़क पर यौन उत्पीड़न, सेक्स वर्कर और गृहिणी जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# जिला स्वास्थ्य समितिशासी निकाय की बैठक संपन्न

▸ सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वाहन पूर्ण संवेदनशीलता के साथ करें: डीएम

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ समिति (शासी निकाय) के कार्यक्रमों/संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट लोकसभागार में आयोजित हुई। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में जिला स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, स्वास्थ्य संकेतको की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश यादव ने एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने विभिन्न संचारी रोगों की रोकथाम पर प्रभारी नियत्रंण एवं कार्यवाही के लिए विभागों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कदापि लापरवाही न



बरती जाए, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का रूटीन टीकाकरण, बच्चों में कुपोषण के स्थिति की जांच आदि की विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। समीक्षा के दौरान आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, मिशन परिवार विकास कार्यक्रम अन्तर्गत जनपदीय कार्यक्रम क्रियान्वयन निकाय की समीक्षा सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अन्तर्गत जनपद में संचालित कार्यक्रमों/योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वाहन पूर्ण संवेदनशीलता के साथ करें। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि टीकाकरण अभियान में कोई बच्चा छूटना नहीं चाहिय, सभी को टीका लगना चाहिये। जिलाधिकारी नेजिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रेरणा कैंटीन क्रियाशील नही हैं, उनका नियमित संचालन कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जो हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनने रह गए हैं, उनको ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने चिकित्सालयो में ओपीडी प्रगति, आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड वितरण, उसके सापेक्ष उपचारित लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति, जन्म पंजीकरण, स्टिलबर्थ रेश्यो, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना मे भुगतान की स्थिति, आशाओं का भुगतान, संस्थागत प्रसव, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग, न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, ईसंजीवनी आईपीडी, ओपीडी, संचारी रोग सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बंधित को दिये। उन्होने कहा कि समस्त एमओआईसी अपने अपने ब्लॉकों में ग्राम वार रोस्टर बनाकर आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाएं ।

# लिंक मार्ग की मरम्मत न होने से आवागमन बाधित

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय विकासखंड की कनवा ग्राम पंचायत तक आवागमन के लिए बने लिंक मार्ग की मरम्मत न होने से बरसात के इस सीजन में ग्रामीणों को आवागमन में तमाम कठिनाइयाँ उठानी पड़ रही है। यही नहीं बरसात के इस सीजन में गड्ढे और कीचड़ के चलते राहगीर गिरकर घायल भी हो रहे हैं।

बांदा बहराइच राजमार्ग से कनवा गांव के लिए गए लगभग 2 किलोमीटर लंबे डामर रोड की मरम्मत लोक निर्माण विभाग बाराबंकी द्वारा पिछले 7 सालों से नहीं कराई गई है। जिसके चलते इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं बरसात के सीजन में इन गधों में पानी और कीचड़ भर जाने से राहगीरों का आवागमन काफी दूर साबित हो रहा है अक्सर लोग इन्हीं गड्ढों और कीचड़ पानी में फंसकर गिर जाते हैं और चोट खा बैठते हैं।

गांव निवासी राहुल चौहान अवधेश प्रताप सिंह विनोद चौहान प्रधान विनय कुमार रावत बिन्नू आदि ने इस मार्ग की मरम्मत कराए जाने की मांग की जिससे ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो सके।

## खबरें एक नजर में

### नियत तिथि पर सुनवाई न होने से नई तिथियां घोषित

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज 23 अगस्त।** लखीमपुर विकास क्षेत्र के सुनियोजित विकास के लिए भारत सरकार की अमृत योजना के तहत तैयार कि गई लखीमपुर महायोजना-2031 (प्रारूप) का तैयार करा दी गई थी। जन सामान्य/हितबद्ध व्यक्तियों /संस्थाओं से आपत्ति/सुझाव को 26 सितंबर से 25 अक्टूबर 2022 नगर पालिका परिषद लखीमपुर के मीटिंग हाल में प्रर्दशनी लगा कर प्राप्त किये गये थे। प्राप्त आपत्तियों/सुझाव की सुनवाई हेतु कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में चार सदस्यीय कमेटी द्वारा 21 अगस्त से 23 अगस्त तक किया जाना प्रस्तावित था। किन्तु कतिपय कारणों से 21 अगस्त एवं 22 अगस्त की सुनवाई नहीं की जा सकी। जन सामान्य को सूचित करते हुए नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र/उपजिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह ने बताया कि 21 अगस्त एवं 22 अगस्त की प्रस्तावित सुनवाई 24 अगस्त व 25 अगस्त को कलेक्ट्रेट मीटिंग हॉल में शासन द्वारा गठित समिति द्वारा सुबह 11 बजे 03 बजे के मध्य में निर्धारित की है। उक्त के अलावा कोई आपत्तिकर्ता अपना पक्ष प्रस्तुत नही कर सका है। वह भी उक्त दिनांक को समिति के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकता है।

### सरयू में समाया विद्यालय, लल्लू के घर चलेगी पाठशाला

**बाराबंकी।** उप ज़िलाधिकारी, रामनगर अनुराग सिंह ने बताया कि जनपद की तहसील रामनगर अंतर्गत खुज्जी प्राथमिक विद्यालय के नदी की तेज कटान के कारण घाघरा में समाहित हो जाने के बाद स्थानीय निवासी लल्लू प्रसाद के आवास पर शिक्षण की वैकल्पिक व्यवस्था हेतु टीन शेड तैयार कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह स्थान स्कूल के मूल भवन से मात्र सौ मीटर की दूरी पर स्थित है। टीन शेड तैयार होते ही शिक्षण कार्य शुरु कर दिया जाएगा।

### ग्राम प्रधान के साथ हुई अभद्रता पर प्रधानों ने खोला मोर्चा

**रामनगर बाराबंकी।** क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने ब्लाक सभागार में बैठक कर मोहरी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात अध्यापकों की ओर से ग्राम प्रधान के साथ की गई अभद्रता पर मोर्चा खोल दिया।सभी ने अध्यापकों पर कार्रवाई की मांग को लेकर खंड विकास अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी को अलग-अलग ज्ञापन सौंपा हैं।ग्राम प्रधान मोहम्मद हारुन के मुताबिक उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहारी अध्यापक कभी भी समय से विद्यालय नहीं आते हैं और न ही उनके द्वारा प्रतिदिन उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर बनाए जाते हैं।जनप्रतिनिधि होने के बावजूद आज तक किसी राष्ट्रीय पर्व में नहीं बुलाया गया।मै अगर विद्यालय जाकर एमडीएम के संबंध मे एवं अध्यापकों की उपस्थिति के ऊपर बात की जाती है तो अध्यापकों के द्वारा गाली गलौज की जाती है।

### अवैध चाकू सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 23 अगस्त 2023 को थाना खमरिया पुलिस द्वारा अभियुक्त सरविन्द्र उर्फ छोटू पुत्र मुन्नालाल ग्राम महरिया थाना खमरिया को अवैध चाकू बरामद कर बेहटा चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना खमरिया पर आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई है ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 सुनील बाबू अवस्थी,का0 रवीन्द्र सिंह,का0 अरविन्द गौतम मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में चिकित्सा एवं उपचार जारी

▸ प्रभावित लोगों को आर्थिक सहायता हेतु प्रक्रियानुसार दी जा रही मदद

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जनपद के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में वर्षा से हो रही समस्याओं तथा बीमारियों आदि का तत्काल निराकरण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्राथमिकता के आधार पर इन कार्यों को सम्पन्न कराएं। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को निर्धारित आर्थिक सहायता के लिए औपचारिकता आदि का कार्य यदि शेष रह गया है तो उसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जाए। प्रभावित क्षेत्रों में फागिंग, दवाओं के छिड़काव एवं चेकअप एवं उपचार हेतु दवा आदि का नियमित वितरण भी सुनिश्चित किया जाए। उप ज़िलाधिकारी, रामनगर के अनुसार आज तहसील रामनगर अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में नाव संचालन-05, उपचारित रोगी की संख्या-21, कुल उपचारित पशुऔं की संख्या-08 तथा 10 का टीकाकरण का किया गया। उन्होंने बताया कि जमका व खुज्झी व सरसन्डा में कटान हो रही है, 14 पक्के मकान, 01 मकान कच्चा तथा 16 झोपड़ी कट कर नदी में समाहित हो गयी हैं। प्राथमिक विद्यालय, खुज्झी व पंचायत भवन सरसन्डा क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने बताया कि घाघरा का जलस्तर कल की अपेक्षा आज बढ़ा है। जिसके कारण जमका, खुज्झी व सरसन्डा में कटान जारी है, जिसके उपाय हेतु प्रभावित परिवारों को पूर्व में ही ग्राम परशुराम विस्थापित कर दिया गया है। मकान क्षति से प्रभावित व्यक्तियों को अहैतुक सहायता राशि प्रदान करने की प्रक्रिया पर कार्यवाही की जा रही है। उप ज़िलाधिकारी, सिरौली गौसपुर ने बताया कि उनके क्षेत्र में नदी का जलस्तर घट रहा है, आबादी प्रभावित नहीं है।

# गांजर में सीमेंटेड तटबंध बनाने के लिए हाईकोर्ट लखनऊ पीठ का निर्देश प्राप्त किये जाने का आदेश

**बिसवां सीतापुर। समृद्धि न्यूज**

तहसील बिसवां के अंतर्गत ग्राम ईरापुर निवासी बृजमोहन ने माननीय उच्च न्यायालय खंड पीठ लखनऊ में बीते दिनों एक जनहित याचिका डाली थी उच्च न्यायालय खंड पीठ लखनऊ ने याचिका के मामले में सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता के विद्वान वकील मो. कुमैल हैदर और उत्तर प्रदेश राज्य के स्थायी वकील को सुना। न्यायालय ने इस विषय में स्थानीय स्तर से निर्देश प्राप्त किए जाने का आदेश दिया, जिससे यह मालूम हो कि जिला सीतापुर के ग्रामीण इलाकों की फसलों या किसी अन्य नुकसान को रोकने के लिए नदी के किनारे स्थायी तटबंध (सीमेंटेड) बनाया जा सकता है और क्या गांवों में बाढ़ की स्थिति को रोकने के लिए कोई अन्य वैकल्पिक तंत्र तैयार किया जा सकता है बताते चले कि गांजरी क्षेत्र अक्सर बाढ़ की चपेट में आ जाता है। जिससे क्षेत्र में भुखमरी फ़ैल जाती है और किसानो की फसले बर्बाद हो जाती है गांवो में झोपडी डाल कर रह रहे लोगो के आशियाने उजड़ जाते है और कई लोगो की मृत्यु भी हो जाती है इस बड़ी समस्या से निजात पाने के लिए कई सालो से वहा के स्थानीय लोग संघर्ष कर रहे है गांजर में उल नदी से आने वाली बाढ़ को रोकने के लिए बाढ़ आने से पूर्व ही उल नदी पर पक्के बांध का निर्माण पम्प रहित कराये जाने के लिए उच्च न्यायालय खंड पीठ लखनऊ में बृजमोहन द्वारा जनहित याचिका डाली गई थी।

### पर्यावरण मित्रों की हुई बैठक, पौधरोपण की अपील

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ब्लाक सभागार में सहायक विकास अधिकारी पंचायत आनन्द कुमार सिंह की अध्यक्षता एंव वन उपनिरीक्षक तुषार कुमार मिश्रीलाल के संयोजन में गंगा व पर्यावरण मित्रों की बैठक हुई।बैठक में विचार ब्यक्त करते हुए सहायक विकास अधिकारी ने पर्यावरण के संतुलन हेतु गंगा मित्रों से वृक्ष रोपित करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि हम सभी उपस्थित जन संकल्प लें कि हम एक वृक्ष धरा पर रोपित करेंगे और अपने दोस्तों से वृक्ष रोपित कराएँगे। जिससे दस वर्षों में पूरी पृथ्वी हरी भरी नजर आयेगी।तभी हम अच्छा एंव स्वस्थ्य जीवन जी पायेगे डाक्टरों के यंहा आना जाना कम हो जायेगा। बैठक कुलदीप सिंह ने पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया।इस अवसर पर परसा प्रधान जितेंद्र यादव संजय सिंह अंकित यादव अजीत सिंह सहित दर्जनों गंगा मित्र उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल को मिला गूगल रेटिंग में प्रथम स्थान



**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय द्वारा बताया गया कि जनपद के जिला चिकित्सालय पुरूष को गूगल द्वारा 4.9 की गूगल स्टार रेटिंग अंकित की गई है, जो कि पूरे प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सालयों में सर्वाधिक है एवं प्रथम है जोकि जिला चिकित्सालय पुरूष बाराबंकी को प्राप्त हुआ है यह मरीजों की बेहतर सेवा एवं चिकित्सा सुविधाओं तथा उनके परिजनों द्वारा दिये गये फीडबैक के आधार पर दिया गया है तुलनात्मक स्टार रेटिंग बलरामपुर चिकित्सालय, लखनऊ, लोक बन्धु राज नारायण चिकित्सालय लखनऊ एवं सुपर स्पैशिलिटी अस्पताल, गौतमबुद्ध नगर की गूगल स्टार रेटिंग क्रमशः 3.8 व 3.8 एवं 3.4 है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर डा0 बृजेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, ने चिकित्सालय के समस्त चिकित्साधिकारीयों एवं कर्मियों को बधाई दी।

### वाहन कर के लिए वसूली शिविर आज से

**बाराबंकी।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) द्वारा बताया गया कि जनपद में बड़ी मात्रा में ऐसी वाहन हैं, जिन पर मार्गकर शास्ति बकाया है। कतिपय ऐसे वाहन स्वामी भी है, जो कि अपनी गम्भीर समस्याओं के कारण लम्बे समय से वाहन का कर नहीं जमा कर पा रहें हैं तथा कर न जमा करने के कारण ही उन पर शास्ति की देयता भी काफी ज्यादा हो गयी है। ऐसे वाहन स्वामियों को राहत देने एवं अधिकाधिक राजस्व वसूली के हित में दिनांक 24.08.2023 से 27.08.2023 तक मार्ग कर बकाया वसूली कैम्प का आयोजन उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय, बाराबंकी में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा।

# मनरेगा कर्मियों के हितों की अनदेखी कर रही सरकार

**रामनगर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



प्रदेश सरकार के मुखिया के नाम संबोधित मांग पत्र ग्राम रोजगार सेवको ने खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी को सौपा है।खंड विकास अधिकारी को सौपे गये पत्र में कहां गया है कि विगत 4 अक्टूबर 2021 को लखनऊ में मनरेगा कर्मियों का सम्मेलन हुआ था।इसमें मनरेगा कर्मियों के हित मे घोषणाएं की गई थी।जिनका अनुपालन अभी तक नहीं कराया गया है।इसके संबंध में संगठन ने कई बार पत्राचार व वार्ता की है।मनरेगा कर्मी की मृत्यु पर आश्रितों को किसी प्रकार का लाभ व नौकरी नहीं दी जा रही है मृतक आश्रितों को इस पद पर समायोजित किया जाए तथा मूल ग्राम पंचायत के साथ रिक्त 2 ग्राम पंचायत में भी कार्य दिया जाय। मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री आवास की जी ओ टैग के ही कार्य दिये गये हैं अन्य कार्यो से वंचित रखा जा रहा है।इस मौके पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी दीप्ती चंद्रा ऑपरेटर गोविंद दीपक सिंह विकास वर्मा धर्मेंद्र सिंह मनोज कुमार संदीप वर्मा अतीक अहमद राघवेंद्र वर्मा सचिन शंकर आदि उपस्थित रहे।

# संविदा कर्मचारियों की मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

टीबी कंट्रोल एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगो के संदर्भ में जिलाधिकारी को संबोधित एक 6 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी अतिरिक्त को दिया गया। इसके अतिरिक्त एक ज्ञापन सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता को भी दिया गया।



ज्ञापन में मौजूद 6 सूत्री मांगों में गत वर्षों में कई संविदा कर्मियों की दुर्घटना इत्यादि में आकस्मिक मृत्यु हो गयी है या अपंग हो गए हैं। ऐसे में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत सभी संविदा कर्मियों हेतु गत 5 वर्षों से लंबित सामूहिक बीमा योजना को अविलंब लागू किया जाए तथा सभी संविदा कर्मियों को पंडित दीन दयाल उपाध्याय कर्मचारी कैशलेस बीमा योजना का लाभ प्रदान किया जाए, कार्यक्रम के अन्तर्गत गत 23 वर्षों से कार्यरत लैब टेक्नीशियन, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, टीबीएचवी एवं ड्राइवर का मूल वेतन नवीन राष्ट्रीय कार्यक्रमों जैसे मेन्टल हैल्थ, ब्लड बैंक, एनसीडी के कर्मचारियों हेतु स्वीकृत मूल वेतन से भी कम है अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त कर्मचारियों का मूल वेतन का पुन निर्धारण किया जाए। 3 संविदा कर्मचारियों को क्षेत्रीय भ्रमण हेतु दिए जा रहे क्करु की धनराशि को वेतन में जोड़कर दिया जाए। वर्तमान में सभी संविदा कर्मियों को 3 एवं 5 वर्ष नौकरी पूर्ण करने पर लॉयल्टी बोनस देने का प्रावधान है। अतः कर्मचारियों की वरिष्ठता के दृष्टिगत 10. 15 एवं 20 वर्ष की नौकरी पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को लॉयल्टी बोनस दिये जाने का प्रावधान किया जाये। विगत वर्षों मे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अनेक कार्यक्रमों एवं पदों जैसे डीपीएमयू, बीपीएमयू, एचआईवी स्टाफ, मेंटल हेल्थ व ब्लड बैंक इत्यादि में संविदा कर्मियों के मूल वेतन में वृद्धि हुई है।

# रोजगार सेवकों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ग्राम रोजगार सेवकों ने ब्लाक सभागार में जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता एंव अंजनी दीक्षित ब्लाक अध्यक्ष सिरौलीगौसपुर के संयोजन में बैठक कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन मांग पत्र खण्ड विकास अधिकारी मोनिका पाठक को दिया है। दिये गये ज्ञापन मांग पत्र में 4अक्टूबर 21 को डिफेंस एक्सपो के मैदान में आयोजित सम्मेलन में मुख्यमंत्री द्वारा रोजगार सेवकों व मनरेगा कर्मियों के सम्बंध की गई घोषणाओं पर आदेश निर्गत कराये जाने जाब चार्ट में कार्य जोडना सेवा समाप्ति उपायुक्त मनरेगा की ही



सहमति से किया जाय एच आर पालिसी लागू कराने सहित आठ सूत्रीय ज्ञापन मांग पत्र बीडीओ को दिया गया है।इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष शकील अहमद संध्या वर्मा अशोक कुमार सिंह तकबीम सीमा तिवारी पुत्तीलाल दिलीप कुमार शालिनी मिश्रा जितेन्द्र कुमार रेखा मौर्या प्रीती जायसवाल सहित समस्त रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# एसआईएस इण्डिया लि. करेगी सुपरवाइजर की भर्तियां

**जनपद खीरी के विभिन्न ब्लाकों पर निर्धारित रोस्टर के क्रम में प्रस्तावित है कार्यक्रम**

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज**

कमान्डेन्ट, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र लखनऊ के पत्र द्वारा एक निजी क्षेत्र की कम्पनी एस.आई.एस. इण्डिया लि० लखनऊ ट्रेनिंग सेंटर में सुरक्षा गार्डो/सुपरवाइजरों की भर्ती के लिए जनपद खीरी के विभिन्न ब्लाकों पर निर्धारित रोस्टर के क्रम में कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त आशय की जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने दी।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर की भर्तियां ब्लाक स्तर पर हुई तिथियां निर्धारित 24 अगस्त से 27 सितम्बर तक जनपद लखीमपुर खीरी के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में एसआईएस इंडिया लि0 लखनऊ के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन होगा। ब्लॉक लखीमपुर 23 अगस्त, बेहजम 24 व 25 अगस्त, पलिया 26 अगस्त, गोला 02 व 04 सितंबर, बॉकेगंज 05 व 06 अगस्त, बिजुआ 08 व 09 अगस्त, मितौली 11 व 12 सितंबर, ईसानगर 13 व 14 अगस्त, धौरहरा 15 व 16 सितंबर, नकहा 18 व 20 सितंबर, फूलबेहड़ 21 व 22 सितंबर, रमियाबेहड 23 सितंबर, पसगवां 25 सितंबर, निघासन 26 सितंबर, मोहम्मदी 27 सितंबर को किया जायेगा। किसी भी ब्लाक के अभ्यर्थी किसी भी ब्लाक में अपना आवेदन कर सकते है। एसआईएस के डिप्टी कमान्डेन्ट एमआर जायसवाल व भर्ती अधिकारी प्रेम प्रकाश ने बताया कि सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर पद के लिये शारीरिक मापदण्ड जिसमें लम्बाई 167.5 सेमी उम्र 21-37 वर्ष और वजन 56-90 किग्रा के अनुरूप होना चाहिए तथा योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए।

इन्होने इच्छुक बेरोजगार युवकों को निर्धारित तिथियों में अपनी सुविधा अनुसार सम्बन्धित ब्लाकों में निर्धारित शिविर में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर सकते है। मिलने वाली सुविधायें अभ्यर्थियो को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिये लखनऊ भेजा जायेगा।

इसके उपरान्त उन्हे तैनाती स्थलों पर सुरक्षा कार्य में स्थायी तैनाती दी जायेगी।

# चंद्रयान-3 का हुआ प्राथमिक विद्यालय रही में सजीव प्रसारण

▸ प्राथमिक विद्यालय राही मे छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों शिक्षकों ने देखा चंद्रयान-3 लैंडिंग का सीधा प्रसारण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज ।**

परसेंडी विकास क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय राही मे शाम 5:00 बजे से चंद्रयान-3 लैंडिंग का सीधा प्रसारण छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों शिक्षकों के द्वारा उत्साहपूर्वक देखा गया छात्रों के द्वारा भारी बरसात में भी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सचिन प्रसारण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा छात्र-छात्राएं अति उत्साहित एवं आनंदित रहे भारी बरसात के बीच चंद्रयान-3 का हुआ प्राथमिक विद्यालय रही में सजीव प्रसारण कार्यक्रम में शिल्पा सिंह प्रधानाध्यापिका प्राथमिक विद्यालय रही पूजा रामपाल सहायक अध्यापक पूनम बाजपेई शिक्षामित्र पुष्पा पांडे शिक्षामित्र ओम प्रकाश शुक्ल प्रधान ग्राम पंचायत रही सहित अभिभावक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# काउंटडाउन शुरू, फाइलेरिया से बचाव की दवा जरूर खाएं

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज ।**

▸ सिर्फ चार दिन बचे, आशा घर पहुंचें और मुलाकात न हो तो बाद में उनसे संपर्क कर दवा जरूर खाएं

बस चार दिन...खुद का पांव हाथी जैसा होने से बचाने और हाइड्रोसील (अंडकोष में सूजन) से बचने के लिए बस एक उपाय है, फाइलेरिया से बचाव की दवा खा लीजिए और उसके लिए सिर्फ चार दिन शेष बचे हैं। मच्छर के काटने से होने वाली फाइलेरिया लाइलाज और गंभीर बीमारी है। किसी को हो जाए तो जीवन भर ठीक नहीं होती है। इसलिए जो लोग रह गए हैं 28 अगस्त तक दवा जरूर खा लें। आशा आपके घर पहुंचें और उस वक्त आपकी मुलाक़ात न हो तो बाद में उनसे सम्पर्क कर दवा जरूर खाएं। यह आपके और आपके परिवार के लिए बेहद जरूरी है।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने जनपदवासियों से यह अपील करते हुए बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 10 अगस्त से सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (आईडीए) चल रहा है। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिला रहीं हैं। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित और कारगर है। दो साल से छोटे बच्चों, गर्भवती और गंभीर रूप से बीमार को छोड़कर सभी



को यह दवा जरूर खानी है। उन्होंने बताया कि बीमारी का पता चलने में पांच से 15 साल लग सकते हैं, इसलिए कोई भी जोखिम न लें और न ही कोई बहाना करें।

आज का यह बहाना आपको जीवन भर के लिए मुसीबत में डाल सकता है। इसलिए दवाओं का सेवन कर समाज को फाइलेरिया मुक्त बनाएं। दवा खाने के बाद जी मिचलाना, चक्कर आना या उल्टी लगे तो घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसा शरीर में फाइलेरिया के परजीवी होने के कारण हो सकता है, जो दवा खाने के बाद मरते हैं जिससे इस तरह की प्रतिक्रिया हो सकती है जो कुछ देर में स्वतः ठीक हो जाती है। सीएमओ ने बताया कि फाइलेरिया से संक्रमित होने के बाद रोगी का पूरा जीवन दर्द और कठिनाई से बीतता है। इससे जुड़ी दिव्यांगता के कारण लोगों को सामाजिक उपेक्षा का भी सामना करना पड़ता है। बीमारी से प्रभावित व्यक्ति की कार्य क्षमता भी कम हो जाती है, जिससे व्यक्ति की आजीविका और आर्थिक उन्नति दोनों प्रभावित होती है। इसलिए फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन करना खुद के साथ घर-परिवार और समाज की भलाई में है। लगातार पांच साल तक साल में एक बार यदि दवा का सेवन कर लेते हैं तो इस बीमारी से सुरक्षित बन सकते हैं।

# सीएचसी में इलाज कराने आई महिला पर गिरा पंखा, घायल

**हैदरगढ़ (बाराबंकी),समृद्धि न्यूज ।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज में इलाज कराने आई एक महिला पर छत में लगा पंखा गिरने से वह लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटनाक्रम के बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन- फानन में डॉक्टरों द्वारा गम्भीर रूप से घायल महिला का इलाज किया गया। महिला की हालत अब संतोषजनक बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विकास क्षेत्र त्रिवेदीगंज के मिश्रन पुरवा मजरे रौनी गांव निवासी रामतेज पाठक की 44 वर्षीय पत्नी रीता पाठक बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे अस्पताल में इलाज कराने के लिए आयी थी। अस्पताल के एक कक्ष में डॉक्टर स्वाती को दिखा ही रही थी कि अचानक छत में लगा पंखा आकर उन पर गिर पड़ा। जिससे रीता पाठक को सर में गम्भीर चोंटे पहुंचने से वह लहुलुहान हो गई। जिसके बाद खून से लथपथ महिला का आनन फानन में डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया। डॉक्टरों के मुताबिक अब उसकी हालत संतोषजनक बतायी जा रही है। वही इस सारे घटनाक्रम के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया कुछ देर के लिए तो अफरा तफरी जैसा माहौल पैदा हो गया।

# गौतस्कर व गौकशी में संलिप्त संदिग्धों के घरों में पुलिस ने रात में मारे छापे



कालपी(जालौन)। समृद्धि न्यूज

**नगर** के काशीराम कॉलोनी के पास जंगलों में मांस मिलने के बाद हड़कम्प मच गया था, पुलिस के द्वारा संदिग्ध अभियुक्तो के घरों में देर रात मे चेकिंग अभियान चलाया गया है तथा आठ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूंछतांछ की जा रही हैं।

मालूम हो कि काशीराम कालौनी के समीप कचड़े में मांस मिलने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। देर रात पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा जोल्हूपुर मोड़ पहुंचे तथा क्षेत्राधिकारी डा. देवेंद्र पचौरी, कालपी कोतवाल शिवकुमार सिंह राठौर, आटा थाना प्रभारी अजय कुमार को पशु तस्करी करने वालों को पकड़ने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने दोनों थानों के थानेदारों एवं पुलिस जवानों को निर्देश दिये कि गौकशी तथा पशु तस्करी करने वालों को पकड़ने के लिए तत्काल दबिश दी जाए तथा कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए। इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक निर्देशन में क्षेत्राधिकार डा. देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में कालपी तथा कदौरा पुलिस के द्वारा कालपी कोतवाली क्षेत्र के गुलौली, काशीखेड़ा, कदौरा थाना क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक ग्रामों में दबिश दी। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि अभियुक्तो के यहां कदौरा व कालपी पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से दबिश देकर आठ संदिग्ध व्यक्तियों को पूंछतांछ करने के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने देर रात कालपी, आटा तथा कदौरा पुलिस की संयुक्त टीम को जोल्हुपुर मोड़ पर पशुतस्करों-गोकशों आदि के विरूद्ध प्रभावी दबिश देकर कठोर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया था। सर्किल कालपी में कुल 8 स्थानों पर दबिश दी गई जिनमें आठ संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। कुछ और नाम प्रकाश में आए हैं। गौकशों एवं पशुतस्करों के विरूद्ध कालपी पुलिस के द्वारा कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## आगामी 25 अगस्त को स्टाम्प वेंडर्स रहेंगे हड़ताल पर

**कोंच(जालौन)।** ऑल यूपी स्टाम वेंडर्स एशोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता के आह्वाहन पर आगामी 25 अगस्त2023 को प्रदेश भर के 25 हजार वेंडर्स हड़ताल पर रहेगे। जिसमें उन्होंने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को पूर्ण किये जाने की मांग उत्तर प्रदेश सरकार के स्टाम्प एवं निबन्धन मंत्री रविन्द्र जायसवाल से की है। जिसमें ई इस्टाम्प पेपर पर आसानी से पहंचाने जाने वाला फीचर्स लगाए जाने की मांग की है क्योंकि स्टॉक होल्डर कारपोरेशन राजस्व क्षति रोकने में सक्षम नहीं है। वहीं वेंडर्स का आई डी कार्ड जारी करते हुए एक लाख के सापेक्ष 250 रुपया कमीशन दिलाये जाने की मांग की है। वहीं फिजिकल स्टाम्प पेपर एवं ई स्टाम्प पेपर को समानान्तर रखा जाए क्योंकि फिजिकल।स्टाम्प पेपर में राजस्व चोरी की संभावना नहीं है वहीं कोषागार के माध्यम से साफ्टवेयर डवलप करते हुए ई स्टाम्प बिक्री करायी जाए क्योंकि स्टॉक होल्डर कारपोरेशन असुरक्षित है। उक्त मांगों को लेकर स्थानीय स्टाम्प वेंडर्स भी आगामी दिन शुक्रवार को हड़ताल पर रहेंगे।

# सुशील पाठक तुलसी सम्मान से सम्मानित



सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

**संत शिरोमणि** गोस्वामी तुलसीदास जी के जयंती के उपलक्ष में जनपद सोनभद्र की नगर पालिका परिषद के सभागार में राष्ट्रीय संचेतना समिति सोनभद्र द्वारा सम्मान एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री रामचरितमानस नवाह पाठ महा समिति के महामंत्री एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुशील पाठक को अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य हो कि श्री पाठक 28 वर्षो से महामंत्री पद के उत्तरदायित्व का कुशलता से निर्वहन करते चले आ रहे हैं। उन्होंने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि-श्री रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ समिति के माध्यम से समाज के हर वर्ग को साथ लेकर हरि इच्छा से धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन निरंतर चलता रहेगा और इसके लिए हम लोग निरंतर प्रयासरत रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोच विचार पत्रिका के प्रधान संपादक जितेंद्र नाथ मिश्रा, अध्यक्षता मधुरिमा साहित्य गोष्ठी के निदेशक एवं वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर ने किया। कार्यक्रम में स्थानीय साहित्यकार, पत्रकार, वरिष्ठ नगरिकगण उपस्थित रहे।

## प्रधान व सचिव पर फर्जी बाड़े का लगाया आरोप

**कोंच (जालौन)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम धौरपुर निबासी उम्मेद खान पुत्र लियाकत खान ने उपजिलाधिकारी अतुल कुमार को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि हमारे ग्राम के प्रधान सरताज खान ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक चन्द्र भूषण द्वारा अपनी मन मर्जी से काम किया जा रहा है जिसमें ग्राम में शरीफके खेत से रामसिया के खेत तक सिर्फकागजों में किया गया और इस कार्य में 50 आदमी की हाजिरी 11 अगस्त से 21 आगस्त 2023 तक मास्टर रोल में अंकित है। जिनमे कुछ लोग तो ग्राम में ही नहीं रहते है और एक महिला अलका देवी प्राथमिक विद्यालय धौरपुर में रसोइया है फिर वह उक्त कार्य मे कार्य कैसे कर सकती है। वहीं ग्राम में बना सामुदायिक शौचालय में सीट तक नहीं है और इस शौचालय में साफ सफाई हेतु दो लोगों की नियुक्ति भी कर दी गयी है।

# चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग देश की बड़ी उपलब्धिः ऋतु



अयोध्या। समृद्धि न्यूज

**बुधवार** को चांद पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग को लेकर बेहद उत्साहित संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अयोध्या मंडल ऋतु सिंह ने कार्यालय में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन और अन्य कर्मचारियों के साथ इसका संजीव प्रसारण देखा।चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग हो जाने पर उन्होंने इसरो के वैज्ञानिकों के साथ देशवासियों को इसके लिए बधाई दी।इससे बेहद उत्साहित संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन श्रीमती सिंह ने इस पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि आज देश के हर प्रांत के हर जिले का हर नागरिक देश को हासिल हुई इस इस बड़ी उपलब्धि पर न केवल मुदित है बल्कि गर्व की अनुभूति कर रहा है।उन्होंने इस मिशन में लगी इसरो की टीम के हर सदस्य को बधाई देते हुए ईश्वर से उनके हर मिशन के इसी तरह से पूर्ण होने की कामना की है।

# गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार, भेजा गया जेल

चोपन /सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

**सोनभद्र** पुलिस द्वारा मादक पदार्थो के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार की सुबह अमिला मोड़ के पास से सवा किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी विश्वनाथ प्रताप को मुखबिर से जानकारी मिली की सुबह 9ः00 बजे की करीब एक व्यक्ति अमिला मोड़ पटवध के समीप धरकार बस्ती तिराहा के पास झोले में गांजा लेकर खड़ा है वह कहीं बेचने के लिए जा रहा है सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हमराहियों के साथ मौके पर जा पहुंचे और मुखबिर के निशानदेही पर उक्त व्यक्ति को दबोच लिया गया तलाशी के दौरान उसके पास से झोले में 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद



किया गया पूछताछ में उसने अपना नाम रामसजीवन पुत्र राम प्रसाद निवासी आदित्य पेट्रोल पंप के पीछे पटवध बताया पुलिस ने उसे 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### पुरानी जर्जर लाइनों को बदलने के कारण बंद रहेगी विद्युत आपूर्तिः इंजी. राधेष्याम

**उरई (जालौन)।** आरडीएसएस योजना के तहत पुरानी जर्जर लाइनों को बदलने का कार्य प्लान जारी होने के साथ ही जहां पर लाइनों को बदला जाएगा वहां विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। अधिषाशी अधिकारी विद्युत वितरण खंड प्रथम इंजी. राधेष्याम यादव के द्वारा जारी किए गए प्रोग्राम के अनुसार 24 अगस्त से 27 अगस्त तक जर्जर विद्युत लाइनों को बदलने का काम चलते के कारण विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत वितरण खंड प्रथम के अंतर्गत चलने वाले कार्य के तहत उप खंड कोंच नाका में बंबी रोड,आईसी फैक्ट्री 400 केबीए, लक्ष्मी माता मंदिर, हनुमान गढ़ी 630 केबीए, बंबी रोड संतोषी माता मंदिर 250 केबीए, बंबी रोड बाबूजी 400 केबीए, गीता आश्रम 400 केबीए, गीता आश्रम कांग्रेस आफिस 630 केबीए, गीता आश्रम कांग्रेस आफिस 400 केबीए, गीता आश्रम डीएबी कालेज 630 केबीए, उप खंड करमेर रोड के अंतर्गत इंदिरा नगर एफसीआई गोदाम के पास 400 केबीए, इंदिरा नगर रेलवे स्टेषन के पास 400 केबीए, करमेर सब स्टेषन इंदिरा ही माल गोदाम के पास 63 केबीए एलटीएबी केबिल को बदला जाएगा। जिससे विद्युत विद्युत आपूर्ति ठप्प रहेगी।

### धामिनी में बाबा साहब डा. अंबेडकर की बरसों पुरानी जर्जर प्रतिमा को हटाकर नई लगवाई

**कुठौंद(जालौन)।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत धामिनी में भारत रतन डा.भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की प्रतिमा बरसों पुरानी जर्जर एवं छत ग्रस्त हो गई थी जिसको ग्राम प्रधान व अंबेडकर समिति के पदाधिकारी व सदस्यों के द्वारा बताया गया। डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का एक हाथ पहले से चटका हुआ था जिसमें सीमेंट भरवा कर मरम्मत करवा दी थी जिसकी जानकारी प्रशासन को भी दी गई थी वह सीमेंट टूट कर गिर पड़ा जब सुबह ग्रामीणों के द्वारा हाथ लटका दिखाई दिया तो ग्राम प्रधान व ग्रामीण तथा वी अंबेडकर समिति के सदस्यों के द्वारा भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर बाबा साहब संविधान के रचयिता जो महापुरुषों की उपाधि में आने वाले बाबा साहब की नई प्रतिमा को इस स्थल पर स्थापित किया गया जिसमें शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील मय पुलिस फोर्स के वहां पर उपस्थित रहे। जिसकी जानकारी शासन प्रशासन को भी कराई गई इसमें कहीं कोई किसी प्रकार का ऑब्जेक्शन नहीं किया गया। बल्कि महापुरुष संविधान के रचयिता डा. भीमराव अंबेडकर बाबा साहब के पद चिन्हों पर हमारा भारत देश सवैधानिक रूप से आज भी चल रहा है और चलता रहेगा बाबा साहब ने नारा दिया था शिक्षित बनों, संघर्ष करो संगठित रहो तभी हमारे देश का कल्याण होगा।

### गांधी इंटर कालेज की प्रबंधक इंदु शर्मा का निधन

**उरई (जालौन)।** गोलोकवासी पण्डित माणिक चंद्र शर्मा की धर्म पत्नी एवं बुंदेलखंड के बापू चतुर्भुज शर्मा पूर्व शिक्षा मंत्री उ.प्र सरकार की पुत्र वधु श्रीमती इंदु शर्मा अध्यक्ष गांधी महाविद्यालय, प्रबंधिका गांधी इंटर कॉलेज उरई का आज आकस्मिक निधन हो गया। इस हृदय विदारक घटना के लिए समस्त स्नेहीजन शोक संतृप्त हैं। उनके निधन की खबर से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई और लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। गांधी इंटर कालेज के वरिष्ठ प्रवक्ता प्रदीप दीक्षित ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार 24 अगस्त को प्रातः 9बजे स्टेशन रोड स्थित बापू वाटिका में होगा। उन्होंने इंदु शर्मा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें शिक्षा जगत की महान हस्ती बताया।

### गाली गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी में लिखा मुकदमा

**कोंच(नदीगांव)।** थाना नदीगांव के ग्राम तजपुरा निवासी अमर सिंह पुत्र सीताराम ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि घटना दिनांक 22 अगस्त 2023 की है। जब में घर के बाहर गृह कार्य मे व्यस्त था तभी ग्राम के ही निबासी रोहित पुत्र अमर सिंह आये और मुझे अकारण ही मेरे साथ गाली गलौच करने लगे जिसका मैने बिरोध किया तो उपरोक्त मेरे व मेरी पुत्री के साथ मारपीट करने लगा हो हल्ला सुनकर पड़ोसी आ गए और उपरोक्त को ललकारा तो उपरोक्त जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया अमर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मुकद्दमा संख्या 105/23 धारा 323,504,506 आई पी सी में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पिता पुत्र के विवाद में भाई ने भाई की कर दी मारपीट

**कोंच(जालौन)।** कोतवाली के मुहल्ला आराजी लेन कसाई मंडी निवासी इब्राहीम पुत्र सलीम ने दिन वुधवार को कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि घटना दिनांक 23 अगस्त 2023 समय करीब 12.30 बजे दोपहर की है जब मेरा भाई साबू पिता सलीम से बाद बिबाद कर रहा था तब मैने भाई साबू को समझाने का प्रयास किया तो वह मुझसे नाराज हो गया और उसने मुझे घर मे घुसकर लात घूंसों से मारापीटा जिससे मेरे शरीर मे चोटें आईं और उक्त साबू के साथ उसका लड़का शानू ने भी मेरी मारपीट की मुहल्ले वालों के आ जाने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए इब्राहीम ने पुलिस से उक्त लोगों के खिलाफकड़ी कानूनी कार्यवाही करते हुए पिता की जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है जिस पर पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए जांच में जुट गई है।

### इनवर्टर से लगे करंट की चपेट में आकर प्रधानाचार्य की मौत

**उरई (जालौन)।** घर की बिजली सुधार रहे सेठ भगवती प्रसाद इंटर कालेज के प्रधानाचार्य करंट लगने से अचेत हो गए। घर के लोगों ने देखा तो तत्काल आस-पास के लोगों की मदद से इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत देख चिकित्सक ने उरई जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बता दे कि घटना एट कोतवाली कस्बे की है, जहां झांसी जनपद के पूंछ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेसा की रहने वाले देवेंद्र कुमार दुबे 55 पुत्र स्व. श्याम सुंदर एट कस्बे में निवास करते थे और वह लगभग दो साल से एट कस्बे में बने सेठ भगवती प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य की पद पर तैनात थे। जब वह अपने घर पर बैठे हुए थे तभी घर की अचानक लाइट खराब हो जाने पर वह इनवर्टर को देखने लगे इनवर्टर से अचानक करंट आने पर वह चिपक गए और अचेत होकर गिर पड़े, जब उनकी पत्नी ने देखा तो वह चिल्लाने लगी, जब शोर और चीखने चिल्लाने की आवाज मोहल्ले के लोगों को सुनाई दी तो मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पास के ही प्राइवेट अस्पताल में ले गये, जहां से उन्हें डॉक्टर ने गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# विवाहित ने फंदा लगाकर की आत्महत्या पिता ने हत्या का लगाया आरोप

गोरखपुर। समृद्धि न्यूज

**विवाहिता** की मंगलवार की शाम संदिग्ध हालात मे मौत हो गई। ससुराल वालों ने पुलिस और मायके वालों को फोन कर बताया कि उसने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस और मायके वाले विवाहिता के ससुराल पहुंच गए। मायके वाले हत्या का आरोप लगा रहे हैं। जबकि, ससुराल के लोग खुदकुशी करने की बात कह रहे हैं।घटना गुलरिहा इलाके के करमौरा गांव की है। हालांकि, ने महिला के शव को , कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की पड़ताल में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। अगर पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होती है तो केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। डेढ़ साल पहले हुई थी शादी दरअसल, गुलरिहा के करमौरा गांव के पतरकी टोला निवासी कन्हैया निषाद की शादी डेढ़ साल पहले पिपराइच इलाके के चक जलाल गांव निवासी हरी की बेटी परमशीला (22) के साथ हुई थी। परमशीला का पति कन्हैया 4 भाइयों मे दूसरे नंबर का है, सभी परिवार में अलग रहते हैं। मौत से पहले महिला ने अपने भाभी से फोन पर बात किया था मौत की सूचना मिलते ही परमशीला के मायके वाले उसके ससुराल पहुंच गए। मायके वालों ने पति पर मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि मंगलवार की शाम करीब 5 बजे परमशीला ने फोन पर बात कर पति पर पिटाई करने का आरोप लगाया था।जबकि, पति का कहना है कि पत्नी फंदे से लटक रही थी। जिसे नीचे उतारकर डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परमशीला के पिता की मौत हो चुकी है। भाई बाहर रहता है। उसकी भाभी ने पति पर मारपीट कर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

# निर्माधिन मेडिकल कालेज में मजदूरी न मिलने पर मजदूरों का प्रदर्शन

- ठेकेदार द्वारा मजदूरी न देने पर मजदूरों को भोजन पानी को लेकर भी हो रही दिक्कत
- जिलाधिकारी नामित ज्ञापन संबंधित बाबू को सौंप कर न्याय की लगाई गुहार

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

**कलेक्ट** परिसर में बकाया मजदूरी को लेकर -निर्माधिन मेडिकल कालेज के मजदूरों ने बुधवार को ठेकेदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी नामित ज्ञापन संबंधित विभाग के बाबू को सौप कर जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार।

वही मजदूरों ने बताया कि हम प्रार्थीगण जिला मेडिकल कालेज जनपद सोनभद्र में ठेकेदार रामलाल यादव पुत्र शोभनाथ यादव, ग्राम बभनी, पो0 बभनी, थाना बभनी सोनभद्र के निर्माण कार्य में मजदूरी



किये है हम लोगो का वेतन 11/06/2023 से 20/08/2023 तक के कार्य दिवसों के मजदूरी बाकी है। ठेकेदार द्वारा भुगतान न देने पर शिकायत किया गया तो पुलिस चौकी चुर्क में ठेकेदार ने सुलह किया की दिनांक 20/08/2023 तक सभी का हिसाब कर भुगतान कर दुगां जिसकी प्रति संलग्न है, किन्तु उसने आज तक बकाया मजदूरी का धन नहीं दिया, जिसके कारण प्रार्थनापत्र आप की सेवा में प्रार्थनापत्र देना आवश्यक हो गया है, हम प्रार्थीगण गरीब व्यक्ति है जो मजदुरी कर के परिवार का भरण पोषण करते है। मजदूरी न मिलने से हम लोगो का परिवार भूखमरी के कगार पर है हम लोग घोर आर्थिक संकट मे है। सही रेट तय रेट से ठेकेदार भुगतान नही दे रहा है। ठेकेदार का मुन्शी बाबूलाल पुत्र घुरहू ग्राम अरौली, पोस्ट चुर्क जिला सोनभद्र जो बीच में दलाली का काम कर ठेकेदार को बरगला रहा है। हम लोगों के खिलाफ उल्टी सीधी बातें करते हुए मजदूरी न देने की बात कर रहा है वही मजदूरों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस तरफ आकर्षित करते हुए मामले को संज्ञान लेकर मजदूरों की मजदूरी दिलाए जाने की गुहार लगाई। इस मौके पर रामसूरत , अभिषेक, विकास शर्मा ,विमलेश ,मनोज यादव ,कन्हैया ,विनय शर्मा, सत्येंद्र ,राजेश ,दुर्गेश, लक्ष्मण ,राजू ,रवि ,रामकुमार, रंजीत, ओमप्रकाश ,अनीश शर्मा, नीतीश ,कृष्ण ,बेचू, अमित कुमार ,धीरज, विकास, तारा ,नजमा ,जितेंद्र, संतोष ,सूरज, बसंत ,संजय कुमार, राघवेंद्र सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## विकलांग कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद भी नहीं मिली बैसाखी

**जालौन।** पैरों से दिव्यांग व्यक्ति को चलने के लिए बैसाखी की आवश्यकता है। कई बार कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद भी दिव्यांग को बैसाखी नहीं मिली है। पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर बैसाखी दिलाने की मांग की है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला दलालनपुरा निवासी हरीबाबू ने डीएम चांदनी सिंह को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि वह पैरों से दिव्यांग है। इसलिए उसे चलने फिरने में दिक्कत होती है। वह बैसाखी के सहारे चल सकता है।

# यूपी बार काउंसिल सदस्य सचिव ने कार्यभार संभाला, किया गया स्वागत

- अब सीओपी नवीनीकरण शुल्क 250 लगेगाः जय नारायण पांडेय

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



**यूपी** बार काउंसिल सदस्य सचिव एडवोकेट हाईकोर्ट लखनऊ जय नारायण पांडेय ने अपना कार्यभार संभाल लिया। माल्यार्पण कर अधिवक्ताओं ने स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी है। अपना दायित्व संभालने के बाद सदस्य सचिव श्री पांडे जी ने बताया कि अधिवक्ताओं का सीओपी नवीनीकरण शुल्क 500 रूपये की जगह अब सिर्फ 250 रूपये लगेगा। यह निर्णय यूपी बार कौंसिल की बर्चुअल बैठक में लिया गया है।

बता दें कि 21 अगस्त 2023 को यूपी बार काउंसिल के सदस्य सचिव जय नारायण पांडेय एडवोकेट हाईकोर्ट लखनऊ ने अपना कार्यभार संभाल लिया। यूपी बार काउंसिल अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष पंचूराम मौर्य, इमरान मुहम्मद खान,अजय यादव आदि अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर सदस्य सचिव का स्वागत करते हुए बधाई दी है। यूपी बार काउंसिल सदस्य सचिव जय नारायण पांडेय एडवोकेट ने बार काउंसिल अध्यक्ष को 21 अगस्त को पत्रक देकर कहा था कि अधिवक्ताओं के सीओपो नवीनीकरण शुल्क जो 500 रूपये बार की पूर्व बैठक में निर्धारित किया गया है वह बहुत अधिक है। उसे बर्चुअल बैठक बुलाकर कम किया जाए। यूपी बार काउंसिल अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ एडवोकेट ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल वर्चुअल बैठक बुलाई, जिसमें सर्वसम्मति से 250 रूपये सीओपी नवीनीकरण शुल्क निर्धारित किया गया है। उधर श्री पांडेय जी को यूपी बार काउंसिल का सदस्य सचिव बनाए जाने पर वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश शरण मिश्र, उमापति पांडेय, राजेश कुमार पाठक, जितेंद्र देव पांडेय, उमेश पांडेय आदि अधिवक्ताओं ने बधाई दी है।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी ने पढ़ाई बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों संग की बैठक

**कालपी(जालौन)।** शिक्षा को और अधिक बेहतर बनाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी ने अध्यापकों संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अध्यापकों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह सभी स्कूलों में निरीक्षण करेंगे, कोई भी कोताही मिलने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। बीआरसी महेवा स्थान हरीगंज कालपी के सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी दिग्विजय सिंह ने कहा कि सभी प्राइवेट विद्यालयों को यू डाइस भरना आवश्यक है। जिन विद्यालयों के प्रबंधन के द्वारा अभी तक यू डाइस नहीं भरे हैं। ऐसे विद्यालय जल्द से जल्द यू डाइस भर दे वरना वैधानिक तथा विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी ने परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों को अपने-अपने विद्यालयों के डीबीटी को तुरंत भरने के निर्देश दिए तथा चेतावनी दी कि त्रुटिरहित डीबीटी को भरना तत्काल सुनिश्चित करें। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि परिवार सर्वेक्षण की स्थिति ठीक नहीं चल रही है। इसलिए परिवार सर्वेक्षण का कार्य एवं फीडिंग शत प्रतिशत पूरा किया जाए। उन्होंने सभी शिक्षकों से कहा कि हमारे हाथों में देश के भविष्य को बनाने का जिम्मा है, इसके लिए हमें ईमानदारी से काम करने की जरूरत है। आज के बच्चे कल देश का भविष्य हैं, इसके लिए हमें अपने काम को बेहतर तरीके से अंजाम देना है।मीटिंग में बृजभूषण तिवारी, संदीप निगम, अरविंद यादव, मो. खालिद, इसरार अहमद, अब्दुल खालिद अंसारी, राम प्रकाश, मिथुन प्रजापति, रामकुमार मिश्र, कुलदीप शर्मा सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# नदियों का जलस्तर बढ़ने पर डीएम ने कई गांवों का किया दौरा

- बाढ़ प्रभावित गांवों की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने की दी हिदायत
- कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण कर परखी शिक्षा की गुणवत्ता



फतेहपुर। समृद्धि न्यूज

**बिंदकी** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत गंगा एवं पांडु नदी के जल स्तर में लगातार हो रही वृद्धि को लेकर बाढ़ प्रभावित ग्राम जाड़े का पुरवा, बिंदकी फार्म, बेनीखेड़ा का जिलाधिकारी श्रुति ने बुधवार को स्थलीय निरीक्षण किया। क्षेत्रीय नागरिकों ने डीएम को वस्तुस्थिति से अवगत कराया। डीएम ने उप जिलाधिकारी बिंदकी को निर्देशित किया कि बढ़ते जलस्तर को देखते हुए बाढ़ प्रभावित ग्रामों की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जायें और लेखपाल को लगातार बाढ़ प्रभावित ग्रामों में भ्रमणशील रहकर निरंतर निगरानी बनाए रखने की हिदायत दी। डीएम ने कहा कि ग्रामीणों को कटान क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी जाये। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित ग्रामों में समय-समय पर पशुओं के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लें और समुचित उपचार सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित जेई विद्युत को निर्देश दिए कि सुनिश्चित करें कि ग्रामों की विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से रहे। बाढ़ प्रभावित ग्रामों में पीने योग्य शुद्ध पेयजल हेतु टैंकर की व्यवस्था की जाये। प्रभारी चिकित्साधिकारी ग्रामों का भ्रमण कर लगातार निगरानी बनाए रखें। खाद्य सामग्री की समस्त व्यवस्थाएं करने के निर्देश संबंधित को दिए उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इसके बाद जिलाधिकारी ने मलवां ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय ग्राम कटरी आशा फार्म का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता को परखा और अध्यापकों को निर्देशित किया कि बच्चो को गुणवत्तापरक शिक्षा दी जाये क्योंकि बच्चे देश का भविष्य है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिंदकी मनीष कुमार, तहसीलदार जगदीश सिंह, नायब तहसीलदार रवि प्रजापति, प्रभारी निरीक्षक, लेखपाल, ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# समस्याओं को लेकर सदर तहसील में गरजे किसान नेता

- भाकियू ने डीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

फतेहपुर। समृद्धि न्यूज

**जिले** की मूलभूत समस्याओं को लेकर बुधवार को सदर तहसील प्रांगण में जिले के किसान नेताओं ने पंचायत लगाकर समस्याओं को उजागर किया। तत्पश्चात डीएम को संबोधित समस्याओं का एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की आवाज बुलंद की।

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अशोक उत्तम पटेल एडवोकेट की अगुवाई में बड़ी संख्या में पदाधिकारी व किसान सदर तहसील प्रांगण पहुंचे। जहां समस्याओं को लेकर पंचायत लगाई। पंचायत को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले में तमाम मूलभूत समस्याएं मुंह बाये खड़ी हैं। बार-बार आवाज उठाने के बावजूद समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। जिससे आमजन के साथ-साथ किसान बेहाल व परेशान है। किसानों ने कहा कि यदि उनकी मांगों का निराकरण न किया गया तो आने वाले समय में वृहद आंदोलन किया जायेगा। तत्पश्चात डीएम को संबोधित समस्याओं का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर किसानों को शासनादेश के अनुसार विद्युत आपूर्ति किए जाने, कल्यानपुर मजरे उमरौड़ी विकास खंड मलवां में एनएच-2 पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराये जाने, रिंद नदी पर बनने वाले पुल को कुन्हू का डेरा व रामपुर के मध्य बनाये जाने, जनपद में आवारा पशुओं से किसानों को मुक्ति दिलाये जाने, गांव में बन रही पानी की टंकियों की पाइप लाइन डालने हेतु रास्तों को पुनः बनवाये जाने, जनपद की ग्रामीण सड़कों को ठीक कराये जाने सहित वरासत के मामलों में तत्काल कार्रवाई कराये जाने की मांग की गई। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, राम सहाय, नवल सिंह पटेल, देवनारायण पटेल, सुरेंद्र पटेल, दिनेश शुक्ला, कमलेश मिश्रा, छोटेलाल सोनकर, जय सिंह यादव, कंचन सिंह, राजेश कुमारी, यदुनंदन आर्य, कप्तान सिंह, मुन्ना शेख, ममता गुप्ता, मोईद अहमद, राहुल उमराव, रोहित पटेल, सावित्री देवी भी मौजूद रहीं।



## खबरें एक नजर में

### डा. पूनम ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की

**इटावा।** भरथना की शिक्षण संस्था प्रकाश इण्टरमीडिएट कालेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शिवपाल सिंह चौहान की पुत्रवधू पूनम चौहान ने महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली से हिन्दी विषय में ''21वीं सदी के प्रथम दशक के हिन्दी की महिला लेखिकाओं की आत्मकथाओं का समीक्षात्मक अध्ययन'' शीर्षक पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर ली है। मूल रूप से भरथना कस्बा के मुहल्ला बृजराज नगर निवासिनी डा पूनम चौहान पत्नी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि उनके शोध परिणाम में यह निकला है कि स्त्रियों के प्रति समाज के लोगों की जो संकीर्ण मानसिकता है, उसमें बदलाव आएगा। स्त्रियों के अन्दर यह भावना जागृत होगी कि वह उच्च शिक्षा प्राप्त करके आत्मनिर्भर बनें तथा अपनी संघर्षपूर्ण स्थिति से बाहर निकले और जो तिरस्कार, अपमान और उपेक्षा की मार स्त्रियां सदियों से झेलती आ रही है,उससे उन्हें मुक्ति का रास्ता मिल सकेगा। डा. पूनम चौहान वर्तमान में तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय मुरादाबाद में असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी विषय के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस सफलता पर उनके परिजन, शुभचिन्तकों, इष्टमित्रों व अन्य गणमान्य नागरिकों ने बधाई दी हैं।

### सोशल मीडिया के माध्यम से दी जा रही मिट्टी में मिलाने की धमकी

**जैतपुर महोबा।** रावतपुरा खालसा निवासी एक दबंग ने कुलदीप पाठक की की सामाजिक छवि धूमिल विकासखंड जैतपुर के अंतर्गत मध्य प्रदेश सीमा से लगे हुए रावतपुरा खालसा गांव के निवासी कुलदीप पाठक जो लगातार दो पंच वर्षी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रहे हैं इनके द्वारा समाज के हित में कई कार्य किए गए । इसी के चलते विरोधियों ने इनकी सामाजिक छवि धूमिल करने के संबंध में सोशल मीडिया के माध्यम से इन पर कई गंभीर आरोप लगाकर दुष्प्रचार किया जिससे कुलदीप पाठक का मानसिक उत्पीड़न हो रहा है। कुलदीप पाठक ने बताया कि यह दबंग लोग मेरे व मेरे परिवार के ऊपर कई फर्जी मुकदमे लगवाने की कोशिश में बने रहते हैं इसके अलावा अब यह लोग सामाजिक छवि धूमिल करने के उद्देश्य सोशल मीडिया के माध्यम से भी कई अभद्र कमेंट कर रहे हैं जिसमें एक दबंग द्वारा तो मुझे मिट्टी में मिलाने की भी धमकी दी है मेरे द्वारा शासन प्रशासन को कई बार सूचित किया गया है लेकिन दबंगों के खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिससे इनके हौसले बुलंद हैं यदि दबंगों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो यह लोग हमारे ऊपर कभी भी हमला कर सकते हैं। उक्त प्रकरण के संबंध में कुलदीप पाठक ने शासन प्रशासन से अपील की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।

### सुनील जाटव बने बसपा जिलाध्यक्ष

**इटावा।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एव पूर्व मुख्यमंत्री उप्र के निर्देश पर सुनील जाटव को बहुजन समाज पार्टी जिला इटावा का अध्यक्ष बनाया गया है। श्री जाटव इससे पहले पार्टी के मण्डल जोन इंचार्ज के रूप में कार्य कर रहे थे। उनकी लगन और कार्यशैली को देखते हुए ही उन्हें जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। सुनील जाटव को अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके समर्थकों, सहयोगियों और पार्टी कार्य कर्ताओं में खुशी की लहर है। साथ ही तमाम लोगों ने बधाई दी है।

### करंट की चपेट में आकर संविदा कर्मी की मौत

**खागा/फतेहपुर।** ऐरायां विकास खंड क्षेत्र के अल्लीपुर फीडर में तैनात संविदा कर्मी की लापरवाहियों के चलते दर्दनाक मौत हो गयी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने रोड जाम लगाकर मुआवजा दिलाये जाने की मांग किया। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों ने मामले को शांत कराया। खागा तहसील क्षेत्र के थाना हथगाम गांव निवासी संविदा लाइनमैन रामबाबू पुत्र लालजी यादव की ड्यूटी के दौरान अल्लीपुर बहेरा पावर हाउस परिक्षेत्र में लाइन दुरूस्त करते समय अचानक लाइन चालू होने के कारण मौके पर मौत हो गयी। बताया जाता है कि बुधवार को लगभग 9 बजे बहेरा पावर हाउस से अल्लीपुर बहेरा आदेश पर ठीक करने गये थे। तभी पावर हाउस में ड्यूटी कर रहे मूलचंद्र ने लाइन चालू कर दिया। जिनकी लापरवाही के कारण मौके ही लाइनमैन ने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई संजय यादव ने बताया कि उक्त स्थान पर डबल लाइन थी। आदेश पर ठीक करने गया था। लापरवाही के चलते अल्लीपुर फीडर तो शटडाउन था लेकिन नौबस्ता फीडर शटडाउन नहीं किया गया था। जिसके कारण उसके भाई की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही विभागीय अधिकारी व जिम्मेदाराना अधिकारियों ने उचित मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिलाकर मामले को शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### पोल से टकराकर ट्रेन यात्री की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के फैजुल्लापुर रेलवे स्टेशन के समीप आनंद विहार ट्रेन में एक यात्री बाहर झांकने लगा। तभी बिजली के पोल से टकराकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कौशाम्बी जनपद के करारी थाना क्षेत्र के भेला मकदूमपुर गाँव निवासी जियालाल का 22 वर्षीय पुत्र सरविन्द अपने घर आनंन्द बिहार ट्रेन पर सवार होकर जा रहा था। जब वह जिले के थरियांव थाना क्षेत्र के फैजुल्लापुर रेलवे स्टेशन के समीप पहुंचा तभी ट्रेन से झांकने लगा। जिस पर वह बिजलीं के पोल से टकरा गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के भाई अरविंद कुमार ने बताया कि वह दोनों भाई ट्रेन में साथ थे। सरविन्द ट्रेन के बाहर झांकने लगा तभी खंबे से टकरा कर उसकी मौत हो गई है।

### ट्रक से कुचलकर पिकअप मालिक की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के एनएच-2 पर पिकअप का पंचर टायर बदलते समय समीप में खड़े मालिक को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कौशांबी जनपद के भरवारी थाना क्षेत्र के नया बाजार गाँव निवासी रोशन लाल का 55 वर्षीय पुत्र मोहनलाल केशरवानी मंगलवार की रात कानपुर से अपनी खुद की पिकअप से अपने घर जा रहा था। जब वह जिले के थरियांव थाना क्षेत्र के एनएच 2 पर पहुंचा तभी उसकी पिकअप का टायर पंचर हो गया। ड्राइवर गाड़ी का टायर बदल रहा था और मोहनलाल केशरवानी वही खड़ा था। तभी रोड से गुज़रे ट्रक ने उसको रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# प्रधानाध्यापक ने अपने निजी धन से विद्यालय में लगवाया इन्वर्टर

- भीषण गर्मी में बिना लाइट के पंखे की हवा लेकर खिले नौनिहालों के चेहरे




पनवाड़ी/महोबा। समृद्धि न्यूज

**विकास** खंड पनवाड़ी के अन्तर्गत एक गांव आता है जिसका नाम महोबकण्ठ है. यहाँ के प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत महेंद्र कुमार तिवारी हैं. श्री तिवारी ने बताया कि जहाँ एक ओर ऐसी भीषण और उमस भरी गर्मी में लोगों का जीना दूभर बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर विधुत सप्लाई की आंख मिचोली के कारण विधुत उपकरण ठप रहते हैं. विद्यालय में लाइट के साथ-साथ पंखे तो लगे हुए हैं. पर सप्लाई कम मिलने के कारण बच्चे उमस भरी गर्मी में बेहाल नजर आ रहे थे. बच्चों की ये दशा वो देख नहीं पा रहे थे. इसलिए श्री तिवारी ने बिना विभागीय सहायता के अपने निजी धन से विद्यालय में नया इन्वर्टर कनैक्शन लगवा दिया है. इन्वर्टर से पंखे की हवा लेकर बच्चों के चेहरे खिल उठे हैं. गर्मी के कारण जो छात्र एवं छात्राएं कक्षाओं में अनुपस्थित रहते थे. इन्वर्टर की खवर सुनकर वो बच्चे भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने लगे. और अध्ययन कार्य भी प्रगति पर हैं. वहीं विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक प्रधानाचार्य के इस कार्य की भूर-भूर प्रशंसा कर रहे हैं।

### विधिविधान से भगवान भोलेनाथ का हुआ महारूद्राभिषेक

**इटावा।** देवों के देव महादेव के पुनीत पर्व श्रावण मास के उपलक्ष्य में छोला मन्दिर स्थित शिव मन्दिर पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिविधान से भगवान भोलेनाथ का महारूद्राभिषेक कराया गया। साथ ही ''बम-बम भोले'' के जयघोषों से समूचा मन्दिर प्रांगण गुंजायमान हो गया। भरथना कस्बा के विधूना रोड स्थित शक्तिपीठ श्री बालरूप हनुमान जी महाराज हनुमान गढी छोला मन्दिर प्रांगण स्थित शिव मन्दिर पर श्रावण मास पर्व के उपलक्ष्य में देवों के देव महादेव की स्तुति हेतु राहुल गुप्ता द्वारा कराये गये महारूद्राभिषेक का आयोजन आचार्य राहुल दीक्षित द्वारा विधिविधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सम्पन्न कराया गया। इस दौरान आयोजकगणों ने भगवान भोलेनाथ का चन्दन, रोली, फल-फूल, धतूरा, बेलपत्र आदि से मनमोहक श्रृंगार किया गया।

# जनता बिजली विभाग की चेकिंग टीम की वीडियो बनाये : ऊर्जा मंत्री

इटावा। सुमेर सिंह किला गेस्ट हाउस में ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर ने भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की एवं जनपद में ऊर्जा से सम्बंधित समस्याओं के बारे में जाना। भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक में डॉ सोमेंद्र तोमर ने जनपद में चलाए जा रहें संगठनात्मक अभियानों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए । संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए डॉ सोमेंद्र तोमर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एवं प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार द्वारा सैकड़ों जन-कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है जिनका सीधा लाभ बिना किसी भेदभाव एवं भ्रष्टाचार के आम जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है। सपा सरकार में केवल इटावा में 24 घन्टे बिजली मिलती थी प्रदेश के बाकी जनपदों में बमुश्किल 8-10 घन्टे ही बिजली आपूर्ति होती थी जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में एक हफ्ता दिन में तथा एक हफ्ता रात में बिजली आपूर्ति की जाती थी जबकि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों पर 24 घण्टे जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 20-22 घण्टे बिजली आपूर्ति की जा रहीं है। किसानों के लिए सिंचाई हेतु मुफ्त बिजली भाजपा की सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रहीं है।भाजपा पदाधिकारियों द्वारा शहर में बिजली चैकिंग के नाम पर होने वाली अवैध लूट की शिकायत पर डॉ सोमेंद्र तोमर ने कहा कि आम जनता से एक निवेदन है जैसे बिजली विभाग आपकी वीडियोग्राफी करता है ठीक उसी प्रकार आप भी उनकी वीडियोग्राफी कीजिए अगर बिजली विभाग के अलावा कोई भी दलाल या एजेंट चेकिंग टीम साथ मे पाया जाता है तो कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसान




महोबा। समृद्धि न्यूज

**सदर** तहसील में बीते 10 अगस्त से 5 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे सदस्यों ने आज विकास भवन से लेकर तहसील तक पदयात्रा कर शासन प्रशासन मांगे पूरी करने की मांग की है। 14 दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसानों को जिला प्रशासन द्वारा सिर्फ झूठे आश्वासन देकर उठाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि जिले का अन्नदाता एक-एक पैसे के लिए परेशान हैं। गौरतलब हो कि महोबा सदर तहसील में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने के बाद किसान संगठन ने क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है । जय जवान जय किसान, गली गली में शोर है बीमा वाला चोर है , कई नारों के साथ सड़कों पर पैदल यात्रा के बाद किसान अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन पर बैठ गए हैं। किसानों का आरोप है कि शासन प्रशासन हम किसानों के साथ विश्वास घात कर रहा है। 100 करोड़ की बीमा करने के बाद भी किसानों को लाभ नहीं मिल रहा है । किसानों के खाते में बर्बाद हुई फसलों का प्रीमियम नहीं भेजा गया है । मटर बुंदेलखंड की सबसे ज्यादा पैदावार होने वाली फसल है। मगर केंद्र और सरकार उस पर एमएसपी जारी नहीं कर रही है।

# चंद्रयान-3 लैंडिंग कार्यक्रम का सभी विद्यालयों में नहीं हुआ लाइव प्रसारण

- दो विद्यालय में लटकता मिला ताला एक को रसोइयां ने खोला
- पीएम श्री व कम्पोजिट में हुआ लाइव प्रसारण

सुमेरपुर। समृद्धि न्यूज




**चंद्रयान** 3 के लैंडिंग कार्यक्रम को लाइव दिखाने के लिए सभी विद्यालयों को आदेश किया गया था कि शाम 5=15 बजे से 6=15 बजे तक खोलकर दिखाया जाए। लेकिन सुमेरपुर कस्बे में विद्यालयों का भ्रमण कर देखा गया तो दो विद्यालय में ताला लटक रहा था। जबकि एक विद्यालय में रसोइयों ने विद्यालय तो खोल रखा था। लेकिन लाइव प्रसारण की कोई व्यवस्था नहीं थी। न ही बच्चे थे। वहीं कस्बे के दो विद्यालयों में लाइव प्रसारण कर बच्चों को दिखाया जा रहा था।चंद्रयान-3 के चांद पर उतारने के कार्यक्रम को लाइव प्रसारण दिखाने के लिए शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया था। जिसमें सभी परिषदीय विद्यालयों व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कार्यक्रम को लाइव प्रसारण दिखाना था। इस आदेश का अनुपालन कितना हुआ इसका लाइव कवरेज किया गया। जिसमें कस्बे के प्राथमिक विद्यालय इमिलिया में रसोइयां उर्मिला व सरोज ने विद्यालय खोल रखा था। लेकिन इंचार्ज प्रधानाध्यापक साधना व वर्षा मौजूद नहीं थी। न ही विद्यालय में लाइव प्रसारण के कोई व्यवस्था थी और छात्र-छात्राएं भी मौजूद नहीं थे। रसोइया उर्मिला ने बताया कि विद्यालय खोलने के आदेश थे। उन्होंने विद्यालय खोल दिया है। बच्चे बुलाने के लिए उन्हें नहीं बताया गया था। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय ऊंछा को देखा गया जहां पर प्रधानाध्यापिका जाकिया बानो बच्चों को मोबाइल पर कार्यक्रम दिखाते हुए मिली। बिजली न होने से बच्चे टीवी पर कार्यक्रम नहीं देख पा रहे थे। इसके बाद कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय को देखा गया।जहां पर ताला पड़ा हुआ था। उसके बगल में कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक गजेंद्र सिंह बच्चों को मोबाइल पर कार्यक्रम दिखाते हुए मिले। उन्होंने बताया कि बिजली की बार-बार ट्रिपिंग की वजह से टीवी नहीं चल पा रहा है। जिससे मोबाइल पर ही कार्यक्रम दिखा रहे हैं। उसके बगल में कन्या प्राथमिक विद्यालय में ताला पड़ा हुआ था। कक्षा पांच के छात्र आकाशदीप,चांदनी,अनन्या विद्यालय के बाहर खड़े होकर ताला खुलने का इंतजार करते मिले। इसके बाद कस्बे का पीएम श्री में चयनित प्राथमिक विद्यालय अनुसूचित में प्रधानाध्यापक देवेश कुमार द्विवेदी बच्चों को टीवी पर कार्यक्रम दिखाते हुए मिले। उन्होंने बताया कि अभी-अभी लाइट आई है। तब टीवी पर कार्यक्रम दिखाया जा रहा है। लाइट न रहने पर मोबाइल पर लाइव प्रसारण दिखाया गया।इसी तरह केंद्रीय विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों में लाइव प्रसारण दिखाया गया।

# ऊर्जा मंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की

इटावा। समृद्धि न्यूज



**राज्य** मंत्री, ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा विभाग, उ.प्र. डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने सुमेर सिंह किले पर विद्युत विभाग के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा के दौरान लाइन लॉस, विद्युत बिल बकाया वसूली, विद्युत आपूर्ति, आमजन की समस्याएं आदि अनेक बिंदुओं पर वार्ता की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विद्युत आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जायें, जिससे उपभोक्ताओं को समस्या उत्पन्न न हो।

उन्होंने कहा कि जो भी कनेक्शन पी.डी. हो गये हैं उनके बिल न पहुंचे और बड़े बकायेदारों से बिलों की वसूली सुनिश्चित की जाये। उन्होंने एक्शन विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि विजिलेंस चेकिंग के दौरान सरकारी व्यक्ति के अलावा अगर प्राइवेट व्यक्ति जाता है तो उस पर कार्रवाई अवश्य की जाए, साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया की जो भी बिजली चोरी कर रहा है उस पर चेकिंग कर कार्रवाई की जाए। मंत्री ने नेडा के कार्यो की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने स्तर से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें जिससे आमजन को योजनाओं का अधिकाधिक लाभ मिल सके और योजनाओं की उद्देश्य पूर्ति हो। उन्होंने अधीक्षण अभियंता संदीप अग्रवाल को निर्देशित करते हुए कहा कि योजनाओं के संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करें जिससे कार्य में प्रगति हो एवं कार्य की रिपोर्ट एक सप्ताह में उपलब्ध करा दें। बैठक में पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा , जनप्रतिनिधि , मुख्य अभियंता असलम हुसैन, संदीप अग्रवाल अधीक्षण अभियंता, सौरभ मिश्रा एवं समस्त विद्युत विभाग से अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता, अवर अभियंता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# लुटेरों के गैंग का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

फतेहपुर। समृद्धि न्यूज

**गिरोह** बनाकर राहगीरों समेत अन्य लोगों के साथ लूट, छिनैती, डकैती जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंग का बकेवर थाना पुलिस व एसओजी टीम ने पर्दाफाश कर दिया। पुलिस टीम ने देवमई नहर पुलिया से गुटैयाखेड़ा जाने वाली नहर पटरी से घेराबंदी करके गैंग के चार सदस्यों को दबोच लिया। जिनके पास से तमंचा, कारतूस, लोहे की राड समेत अन्य उपकरण बरामद किए हैं। सभी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार बकेवर थाने के उपनिरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह अपने हमराही उपनिरीक्षक व सिपाहियों के साथ बैठका चौराहे पर गश्त कर रहे थे। तभी एसओजी प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव भी अपने हमराही सिपाहियों के साथ आ गये। पुलिस टीम आपस में अपराधों को लेकर चर्चा कर रही थी तभी मुखबिर की सूचना पर संयुक्त टीम नहर पुलिया देवमई से गुटैयाखेड़ा जाने वाली नहर पटरी पर पहुंची और लुटेरों के गैंग के चार सदस्यों को दबोच लिया। पकड़े गये सदस्यों ने अपने नाम अवधेश सोनकर पुत्र कल्लू सोनकर निवासी बबई थाना चांदपुर, लल्लू सोनकर पुत्र रामचरन सोनकर निवासी ग्राम कुंवरपुर थाना मलवां, पियूष उर्फ पिंटू सोनकर पुत्र रामस्वरूप सोनकर निवासी ग्राम कुंवरपुर थाना मलवां व राहुल सोनकर पुत्र स्व. कल्लू सोनकर ग्राम बबई थाना चांदपुर बताया। पकड़े गये लुटेरों के पास से पुलिस ने एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर, एक तमंचा 12 बोर, दो जिंदा कारतूस 12 बोर, एक लोहे की राड, एक पिलास, एक टार्च, एक चाभी का गुच्छा, एक लोहे की राड व एक पेंचकस बरामद किया है। बकेवर थाने के थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं। जिन पर पूर्व में भी कई अभियोग पंजीकृत हैं।







# डीएम ने बाढ़ पीड़ितों को किया अस्वस्त, जिला प्रशासन करेगा हर संभव मदद

**बाढ़ प्रभावित इलाकों में प्रशासन की राहत टीमें हर समय मुस्तैद हैं: डीएम**

कन्नौज,समृद्धि न्यूज





बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम कटरी फिरोजपुर का निरीक्षण करते व ग्रामीणों से वार्ता करते डीएम — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बुधवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम कटरी फिरोजपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंगा नदी के बढ़ते जल स्तर को दृष्टिगत रखते हुये ग्रामवासियों को सावधान, सुरक्षित व चौकन्ने रहने का सुझाव दिया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाढ़ क्षेत्र में भ्रमणशील रहे।

जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम कटरी फीरोजपुर, कासिमपुर कटरी, कटरी डूंगरपुर एवं कटरी अमीनाबाद (गंगूपुर्वा मजरा) में रात्रि से गंगा नदी का जल स्तर बढने के कारण आयी बाढ को स्थलीय भ्रमणध्निरीक्षण किया गया। ग्राम कासिमपुर कटरी में कुल 120 परिवार बाढ प्रभावित हैं। ग्राम कटरी डूंगरपुर में कुल 13परिवार बाढ प्रभावित हैं, जिसमें 56 यूनिट हैं। ग्राम कटरी अमीनाबाद (गंगपुर्वा मजरा) में कुल 200 परिवार बाढ से प्रभावित हैं एवं फीरोजपुर में 24 परिवार बाढ प्रभावित हैं, जिनमें 149 यूनिट हैं। कहा कि ग्राम कासिमपुर कटरी में लन्च पैकेट आदि का वितरण प्रतिदिन किया जा रहा है एवं में बाढ राहत सामग्री भी वितररित की जा चुकी है। कहा कि ग्राम कटरी डूंगरपुर व कटरी अमीनाबाद व कटरी फीरोजपुर रात्रि से बाढ प्रभावित हुये हैं, जिसमें बाढ राहत सामग्री वितरित करायी जा रही है। प्राथमिक विद्यालय कटरी फीरोजपुर, सत्य नारायण मार्केट कासिमपुर कटरी एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय भिम्मापुर्वा मौजा कटरी अमीनाबाद में बाढ शरणालय बनाये गये हैं। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान गंगा नदी के बढ़ते जल स्तर को दृष्टिगत रखते हुये ग्रामवासियों को सावधान, सुरक्षित व चौकन्ने रहने का सुझाव दिया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाढ़ क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। उन्होनें कहा कि जलभराव होने से अनेक प्रकार की बीमारिया फैलती है। पीने योग्य पानी को शुद्ध रखने के लिये 20 लीटर पानी में एक क्लोरीन की गोली को डालकर शुद्ध पेयजल के रूप में प्रयोग किया जाए है। इसके अतिरिक्त पानी को गर्म कर ठंडा करने के बाद ही प्रयोग में लाये। वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुये खान-पान की वस्तुओं का विशेष ध्यान रखा जाए तथा साफ-सफाई के साथ भोजन तैयार किया जाये। उन्होंनें कहा कि यदि कोई पशु बीमार है तो उसका त्वरित इलाज करवाया जाये। बीमार पशुओं से संक्रमण फैलने की संभावना अधिक रहती है। पशु एम्बुलेंस नम्बर 1962 पर काल कर अपने पशुओं को इलाज करवाया जा सकता है। कहा कि गला घोटू टीकाकरण अभियान के अन्तर्गत पशुओं का टीकाकरण करवाया जा रहा है। सभी ग्रामवासी अपने पशुओं का टीकाकरण अवश्य करायें। इस दौरान उन्होंने आपदा से बचाव हेतु आवश्यक एंव महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी तथा बताया कि आवश्यकता पड़ने पर आपदा राहत के नम्बर 1770 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होनें कहा कि गंगा नदी में बढ़ते जल स्तर को ध्यान में रखते हुये नाव का संचालन बंद किया जाए। ताकि किसी भी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अशीष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एडीएम ने बाढ़ राहत शिविर का किया निरीक्षण



बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण करते एडीएम — समृद्धि न्यूज

**एडीएम आशीष कुमार ने कहा बाढ़ से प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी**

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**बुधवार** को अपर जिलाधिकारी ने बाढ़ राहत शिविर में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओ का जायजा लिया तथा बाढ़ पीड़ितों को हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया। अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र कटरी फिरोजपुर में बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने में बाढ़ राहत शिविर रह रहे लोगों से कहा कि उनकी संवेदना बाढ़ पीडितों तथा जल भराव से प्रभावित होने वाले लोगों के साथ है। प्रशासन बाढ़ पीड़ितों के साथ है। आपदा से प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में राहत शिविर लगाए हैं। जिन लोगों के घरों में पानी घुस गया है, उनको राहत शिविर में ले जाकर भोजन, शुद्ध पेयजल के साथ उनके स्वास्थ्य की देखभाल की जा रही है। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों को आश्वस्त किया कि उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित ने उपरोक्त ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर निवासी अमर सिंह पुत्र छत्रपाल ने स्थानीय कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि सोमवार को सुबह करीब 8.30 बजे उसका पुत्र महेंद्र सिंह अपने बेटे आर्यन के साथ रिश्तेदारी में जा रहा था। तभी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बिर्रा मोड़ के पास नौली रोड पर ट्रैक्टर चालक रजनेश निवासी नगला खजुरिया थाना छिबरामऊ के पुत्र ने महेंद्र की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पिता व पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित के शिकायती पत्र पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जाच शुरू कर दी है।

# खबरें चलते-चलते

## अभाविप ने कराया विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई द्वारा शहर के कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर एवं सोनी पारिया स्कूल के विद्यार्थियों को नई तकनीकी एवं उद्यम के विषय में परिचित कराने हेतु सरस एवं सुगंध विकास केंद्र में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। यहां पर प्रशिक्षु के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रवीण एवं करीना ने विद्यार्थियों को कृषि प्रयोगशाला, गुणवत्ता प्रयोगशाला, इत्र उत्पादन इकाई एवं प्रयोगशाला का भ्रमण कराया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को लेमन ग्रास, तुलसी एवं अन्य प्राकृतिक संपदा परिचित कराया गया। उक्त प्रशिक्षुओं के द्वारा कृषि उत्पाद, इत्र उत्पाद के उत्पादन एवं उनकी गुणवत्ता के विषय मे विस्तार से बताया गया। इस भ्रमण में विद्या मंदिर एवं सोनी पारिया के लगभग एक सैकड़ा छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने इस दौरान बड़े उत्साह से सभी जगह भ्रमण किया और प्रशिक्षुओं के द्वारा दी गयी जानकारी को ध्यानपूर्वक सुना।इस दौरान विद्यार्थियों को जो भी शंकाएं हुई उनका निदान किया गया। जिला संगठन मंत्री चित्रांशु के द्वारा बताया गया की विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों के उत्थान हेतु इस तरह के भ्रमण कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। इस भ्रमण के दौरान विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य जितेंद्र पांडेय, अन्य शिक्षक गण और विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दंपति को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर में घुसकर पति-पत्नी से दबंगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथी जान से मारने की धमकी भी थी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तरपुर्वा निवासिनी प्रीति देवी पत्नी धर्मेंद्र कुमार ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है बीते रविवार की रात करीब 10 बजे गांव के ही मकरंद, सचिन, विपिन पुत्रगण अशोक कुमार व अशोक कुमार पुत्र बाबूराम उसके घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी व साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी तथा मकरंद ने पीड़िता के साथ छिटाकशी भी की। पीड़िता के शिकायती पत्र पर कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## उधारी न चुकाने पर की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उधार लिए गए पैसों को लौटाने में समय ज्यादा हो गया। जिस कारण पैसा उधार देने वाले लोगों ने अपने दरवाजे के सामने पीड़ित से गाली गलौज करते हुए उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र ग्राम मसीटपुरवा निवासी अनुरूप पुत्र नवाब सिंह ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहां है कि गांव के ही लोगों से उसने पैसा उधार लिया था। जब पैसा समय पर नहीं दिया गया तो आरोपितों ने अपने दरवाजे के सामने उसे रोककर उससे गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित के शिकायत पत्र पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार किशोरी की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** तेजी व लापरवाही से मोटरसाइकिल चला रहे युवक ने किशोरी की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रौतामई निवासी आशमा बेगम ने कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा है कि मंगलवार की रात करीब 9 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री रेशमा साइकिल से अपने घर जा रही थी। तभी पीछे से आ रही मोटरसाइकिल ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना को देख स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल किशोरी को उपचार के लिए भेजा तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतका की मां ने बाइक चालक के विरूद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

# प्राथमिक विद्यालयों में सभा आयोजित कर देखा चन्द्रयान-3 का सजीव प्रसारण

**चंद्रयान- 3 सफलता पूर्वक लैंड होने पर लोगों ने मनाई खुशी**

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज



पीएस तरपुरवा में चंद्रयान-3 का सजीव प्रसारण देखते बच्चें — समृद्धि न्यूज

**शासन** के निर्देशन में बेसिक शिक्षा अधिकारी कौस्तुभ कुमार सिंह के आदेशानुसार समस्त यूपीएस, पीएस में विशेष सभा आयोजित कर चंद्रयान- 3 का लाइव प्रसारण देखा गया। बुधवार को सांय ब्लॉक क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय अनौगी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेंवा, प्राथमिक विद्यालय जेंवा, तरपुरवा, जसपुरापुर सरैया, अलीनगर, सरैया, गोवा, अनौगी द्वितीय, कंपोजिट विद्यालय जलालाबाद समेत आदि विद्यालयों में शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने चंद्रमा पर चन्द्रयान-3 के उतरने का लाइव प्रसारण देखा। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक अनुराग कुमार ने कहा कि भारत के चंद्रयान-3 का उतरना एक यादगार अवसर है। जो न केवल जिज्ञासा को बढ़ावा देगा बल्कि हमारे युवाओं के मन में अन्वेषण के लिए एक जुनून भी जगाएगा। जिससे गर्व और एकता की गहरी भावना पैदा होगी। चंद्रयान-3 चंद्रमा पर सफलता पूर्वक लैंड होने पर सभी देशवासियों में खुशी जाहिर की। वही चन्द्रयान-3 सफलता पूर्वक लैंड होने पर भारत ने इतिहास रच दिया है। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका सीमा त्रिवेदी, रेनूकमल, प्रधानाध्यापक नीरेंन कुमार, मनोज कुमार यादव, जितेंद्र सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव कुमार, अवध नारायण, अंजली तिवारी, प्रिया सिंह सहायक अध्यापक रोहित द्विवेदी, प्रियंका पाठक, आरती कटियार, मुकेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# सीडीओ ने सकरी खुर्द में संचालित अस्थाई गौशाला का किया निरीक्षण



कन्नौज,समृद्धि न्यूज

मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह ने विकास खण्ड कन्नौज के ग्राम पंचायत सकरी खुर्द में संचालित अस्थाई गौशाला एवं ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबधन (आर0आर0सी0) का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में 46 पशु पंजीकृत एवं मौजूद पाये गये है। गौशाला में मौके पर 12 कुन्तल भूसा पाया गया, 50 किलो दाना चोकर उपलब्ध था तथा गौशाला में हरा चारा एवं चारा काटने के मशीन भी उपलब्ध थी। मौके पर गौशाला में 02 केयर टेकर श्री दिवारी लाल एवं श्री वीरेन्द्र उपस्थित थे । गौशाला में पशुओं के पीनी पीने के लिए हौदी बनवायी गयी है, जिनकी पुताई न कराये जाने के कारण वह काफी खराब दिखाई दे रही थी, जिनको तत्काल पुतवाने के निर्देश मौके पर उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी को दिये। गौशाला में मौजूद पशु स्वास्थ्य पाये गये तथा साफ-सफाई व्यवस्था भी ठीक पायी गयी है। उन्होंने सकरी खुर्द में आरआरसी निर्माण का निरीक्षण किया। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन ( आर0आर0सी0 ) का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, परन्तु अभी तक संचालित नहीं कराया गया है, जिसके सम्बन्ध में मौके पर उपस्थित सहायक विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि वह तत्काल आर0आर0सी0 का संचालित कराते हुये अवगत भी कराया जाए। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, सहायक विकास अधिकारी उपस्थित थे।

# अखिलेश यादव पर की गई टिप्पणी के खिलाफ सपाइयों ने खोला मोर्चा

**सपाईयों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा**

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



ज्ञापन सौंपते सपा नेता — समृद्धि न्यूज

**अयोध्या के** हनुमानगढ़ी के पुजारी महंत राजूदास द्वारा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर सपाईयों ने मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को समाजवादी युवजन सभा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कलेक्टेऱ्ट पहुंच कर राज्यपाल को सम्बोधित एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में राजूदास पर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि महंत राजू दास ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर अभद्र टिप्पणी की है, जिससे पूरे देश में और उत्तर प्रदेश में करोड़ों नौजवानों, किसानों व कार्यकर्ताओं को गहरी ठेस पहुंची है। कहा गया है कि महन्त राजू दास सहित जितने भी लोग किसी समुदाय या नेता के लिए अभद्र टिप्पणी करते हैं उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे समाज में स्वच्छ वातावरण उत्पन्न हो सके और किसी भी कार्यकर्ता, किसान व नौजवान को ठेस न पहुंचे। सपा नेताओं ने कथित महन्त राजूदास पर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। इस मौके पर सरवन कठेरिया पवन अवस्थी, निराज कटियार, इमरान अली, डा. जकी, अजय फौजी, नाजिम खान, लल्ला यादव, बालकिशन अवस्थी, यीशु यादव, अजय कश्यप, फैजान खां आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चंद्रयान की ऐतिहासिक लैंडिंग के साक्षी बने छात्र-छात्राएं



प्राथमिक विद्यालय गुरसहायगंज में सजीव प्रसारण को देखते बच्चे — समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**बच्चों ने लगाए हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे**

**चंद्रयान-3** की इस बड़ी कामयाबी का सजीव नजारा सरकारी व निजी स्कूलों के बच्चों ने अपनी आंखों में कैद कर लिया। इसके बाद बच्चों ने सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा जैसे कई भक्ति गीतों को गाकर वंदे मातरम व भारत माता की जय एवं हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे भी लगाए। बुधवार को चंद्रयान-3 ने 40 दिन का सफर पूरा करने के बाद चंद्रमा पर भारतीय झंडा फहरा दिया। भारत की बड़ी कामयाबी का अद्भुत नजारा नगर सहित क्षेत्र के तमाम स्कूलों में बच्चों को लाइव दिखाया गया। साथी बच्चों ने कहा कि चंदा मामा अब नहीं दूर के, चंदा मामा हो गए हैं अब टूर के। चंद्रयान 3 के चंद्रमा पर उतरने की प्रक्रिया का इसरो वेबसाइट, यूट्यूब चैनल व डीडी नेशनल पर सीधा प्रसारण किया गया और प्रदेश की योगी सरकार के आदेशनुसार शाम को 5.15 से 6.15 बजे तक विद्यालयों में विशेष सभा आयोजित कर छात्र-छात्राओं को सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान नीलम त्रिपाठी, नीलांजली गुप्ता, सपना, रवि त्रिपाठी, अजीत शुक्ला, आलोक झा आदि मौजूद रहे।

# शिवपुराण में है 12 संहिताएं और 24 हजार श्लोक: आदित्य मनोहर

**शंकर जी को संहार का देवता व औघड़दानी भी कहते है भक्त**

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज



कथा कहते आचार्य आदित्य मनोहर पाठक



कथा का श्रवण करते महिला पुरुष भक्तगण — समृद्धि न्यूज

**भगवान** नारायण जब जल में शयन कर रहे थे तभी उनकी नाभि से एक सुन्दर एवं विशाल कमल प्रकट हुआ। उस कमल में ब्रह्मा जी उत्पन्न हुए। माया के वश में होने के कारण ब्रह्मा जी अपनी उत्पत्ति के कारण को नहीं जान सके। चारों ओर उन्हें जल ही जल दिखायी पड़ा तब आकाशवाणी हुयी, तपस्या करो। बारह वर्षों तक तपस्या करने के पश्चात् भगवान विष्णु ने चतुर्भुज रूप में उन्हें दर्शन दिये और कहा मैंनें तुम्हें सत्व गुण से निर्माण किया है। लेकिन मायावश ब्रह्मा जी विष्णुजी के स्वरूप को न जानकर उनसे युद्ध करने लगे।

यह बात बुधवार को ग्राम गुगरापुर में चल रहे शिव महापुराण के तृतीय दिवस पर आचार्य आदित्य मनोहर पाठक ने कही। कहा कि तब दोनों के विवाद को शान्त करने के लिये एक अद्भुत ज्योर्तिलिंग का अर्विभाव हुआ। दोनों बड़े आश्चर्य के साथ इस ज्योर्तिलिंग को देखते रहे और इसका स्वरूप जानने के लिये ब्रह्मा हंस स्वरूप बनाकर ऊपर की ओर और विष्णु वाराह स्वरूप धारण कर नीचे की ओर गये। लेकिन दोनों ही ज्योर्तिलिंग के आदि-अन्त का पता नहीं कर सके। इस प्रकार 100 वर्ष बीत गये। इसके पश्चात् ज्योर्तिलिंग से उन्हें ओंकार शब्द का नाद सुनायी पड़ा और पँचमुखी एक मुर्ति दिखायी पड़ी। ये ही शिव थे। ब्रह्मा और विष्णु ने उन्हें प्रणाम किया, तब शिव ने कहा, ''कि तुम दोनों मेरे ही अंश से उत्पन्न हुये हो।'' और ब्रह्मा को सृष्टि की रचना एवं विष्णु को सृष्टि का पालन करने की जिम्मेदारी प्रदान की। शिव पुराण में 24000 श्लोक हैं। इसमें तारकासुर वध, मदन दाह, पार्वती की तपस्या, शिव-पावती विवाह, कार्तिकेय का जन्म, त्रिपुर का वध, केतकी के पुष्प शिव पुजा में निषेद्य, रावण की शिव-भक्ति के भी प्रसंग इसमें वर्णित है। इस अवसर पर यजमान डा. सुधीर दीक्षित, प्राची दीक्षित, सिद्धार्थ गुप्ता, अतुल गुप्ता, ललित मोहन सिंह, संजीव गुप्ता संजू, गगन मनीष, शैलेष दीक्षित सहित कई लोग मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल की बैठक में नवीन पदाधिकारियों को सौंपी गयीं जिम्मेदारी

- युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष बने राहुल वंशल, तहसील व्यापार मंडल के महामंत्री जितेंद्र अग्रवाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला उद्योग व्यापार मण्डल की बैठक जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी के प्रतिष्ठान रेलवे रोड स्थित पर उनकी अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें कई पदाधिकारियों को नवीन जिम्मेदारी दी गई।

तहसील व्यापार मण्डल अध्यक्ष राजकुमार गौतम को बनाया गया। तहसील महामंत्री जितेन्द्र अग्रवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई। युवा व्यापार मण्डल का राहुल वंशल को जिलाध्यक्ष बनाया गया। जिला उद्योग मंच व्यापार मण्डल का पंकज गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया। जितेन्द्र सिंह राठौर उर्फ जीतू को युवा जिला व्यापार मण्डल का प्रभारी बनाया गया। उपाध्यक्ष जिला व्यापार मण्डल सुभाष अग्रवाल को बनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी के अलावा मुकेश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, सर्वेश अग्रवाल, अरविन्द आदि लोग मौजूद रहे। नवीन पदाधिकारियों को सभी ने बधाई दी और कहा कि वह अपने पद की जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभायें।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता के सिंगल्स व डबल मुकाबले में नैन्शू, सिया, ज्योति ने जीते मेडल



खिलाड़ी छात्रा को मेडल पहनाते संजीव कटियार

**फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज।** स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में जनपद के सभी 8 ब्लॉकों से छात्राओं ने बैडमिंटन के सिंगल्स और डबल्स मुकाबले में प्रतिभाग किया। जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागी मंडलीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। बालक वर्ग के सिंगल्स के मुकाबले में नैन्शू मोहम्मदाबाद ने अरिहंत सिंह शमशाबाद को आसानी से शिकस्त देकर विजय प्राप्त की। बालकों के डबल्स के मुकाबले में मोहम्मदाबाद के कारण सिंह और नैन्शू ने बढ़पुर ब्लॉक के साहिल और आयुश ने मुकाबला जीतकर विजय प्राप्त की। इसी प्रकार बालिकाओं के सिंग्लस मुकाबले में बढ़पुर ब्लॉक की सिया ने मोहम्मदाबाद ब्लॉक की अनामिका को हराकर विजय प्राप्त की। बालिकाओं के डबल्स मुकाबले में बढ़पुर ब्लॉक की ज्योति और सिया ने मोहम्मदाबाद विकास ब्लॉक की पायल और अनामिका को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार ने सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व पदक देकर पुरस्कार किया। इस मौके पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षक कुलदीप यादव, अरुण यादव, मनीष कुमार, आलोक कुमार, संजीव यादव, विवेक यादव, आशीष कुमार, अथक पटेल आदि मौजूद रहे।

# यूटा के पदाधिकारियों ने पांच सूत्रीय समस्याओं को लेकर खंड शिक्षाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

- कई विद्यालयों में अप्रैल माह से लेकर अब तक उपलब्ध नहीं कराया गया है एमडीएम

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर यूटा के पदाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

नवाबगंज विकास खंड पर गुरवार को शिक्षक नेताओं ने खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा को शिक्षकों की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें कुछ विद्यालयों में एमडीएम खाद्यान्न अप्रैल माह से अब तक उपलब्ध नहीं कराया गया। जिसके चलते शिक्षक को कठिनाई हो रही है। तत्काल प्रभाव से एमडीएम उपलब्ध कराया जाए। कन्वर्जन कास्ट कम प्राप्त होने से दिक्कतें हो रही हैं। प्रतिपूर्ति हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए। 31 मार्च 2014 से शिक्षकों के वेतन में सामूहिक रूप से धन राशि 87 रुपए की वापसी कराई जाए। 2022-23 चयनित नवीन रसोइयों का मानदेय अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। मानदेय दिलवाने की कार्रवाई की जाए। चयन वेतन पत्रवलियां हेतु जनपद स्थल से प्रेषित कार्रवाई की जाए। शिक्षक नेता सत्यवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, संतोष यादव, राजवीर सिंह, अरुण पांडे, प्रदीप कुमार पाल आदि शिक्षकगण ज्ञापन देने के दौरान मौजूद रहे।


बीईओ को ज्ञापन सौंपते यूटा के पदाधिकारी

# अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा ने मनायी शहीद गुलाब सिंह लोधी की जयंती

- समाज के लोगों ने नशे का त्याग कर बच्चों को शिक्षित बनाने पर दिया जोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा ने बघारनाला स्थित विक्रांत सिंह लोधी राना के प्रतिष्ठान पर अमर शहीद की पुण्यतिथि मनाई। जिसमें लोधी महासभा के प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा ने कहा अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी उन्नाव के फतेहपुर ब्लॉक में गांव चंद्रिका खेड़ा में राम रतन लोधी के परिवार में इनका जन्म हुआ था। उन्होंने भारत मां को आजादी दिलाने के लिए झंडा सत्याग्रह आंदोलन के दौरान लखनऊ अमीनाबाद में झंडा फहराने के दौरान अंग्रेजों ने उन पर गोली चला दी और वह 23 अगस्त 1935 में आज के दिन शहीद हो गए, तभी से लखनऊ अमीनाबाद पार्क को झंडे वाला पार्क के नाम से जाना जाता है। लोधी महासभा के अध्यक्ष महेश चंद्र राजपूत ने कहा कि भारत मां की आजादी के लिए जिन महापुरुषों ने अपने प्राणों की आहुतियां दी हैं उन अमर बलदानियों की जयंतियों और पुण्य तिथियों को सभी समाजों को मिलजुल कर मनाना चाहिए। राना सरकार लोधी ने कहा कि हमें अपनी आजादी को बचाने के लिए खुद संघर्ष करना होगा और उन्होंने समाज को विकसित करने के लिए शराब नशा का त्याग कर बच्चों की शिक्षा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा, जिलाध्यक्ष महेश चंद्र राजपूत, अजय राजपूत फौजी, भाजपा नेता डा0 धर्मेन्द्र राजपूत, विक्रांत सिंह रान, राजेंद्र कुमार बाथम, अखिलेश कटियार, इं आर0बी0 सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष प्रवीन वर्मा, रामलड़ैते राजपूत, बेचेलाल वर्मा, राम सरकार राजपूत, अरविंद राजपूत आदि लोग रहे ।


प्रतिमा पर माल्यार्पण करते समाज के लोग

# बच्चों ने चंद्रयान-3 का देखा लाइव प्रसारण



चंद्रयान-3 का लाइव प्रसारण देखते बच्चे व मौजूद प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला व शिक्षकगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यज।** प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी चंद्रयान-3 का लाईव प्रसारण देखा। शासन के आदेश पर संसाधन विहीन परिषदीय शिक्षकों ने स्वयं व्यवस्था कर संजीव प्रसारण दिखाया।

इस अवसर पर बच्चों में काफी कौतूहल देखा गया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि सरकार के निर्णय से शिक्षकों में बेहद आक्रोश व्याप्त है। पिछले काफी समय से रविवार के साथ ही साथ अवकाश के दिनों में स्कूलों को खुलवाया था। चंद्रयान तीन का सजीव प्रसारण दिखाने के लिए तो शाम को स्कूलों का खुलवाना किसी भी प्रकार से न्यायोचित नहीं है। सरकार स्कूलों में संसाधन उपलब्ध नहीं कराती और जबरन स्कूल खुलवाकर मानवाधिकारों का उल्लंघन कर रही है जिसका प्रदेश स्तरीय विरोध किया जायेगा। उन्होंने अपने स्तर से व्यवस्था कर बच्चों को चंद्रयान-3 का संजीव प्रसारण दिखाया। जैसे ही चंद्रयान तीन ने चन्द्रमा पर कदम रखा, तो बच्चों और अभिभावकों ने तालियां बजाकर खुशी का इजहार करते हुए वैज्ञानिकों को बधाई दी।

चंद्रयान की सफल लैंडिंग होने पर मदारपुर विद्यालय में प्रधानाचार्य ने बच्चों को टॉफी, बिस्कुट वितरित कर खुशियां बांटीं। उन्होंने कहा कि यह भारत देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि आज का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया।

# महिला शूटिंग चैम्पियनशिप में आरती ने जीता सिल्वर मेडल


शूटिंग कोच दीपक व अनिल पाल के साथ निशानेबाज आरती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इंडिया शूटिंग टीम के कोच दीपक दुबे ने मैडलिस्ट आरती नंदनी को मेडल देकर सम्मानित किया। जनपद की बेटी और अभिमन्यु स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी की शूटर आरती चतुर्वेदी फिर अपनी प्रतिभा से जनपद एवं प्रदेश का सम्मान बढ़ाने में अग्रसर होती जा रही है। आरती ने डॉ0 करणी सिंह शूटिंग रेंज न्यू दिल्ली 16 से 24 अगस्त चल रही चैंपियनशिप 42 नार्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप में महिला चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल पाने के साथ-साथ नेशनल के लिए बढ़त बनाई। आपको बता दें आरती इससे पहले प्रदेश स्तरीय चैंपियनशिप में तीन इवेंट में मेडल जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनी थी। अभिमन्यु स्पोर्ट्स शूंटिंग अकेडमी के प्रबंधक एवं कोच अनिल कुमार पाल ने आरती को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए अपने सभी शूटिंग खिलाड़ियों एवं जनपदीय लोगों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया।

# युवा संवाद भारत कार्यक्रम में वक्ताओं ने रखे अपने-अपने विचार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में सेवा धर्म समिति के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए पंच प्रण पर आधारित युवा संवाद भारत/ 2047 कार्यक्रम का आयोजन म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष उपस्थित रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक युवा के अंदर एक शक्ति निहित होती है। आवश्यकता है प्रत्येक युवा अपने अंदर छिपी शक्ति को पहचाने और अच्छी शिक्षा के साथ-साथ समाज के कार्यों में भी अपना योगदान दे। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा दिए गए पंच प्रण की शपथ लेते हुए हमें कार्य करना चाहिए। पंच प्रण के सभी पांच विषयों पर आधारित तथ्यों पर जीवन शैली अपनानी चाहिए। साथ-साथ ही अपने पर्यावरण को भी बचाने के लिए प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में पंच प्रण के पांच विषयों पर मुख्य वक्ताओं ने अपना संबोधन दिया जिसमें विकसित भारत का लक्ष्य विषय पर सुदेश दुबे, गुलामी के हर अंश से मुक्ति विषय पर प्रशिक्षक विश्वनाथ ने अपनी विरासत पर गर्व विषय पर संस्कार भारती के अरविंद दीक्षित, एकता और एक जुटता विषय पर पर्यावरण विभाग से जुड़ी समाज सेविका श्वेता दुबे एवं नागरिकों में कर्तव्य की भावना विषय पर एमआईसी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरजा शंकर ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार राकेश कुमार पाल, विकास, सृष्टि दीक्षित, निशु कटियार आदि दर्जनों युवा साथी इस मौके पर उपस्थित रहे।



युवा संवाद भारत कार्यक्रम में मौजूद लोग

# परमार्थ संस्थान ने बाढ़ पीड़ितों को कराया भोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ आपदा के चलते भूख प्यास से तड़प रहे बाढ़ पीड़ित लोगों व बच्चों को परमार्थ संस्थान द्वारा निस्वार्थ सेवा भाव से भोजन कराया गया। काशीराम कालोनी हैवतपुर गढ़िया में परमार्थ संस्थान के अध्यक्ष केशवभान साध के सौजन्य से पूर्व सभासद रावेश मिश्रा व व्यापारी राजू भारद्वाज व राघवेंद्र मिश्रा के द्वारा भोजन वितरित किया गया। काशीराम कालोनी में लगभग 300 परिवारों को भोजन कराया गया। जिसमें बच्चों सहित एक हजार लोगों ने भोजन किया। मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जरुरतमंदों के लिए खाना था इसलिए भोजन कराने की व्यवस्था परमार्थ संस्थान ने संभाली और इस बाढ़ जैसी दैवीय आपदा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कोरोना काल में परमार्थ संस्थान ने लोगों की मदद की। सर्दियों में कंबल बांटे। उसी की तरह सेवाभाव चालू रखते हुए काशीराम कालोनी में दो भट्टियां लगाकर पूरे दिन जरुरतमंदों को भोजन कराया गया।


बाढ़ पीड़ित बच्चों को भोजन कराते परमार्थ संस्थान के लोग

केशवभान साध ने बताया कि आठ महीने से लगातार फूड वैन लोगों को भोजन करा रही है। वर्तमान में यह फूड वैन बाढ़ पीड़ित इलाके में जाकर जरुरतमंदों को निस्वार्थ, निःशुल्क भोजन करा रही है। लोगों से अपील की गयी है कि जहां भोजन नहीं पहुंच पा रहा है लोग अपने फोन से व फेसबुक से बतायें। वहां भी भोजन की व्यवस्था उपलब्ध करायी जायेगी। फूड वैन प्रतिदिन तीन सौ से ज्यादा लोगों को भोजन उपलब्ध करा रही है। केशवभान ने बतायाकि मैं दिल्ली में रहता हूँ, लेकिन दिल फर्रुखाबाद में लगा रहता है। परमार्थ संस्थान का उद्देश्य है कि लोगों की मदद करना। जो प्रतिदिन फूड वैन के माध्यम से की जा रही है। काशीराम कालोनी में जब तक बाढ़ है, तब तक परमार्थ संस्थान भोजन उपलब्ध कराता रहेगा।

# क0बा0इ0का0 में छात्राओं ने चंद्रयान-3 का देखा लाइव प्रसारण, लगाये नारे


चंद्रयान-3 का लैंडिंग कार्यक्रम देखती छात्रायें व मौजूद शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चंद्रयान-3 की सफलता पर पूरे देश में जश्न का माहौल है। भारत की इस कामयाबी पर सभी देशों ने इसरो को बधाई दी है। जनपद के विभिन्न विद्यालयों में टीवी पर लाइव प्रसारण देर शाम देखा गया। शहर के विभिन्न विद्यालयों में लाइव प्रसारण देखने के दौरान भारत माता की जय के नारों के साथ छात्र-छात्राओं ने आवाज बुलंद करते हुए कार्यक्रम देखने के दौरान हौसलाआफजाई की। जैसे ही चंद्रयान-3 ने चंद्रमा पर लैंड किया, तालियां से विद्यालय परिसर गुंजायमान हुआ। मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज में प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी व शिक्षिकाओं ने छात्राओं के साथ लाइव प्रसारण देखा। इस मौके पर पूनम शुक्ला, पारुल जैन, दर्शना शुक्ला आदि शिक्षिकायें मौजूद रहीं।

# बाढ़ ने मचाई तबाही, तो वहीं दूसरी ओर आफत बनकर आयी वारिश

- प्रधान की लापरवाही से नहीं मिल पा रही ग्रामीणों को नाव
- फसलें पूरी तरह से हुई नष्ट, ग्रामीणों को खाने पीने की चिंता

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कहते हैं जब व्यक्ति दोहरी मार को झेलता है तो वह पूरी तरह से टूट जाता है। फिर उसको संभलना भी मुश्किल हो जाता है। यही हाल है इस समय अमृतपुर तहसील क्षेत्र के वाशिदों का। एक तरफ गंगा की बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। जिससे लोगों को अपना घर भी छोड़ना पड़ा है। लोग सड़कों व छतों पर पन्नी तानकर रहने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी ओर बारिश ने उनकी जान की आफत कर दी। पेट भरने के लिए रखे अनाज आदि भींगकर खराब होने की कगार पर पहुंच गए। क्षेत्र के कई गांव ऐसे हैं जहां के प्रधानों की लापरवाही की वजह से अभी तक ना ही राशन सामग्री पहुंची और ना ही उनके निकलने के लिए नाव मिल पाई। ग्राम सभा दौलतपुर चकई के प्रधान को संबंधित लेखपाल के द्वारा कई बार फोन किया गया और कहा आप नाव ले जाएं आकर, परंतु प्रधान ने उस पर कोई भी ध्यान नहीं दिया। जिससे वहां के ग्रामीणों को मुख्य मार्ग तक 2 किलोमीटर तक कमर से ऊपर भरे पानी में चलकर आना पड़ रहा है। तहसील क्षेत्र के लगभग दो दर्जन गांव का संपर्क मुख्यालय से टूट चुका है जिससे वहां के ग्रामीण काफी चिंतित है। कोई भी जनप्रतिनिधि उनकी खबर लेने नहीं जा रहा है।


ग्राम कुसमापुर में बच्चे की दवा लेने नॉव से जाती महिला


ग्राम दौलतपुर चकई में बाढ़ के पानी से गुजरते ग्रामीण

उपजिलाधिकारी अमृतपुर रविंद्र सिंह ने बताया इससे पहले जब पानी लोगों के घरों में घुसा था तब तहसील प्रशासन की तरफ से 4833 राहत सामग्री पैकेट 27 गांव के ग्रामीणों को वितरित किए गए थे। इस बार भी हम लोगों के द्वारा 29 गांव की 5575 राहत सामग्री पैकेट की डिमांड शासन को भेज दी गई थी। जो कि राशन सामग्री तहसील मुख्यालय पर आने लगी है और जिसको हम लोगों के द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों तक पहुंचाई जा रही है। इसके अलावा हमारे सभी बाढ़ चौकियां एवं शरणालय पूरी तरह से तैयार हैं हम लोग लोगों से अपील करते हैं कि जिन लोगों के घरों में पानी अधिक भरा है वह अपने घर से निकलकर शरणालय में पहुंच जाएं। उनको किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी एवं बाढ़ से जिन किसानों का जो भी नुकसान हुआ है उसका बाढ़ खत्म होते ही राजस्व कर्मियों द्वारा आंकलन कराया जाएगा और उन सभी को सरकारी राहत सहायता प्रदान की जाएगी। फिलहाल ग्रामीणों की रातों की नींद और दिन का चैन छिन गया है।

## चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को चंद्रमा पर चंद्रयान-3 के सफल ऑपरेशन पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चौक पर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिंदुस्तान जिंदाबादए वंदे मातरम, माता की जय के जयकारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी छुड़ाई। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया भारत ने चंद्रायन 3 ने चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग करके पूरे विश्व में भारत का डंका बजा है। इस गौरवशाली छड़ का पूरा विश्व गवाह बना। भारत पहला ऐसा देश बना है जिसने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव की सतह पर सफलतम चंद्रयान-3 को उतारने में सफलता पाई है। इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता, जीएस राठौर,सुनील रावत, विकास पांडे,मयंक सिंह बुंदेला, बबीता पाठक, श्वेता दुबे, मीरा सिंह, पीयूष त्रिपाठी, राकेश बाथम, अभिषेक बाजपेई, रचना अवस्थी, अंकित गुप्ता ,रवि बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# एस.एस.पब्लिक स्कूल में मनायी गयी गोस्वामी तुलसीदास की जयंती



तुलसी जयंती मनाते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एस.एस.पब्लिक स्कूल नारायनपुर में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। नन्हें-मुन्ने बच्चों को प्रधानाचार्य ने गोस्वामी तुलसीदास की चौपाइयां पढ़कर सुनाईं। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष सुरेशचंद्र अवस्थी ने किया। प्रधानाचार्य देवेश नरायन अवस्थी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने कई मानस लिखे हैं और उनको पढ़कर जीवन तरोताजा हो जाता है। प्रबंधिका अनुपमा अवस्थी ने अध्यापिकाओं को विस्तार से तुलसीदास के बारे में बताया। इस मौके पर तुलसीदास के दोहों व चौपाइयों को पढ़ा गया। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिकायें व कर्मचारी व बच्चे मौजूद रहे।











# भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ने चौकी इंचार्ज को जूते से मारने की दी धमकी, वीडियो वायरल

- खनन करने का मामला, कहा सरकार हमारी है
- सीओ ने मुकदमा दर्ज कराने की कही बात

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खनन करने जा रहे भाजपा नेता से कागज मांगने पर चौकी इंचार्ज को जूतों से मारने आदि अभद्रता करने का वीडियो सोशल मीडिया पर देखने वालों में से किसी ने बनाकर वायरल कर दिया। चर्चा में आने पर भाजपा नेता की बोलती बंद हो गई।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें खनन माफिया सचिन ठाकुर अपने कई साथियों के साथ कार से पंहुचा और आईटीआई चौकी इंचार्ज सुरजीत सिंह



चौकी इंचार्ज को धमका रहा भाजपा नेता

को उसने व उसके गुर्गो नें घेरकर जमकर गाली-गलौज करते हुए कहा कि पहले वाली सरकार नहीं है यह भाजपा सरकार है सब भूल जाओंगे, तुम्हारा भूत भगा देंगे। जूतों से मारेंगे और बिल्ले गुसेड़ देंगे जैसी कई धमकियां दीं। इस दौरान मौके पर काफी लोग इकट्ठे हो गये। जिसमें से किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो में पीछे डम्फर भी खड़े नजर आ रहे है। वीडियो में भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष व उनके समर्थक आदि लोग दिखायी दे रहे है। आईटीआई चौकी इंचार्ज सुरजीत सिंह ने बताया कि खनन माफिया सचिन ठाकुर अपने साथियों के साथ आये और मुझसे अभद्रता करने लगे। जबकि मैने उनसे खनन से संबंधित कागजात दिखाने को कहा। इसी बात पर वह आग बबूला हो गया और कागज नहीं दिखाये। इस संदर्भ में समृद्धि न्यूज को क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि कानून हाथ में लेने की किसी को छूट नहीं है। चाहें वह फिर कोई हो, चौकी इंचार्ज के साथ अभद्रता करने का वीडियो वायरल हुआ है वह उनके संज्ञान में है, दोषी लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करायी जायेगी।

# जमीन के लालच में पुत्र ने पत्नी के साथ मिलकर पिता की गला दबाकर की थी हत्या

- पुलिस ने दंपति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जमीन के लालच में पुत्र ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर पिता की मुहं दबाकर हत्या कर दी थी। घटना का खुलासा पुलिस द्वारा पकड़े जाने पर दंपत्ति ने किया। थाना जहानगंज प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह सोलंकी ने हत्या में वांछित चल रहे दंपत्ति शेर सिंह पुत्र स्व0 कामता प्रसाद व उसकी पत्नी ऊषा देवी निवासी ग्राम जैतपुर थाना जहानगंज को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उसके पिता ने सारी जमीन मेरी पत्नी को इसलिये दान कर दी थी कि मेरे छोटे भाई के कोई संतान नहीं है, जमीन के लिये मेरा भाई काफी दिनों से भाग दौड़ कर रहा था। 14



पुलिस हिरासत में हत्यारोपी दंपति

अगस्त को मेरा छोटा भाई प्रदीप कुमार गांव वालों को लेकर जिलाधिकारी के यहां शिकायत करने गया था। वापस आने पर गांव वालों ने बताया कि तुम्हारे पिता को डीएम ने बुलवाया है, जिससे कि सही बात क्या है और इसकी जांच करायी जा सके। मुझे यह सुनकर डर यह सताने लगा कि मेरे पिता डीएम के सामने पहुंच गये तो वह सबकुछ बता देंगे और फिर मुझ पर मुकदमा दर्ज होने में देर नहीं लगेगी यह डर मुझे सताने लगा। पिता का काफी समय से मैं इलाज करा रहा था। अधिक उम्र व बीमारी के चलते कभी भी कुछ भी बकने लगते थे। इसी संबंध में मैं अपनी पत्नी से बात कर रहा था, तभी मेरी पत्नी बोली कि इस समय कोई नहीं है मुहं दबाकर मार देते है हमेशा के लिए झगड़ा ही खत्म हो जायेगा। पत्नी के कहने पर मैंने नाक और मुहं दबाया और पत्नी ने हाथ पकड़े। कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। यह घटना लगभग 3 से 4 बजे के मध्य की है। आस पड़ोसियों को चीखपुकार कर बताया कि मेरे पिता की मौत हो गई। सुबह मेरे भाई व उसकी पत्नी ने हंगामा शुरु कर दिया और 112 नम्बर पुलिस को सूचना दे दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि हत्या के मामले में वांछित चल रहे दंपत्ति को बघार नाला के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# पाक्सो एक्ट के मामले में आरोपी को सात वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नबालिग किशोरी को कमरे में बंद कर हाथपैर बांधकर दुष्कर्म करने के मामले में अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने अभियुक्त सूरज पुत्र श्रीपाल निवासी कांशीराम कालोनी को दोषी करार देते हुए सात वर्ष का कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया। विगत 5 वर्ष पूर्व थाना मऊदरवाजा क्षेत्र की पीड़िता की मां ने पुलिस को दी गयी तहरीर में दर्शाया था कि मेरी 14 वर्षीय पुत्री को पड़ोस का सूरज पुत्र श्रीपाल रात 10 बजे के अंधेरे में मेरी पुत्री को जबरदस्ती उस समय उठा ले गया। जब वह सो रही थी। उसने मुंह में कपड़ा लगाकर और बंधक बनाकर उसके जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पुत्री ने घर आकर घटना की जानकारी दी। इस दौरान आरोपी ने जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर साक्ष्य के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार, अनुज कटियार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश ने अभियुक्त सूरज को पाक्सो के मामले में दोषी करार देते हुए सात वर्ष का कारवास व 20 हजार रुपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## जहरीले सर्प के काटने से युवक की मौत

**अमृतपुर/राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के गांव नगला हूसा निवासी 46 वर्षीय मुन्नू पुत्र रामसहाय को गुरुवार को एक जहरीले सर्प ने डस लिया। जिससे वह अचेत हो गया। परिजन आनन-फानन में अचेतावस्था में उसे एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर ले गये। जहां चिकित्सक ने मुन्नू को मृत घोषित कर दिया। मौत का समाचार सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी मुन्नी देवी, पुत्र अखिलेश, बीकेश, पुत्री पिंकी का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही तहसीलदार अमृतपुर कर्मवीर सिंह अस्पताल पहुंच गये और पीड़ित परिजनों को सांत्वना दी। तहसीलदार अमृतपुर कर्मवीर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों को आर्थिक सहायता दी जायेगी। वहीं अमृतपुर थाने के दरोगा प्रेम शंकर ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# कार्यालय में कर्मचारियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष का केक काटकर मनाया जन्मदिन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत कार्यालय में कर्मचारियों ने केक काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया। नव गठित नवाबगंज नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत का जन्मदिन उनके कर्मचारियों ने कार्यालय में केक काटकर मनाया, मुहं मीठा कराकर उनकी लम्बी आयु की कामना की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने बताया कि वह अब बिना भेदभाव के विकास कार्यों को करवाया जाएगा। अब किसी के भी साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा और सभी को साथ लेकर काम करेंगे। अपने समर्थक व कार्यकर्ताओं को भी सलाह दी कि वह सभी को साथ लेकर चले। जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर जन्मदिन की बधाइयां व प्रतीक चिन्ह भेंट



केक काटते नगर पंचायत अध्यक्ष व मौजूद कर्मचारीगण

किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, भाजपा नेता योगेंद्र सिंह राठौर, स्वदेश, अवनीश, कौशल, अवनीश, देवेंद्र सिंह राजपूत के अलावा कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक विकास गंगवार व अमित गुप्ता, अमित कुमार, हितांशु गंगवार, अंबुज भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## सास ने बहू को पीटा

**नवाबगंज (सं.)।** घर में कम कर रही महिला को सास ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव ककियोली निवासी रूबी बेगम पत्नी अजहरुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह अपने घर पर काम कर रही थी, तभी सास बिटाना बेगम ने अकारण गाली-गलौज किया। विरोध करने पर डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि सास ने बुधवार को खाना भी नहीं दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## ससुरालियों ने महिला को पीटा

**नवाबगंज (सं.)।** पुत्र के साथ घर में अकेली रह रही महिला को ससुरालियों ने गाली-गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। थाना क्षेत्र के गांव सिरौली निवासी रीना देवी पत्नी वेदराम कठेरिया ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह अपने पुत्र के साथ घर में अकेली रहती है। पुत्र मेहनत मजदूरी कर अपना व मेरा भरण पोषण करता है। देवर रामानन्द व सास रामादेवी आये दिन गाली-गलौज करती है। बुधवार को भी आरोपियों ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## सर्प दंश से पंचायत सहायक की मौत

**शमसाबाद (सं.)।** सोते समय चारपाई पर सांप ने पंचायत सहायक को काट लिया। परिजन उसे अस्पताल लेकर आये। चिकित्सक ने मना कर दिया। उसके बाद परिजन झाड़ फूंक कराने के लिए ले गये। जहां फायदा न मिलने पर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कटरी तौफीक निवासी आत्माराम का 22 वर्षीय पुत्र ईश्वर दयाल जो ग्राम सभा में पंचायत सहायक पद पर तैनात था। बाढ़ क्षेत्र के गांव में पानी भरने पर सांप चारपाई पर चढ़ गया और युवक को सिर में काट लिया। जानकारी होने पर उसे अचेतावस्था में लेकर चिकित्सक के पास पहुंचे। जहां उसे मना कर दिया गया। जिसके बाद परिजन झाड़-फूंक कराने हरदोई चले गये। वहां भी कोई फायदा न मिलने पर वापस लोहिया अस्पताल लेकर आये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक दो भाईयों में बड़ा था। मौत की जानकारी होने पर मां गुड्डी देवी, भाई कुलदीप आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट के मामलें में दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद (सं.)।** नाबालिग किशोरी को कालेज जाते समय छेड़छाड़ करने के मामले में अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने अभियुक्त अमित श्रीवास्तव पुत्र संतराम को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 26 अगस्त की तिथि नियत की गई है। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र की निवासी छात्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में दर्शाया था कि मोहम्मदाबाद में स्थित एक महिला कॉलेज में बीए की छात्रा है। कालेज जाने के दौरान अमित श्रीवास्तव पुत्र सन्तराम निवासी खिमसेपुर छेड़खानी करता है। अमित अपनी ननिहाल खिमसेपुर में रहता है। विरोध करने पर धमकाता है। घटना की जानकारी पिता को दी। पिता ने अमित के मामा से शिकायत की। करीब 8 दिन बाद उसने मेरे भाई के फोन पर धमकी दी कि तुम मेरे खिलाफ रिपोर्ट करने जा रहे हो। वह अलग-अलग नंबर से मेरे घर वालों को धमका रहा है। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने आरोपी अमित को दोषी करार दिया है।

# बच्चों में शिक्षा की अलख जगाना मेरा उद्देश्य: जया सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का सपना था, कि देश का हर व्यक्ति शिक्षित हो। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोगों को प्रेरित किया और अपने जन्मदिन को शिक्षकों के लिए समर्पित करते हुए शिक्षक दिवस रखा, तब से अब तक हर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। समृद्धि न्यूज के विशेष विशलेषण समाचार के अंक में शिक्षा की प्रहरी बनीं

## शिक्षा के प्रहरी

कानोडिया बालिका इंटर कालेज की सहायक अध्यापिका जया सिंह ने बताया कि बचपन से ही पढ़ने व लिखने का शौक रहा। मेरा प्रिय खेल

नाम- जया सिंह
पद-सहायक अध्यापिका
मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज, फर्रुखाबाद
योग्यता- एमएससी, बीएड.,
हावी- पढ़ना व लिखना
तैनाती- मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज
जन्मतिथि-02.01.1999
सम्मान-विद्यालय स्तर पर सम्मान व शिक्षण कार्य के दौरान सम्मान
खेल-बैडमिंटन व फुटबाल
पद- नगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अटेवा
मांग-पुरानी पेंशन बहाली
उद्देश्य- गरीब व असहाय बच्चों की मदद करना



**जया सिंह**
**सहायक अध्यापिका**
**मदन मोहन कानोडिया बा0इ0 कालेज फर्रु0**




विज्ञान भारती के द्वारा वैज्ञानिक की जयंती मनातीं जया सिंह व मौजूद शिक्षिकायें

बैडमिंटन व फुटपाल है। पढ़ाई के दौरान कई प्रतियोगिताओं में भाग

## हॉवी- पढ़ना व घूमना

लिया। सरकार द्वारा विभिन्न शैक्षिक योजनाओं को विद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन कराना मेरा उद्देश्य है। असहाय व गरीब छात्राओं की मदद करना व उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित करती हूॅ। पेंशन बचाओ मंच मे महिला प्रकोष्ठ की नगर अध्यक्ष का दायित्व है। मेरे प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद हैं। विद्यालय में छात्राओं को जीव विज्ञान पढ़ाकर व जीन जन्तुओं के बार में जानकारी देकर छात्राओं को परांगत बनाकर परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए तैयार कराती हूॅ। विद्यालय में प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी व अन्य शिक्षिकाओं का सहयोग मिलता रहता है। मेरी पूर्ण पढ़ाई कानपुर में हुई। पढ़ाई के दौरान लखनऊ जाकर साइंस टूर किया था। जू आदि भी देखा था। मेरी सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग है। क्योंकि पुरानी पेंशन ही बुढ़ापे का सहारा है। संविधान में हर अधिकार का सम्मान है। सम्मानजनक राशि पेंशन के रुप में मिलती है, तो जीवन में हर जरुरतें पूरी होती हैं। जब नेता चार पांच पेंशन लेता है, तो हमें भी सेवानिवृत्त होने पर पेंशन मिलनी चाहिए। विद्यालय स्तर पर प्रदर्शनी का आयोजन होता है। जिसमें छात्राओं को प्रेरित कर प्रोजेक्ट लगाने के लिए मार्गदर्शन देती हूॅ। शिक्षा का उद्देश्य बच्चों के चरित्र का निर्माण करना और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना। बच्चों-बच्चों को समय-समय पर प्रोत्साहित कर नई खोजों के लिए तैयार करती हूॅ। असहा व गरीब बच्चों निजी मदद भी करती हूॅ। शिक्षा की अलख जगाना मेरा उद्देश्य है। जीवन मे जो भी अच्छा लगे वह कार्य करना चाहिए। मनुष्य जितना ज्यादा सीखता है वह कम है। समय-समय पर गोष्ठियां व विचार एवं कार्यक्रमों से सीख मिलती है। विद्यालय स्तर पर विभिन्न गोष्ठियों में प्रतिभाग किया। संचारी रोग, जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण आदि रैलियां निकलवायीं। जिसमें भाग लिया। मेरा उद्देश्य है कि हर बच्चा शिक्षित होकर देश का नाम रोशन करे।

**शिक्षक दिवस के पूर्व समृद्धि न्यूज समाचार पत्र में शिक्षकों का नि:शुल्क शिक्षा के प्रहरी साक्षात्कार विशेषांक प्रकाशित किया जा रहा है। संबंधित शिक्षक संवाददाता लक्ष्मीकांत भारद्वाज व कार्यालय क्रिश्चियन इंटर कॉलेज के सामने से संपर्क करें। मो0 नं0-9839390810**

# रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला अज्ञात किशोर का शव

- नहीं हो सकी शिनाख्त, पुलिस ने शव को भेजा मोर्चरी



मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव तेरा गढ़िया व वीरपुरनादी के मध्य पोल संख्या 1305/2-3 के पास एक 16 वर्षीय अज्ञात शव पड़ा मिला। जिसकी सूचना कीमैन रजनीश कुमार ने अपने विभाग टीआर मीना एसएस ई/पे को दी। कोतवाली में फौती सूचना प्वाइन्टस उमाशंकर मिश्रा रेलवे ने दी। मौके पर कोतवाली से एसएसआई मोहम्मद अकरम, हल्का इंचार्च मोहित मिश्रा पुलिस बल के साथ पहुंच गये और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक हल्के पीले रंग की गोल गले की टी-शर्ट पहने था। जिसकी दाही कनपटी से खून बहा रहा था, साथ ही रगड़ के निशान भी थे। वीरपुर नादी के ग्रामीणों से बताया कि सुबह यह बालक गांव की तरफ देखा गया था। एसआई मोहित मिश्रा ने शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी के लिए भिजवा दिया है।

## चोरी की घटना में वांछित युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चोरी के मामले में वांछित चल रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही से चोरी की गई नगदी व एक घड़ी बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अवराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कादरीगेट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना में वांछित चल रहे चन्द्रपाल पुत्र स्व0 सूरज पाल निवासी सलावत खां कोतवाली फर्रुखाबाद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर 2500 रुपये की नगदी व एक घड़ी बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# आशा कार्यकर्ताओं का काम काबिले तारीफ है: जिलाधिकारी

- नवभारत सभा भवन में आयोजित हुआ आशा सम्मेलन, आशाओं को किया गया सम्मानित




कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आशा दिवस के उपलक्ष्य में शहर के नवभारत सभा भवन में बुधवार को आशा सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष और डीएम संजय सिंह ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का संचालन एआरओ हरिमोहन कटियार ने किया। जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी सात ब्लॉक खंडों और शहरी क्षेत्र की 24 आशा कार्यकर्ता, तीन आशा संगिनी और तीन बीसीपीएम को स्वास्थ्य क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23 में किए बेहतर कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिलाधिकारी संजय सिंह ने कहा कि आशा कार्यकर्ता ही अपने क्षेत्र में बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक को स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाती हैं। जो काबिले तारीफ है। सीएमओ डॉ अवनीन्द्र कुमार ने कहा कि आशा कार्यकर्ता हमारे विभाग की धुरी हैं। अगर यह रुक गई तो सब रुक जायेगा। हमें आशा है कि कोई भी परिस्थिति हो हमको रुकना नहीं है। हैं। एसीएमओ ने कहा कि आशा कार्यकर्ता को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार क्रमशः पांच हजार, दो हजार व एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस दौरान एसीएमओ डॉ यूसी वर्मा, डॉ0 मलिक आलमगीर, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आर0सी0 माथुर, डॉ दीपक कटारिया, डीपीएम कंचन बाला, डीसीपीएम रणविजय प्रताप सिंह, सूरज दुबे आदि मौजूद रहे।

# बरसात के पानी से दीवार लेंटर गिरा, मवेशी घायल



बरसात में गिरे मकान का मलबा

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** रिमझिम बारिश से मकान के पीछे पानी भर जाने से अचानक भरभराकर गिर गया। परिजन बाहर होने के कारण बाल-बाल बच गये। जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव विल्हा निवासी सुदेश सिंह की दीवार लिंटर सहित बुधवार की बीती रात अचानक गिर गयी। परिजन बाहर सो रहे थे, जिससे वह बाल-बाल बच गये। सुदेश सिंह ने बताया कि काफी दिनों से दीवार के पीछे बरसात का पानी भरा हुआ था। दीवार गिरने से उसमें बंधी भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई व उसमे रखा भूसा भी खराब हो गया।

तेज आवाज के साथ मकान गिरने से अफरा तफरी मच गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से भैंस को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गई। राजस्व विभाग को सूचना दे दी गई, लेकिन किसी ने भी मौके पर आकर मुआयना करना मुनासिब नहीं समझा।